RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 59
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 04 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



'हार्दिक को कप्तानी सौंपते समय स्पष्ट संवाद होना चाहिए था'
पेज - 12

**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 73,876 | ▼ | 27.09 |
| निफ्टी | 22,434 | ▼ | 18.65 |
| सोना | 69,160 | ▲ | 232 /10 gm |
| चांदी | 77,980 | ▲ | 994 /kg |

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 37.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### तेलंगाना की फैक्ट्री में रिएक्टर फटा, पांच की मौत

**संगारेड्डी।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक केमिकल फैक्ट्री में रिएक्टर फटने से पांच लोगों की मौत हो गई। 10 अन्य घायल हो गए। घटना बुधवार की शाम 5 बजे की है। अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि कई अन्य लोग अभी भी फंसे हुए हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों और मीडिया के मुताबिक, विस्फोट के समय इमारत में 50 लोग थे। जिस फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ है, उसका नाम एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड है। जो सांगरेड्डी जिले के चंदुर गांव में हैं। धमाके के बाद फैक्ट्री से काला धुआं उठने लगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस बुलाई गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से कुछ ही हालत गंभीर है।

### बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी को कैंसर

**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी कैंसर की बीमारी से लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार को उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- पिछले 6 महीने से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। पीएम को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित। सुशील मोदी पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह जानकर मुझे बहुत पीड़ा हुई है। मैं उनके स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रविशंकर प्रसाद ने कहा की चुनाव प्रचार में उनकी कमी खलेगी। वहीं, सुशील मोदी को कैंसर की खबर सुन राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने हैरानी जताई है। उन्होंने मोदी के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की है।

# ताइवान में 25 साल का सबसे तेज भूकंप, तीव्रता 7.5

## नौ की मौत, 930 घायल, भारत ने एडवाइजरी जारी की

### फिलीपींस-जापान तक झटके

**एजेंसी।** ताइपे/टोक्यो

ताइवान में बुधवार को 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके जापान और फिलीपींस तक महसूस किए गए। ताइवान के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, नौ लोगों की मौत हुई है। 930 से ज्यादा लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़े बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, भारत ने ताइवान में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इंडिया ताइपे एसोसिएशन ने इमरजेंसी नंबर और ई-मेल आईडी



जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक भूकंप ईस्ट ताइवान के हुलिएन शहर में आया। इसका केंद्र धरती से 34 किलोमीटर नीचे था। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। कई इमारतें जमींदोज हो गईं, लैंड स्लाइड भी हुई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

ताइवान में नियमित रूप से भूकंप के झटके आते हैं और उसके पास दुनिया की सबसे उन्नत भूकंप रोधी तैयारी है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अपेक्षाकृत हल्के भूकंप की उम्मीद थी और तदनुसार उन्होंने चेतावनी नहीं भेजी। उन्होंने बताया कि अंततः भूकंप का झटका इतना जोरदार था कि ऐसे झटकों के आदी लोग भी भयभीत हो गए। ताइपे स्थित एक अपार्टमेंट की पांचवी मंजिल पर रहने वाले ह्सिएन ह्सुएन केंग ने कहा, मैं ऐसे झटकों के साथ बड़ा हुआ हूं लेकिन आज पहली बार मैं इस भूकंप के झटके से डर कर रोने लगा। उन्होंने कहा, भूकंप के झटके के साथ मैं उठा। मैंने कभी इतने जोरदार झटके महसूस नहीं किए थे।

ताइवान की राष्ट्रीय दमकल एजेंसी ने कहा कि सुबह करीब आठ बजे आए भूकंप में नौ लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अखबार यूनाइटेड डेली न्यूज ने खबर दी है कि तारोको राष्ट्रीय उद्यान में चट्टान से पत्थर गिरने से तीन पैदल यात्रियों की मौत हो गई और इसी इलाके में एक बड़ा सा पत्थर एक वैन पर गिरने से उसके चालक की भी मौत हो गई। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ताइवान में 100 से ज्यादा आफ्टरशॉक आए हैं। वहीं, ताइवानी सेंट्रल वेदर ब्यूरो के मुताबिक, यह ताइवान में 25 साल में आने वाला सबसे तेज तीव्रता वाला भूकंप है। इसके पहले 1999 में 7.6 तीव्रता का भूंकप आया था। तब दो हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

भूकंप के बाद ताइवान, जापान और फिलीपींस ने सुनामी का अलर्ट जारी किया था। जापान के मौसम विभाग ने समुद्र में तीन मीटर यानी करीब 10 फीट तक की लहरें उठने का अनुमान जताया था। हालांकि, जापान और फिलीपींस ने अब सुनामी अलर्ट हटा दिया है। जापान और चीन, ताइवान को मदद देने के लिए तैयार हैं। चीनी मीडिया के मुताबिक, चीन में ताइवान मामलों पर नजर रखने वाले ऑफिस ने कहा कि वो भूकंप से हुए नुकसान से चिंतित है और ताइवान में मदद भेजने को तैयार है। चीन, ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। वहीं, ताइवान अपने आपको स्वतंत्र कहता है।

### कश्मीर की तीनों सीटों पर चुनाव लड़ेगी पीडीपी

**कश्मीर।** इंडिया में शामिल महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने कश्मीर की तीन लोकसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशी उतारने का फैसला किया है। यानी की इंडिया में शामिल मुफ्ती की पीडीपी और उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेगी। बुधवार को महबूबा मुफ्ती ने कहा, एनसी ने कश्मीर की तीनों सीटों पर चुनाव लड़ने का एकतरफा फैसला किया है। हम भी इन सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। जम्मू की दो सीटों पर चुनाव लड़ने पर जल्द ही फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि एनसी ने अनंतनाग-राजौरी से मियां अल्ताफ को अपना उम्मीदवार बनाया है। उमर अब्दुल्ला ने हमारे लिए कोई विकल्प नहीं छोड़ा। इसलिए हमने ये फैसला किया।

# भाजपा ने कांग्रेस पर एसडीपीआई का समर्थन लेने का आरोप लगाया

## एसडीपीआई जैसे संगठन का समर्थन लेने की क्या जरूरत : भाजपा प्रवक्ता

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रतिबंधित** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) द्वारा केरल में कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को समर्थन देने की पेशकश के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस आतंकवादियों के समर्थन से लोकसभा चुनाव लड़ रही है। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस के वीडी सतीशन ने सोमवार को मीडियाकर्मियों को बताया था कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए यूडीएफ का एसडीपीआई के साथ कोई समझौता नहीं हुआ है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने आरोप लगाया कि मोहब्बत की दुकान खोलने की बात



करने वाले राहुल गांधी बार-बार आतंकवाद और अलगाववाद को मोहब्बत के पैगाम भेज रहे हैं।

शुक्ला ने आरोप लगाया, राहुल गांधी रामलीला मैदान से देश को आग लगाने की धमकी देते हैं और फिर वह एसडीपीआई और आतंकी गतिविधियों में लिप्त लोगों का चुनावी समर्थन हासिल करते हैं। कांग्रेस पर आतंकवादियों के समर्थन से चुनाव लड़ने का आरोप लगाते हुए भाजपा प्रवक्ता ने पूछा, उन्हें एसडीपीआई जैसे संगठन का समर्थन लेने की क्या जरूरत है, जो आतंकवादियों का समर्थन करता है। भाजपा की केरल इकाई ने मंगलवार को राहुल गांधी से एसडीपीआई द्वारा यूडीएफ को समर्थन की पेशकश किए जाने पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की थी जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि अगर उसने एसडीपीआई का समर्थन लिया है तो कांग्रेस के राज में लोग कैसे सुरक्षित रह सकते हैं।

शाह ने कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण संसदीय सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान कहा, एक तरफ बेंगलुरु में धमाके हो रहे हैं और दूसरी तरफ मुझे जानकारी मिली है कि एसडीपीआई ने कांग्रेस का समर्थन किया है। अगर यह सच है तो क्या कांग्रेस के शासन में कर्नाटक के लोग सुरक्षित रह सकते हैं? पीएफआई को आतंकवादी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त होने के कारण केंद्र द्वारा सितंबर 2022 में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया था। पीएफआई का गठन 2006 में केरल में हुआ था। इसका मुख्यालय दिल्ली में था।

# 100 करोड़ के सहकारिता घोटाले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, अनु कौशिश जेल में

### इस मामले में विभाग के अभी तक 20 लोग गिरफ्तार हो चुके

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**प्रदेश** के 100 करोड़ के सहकारिता घोटाले का मास्टरमाइंड नरेश गोयल हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार कर लिया है। मुखबिर की सूचना पर गोयल को एसीबी की टीम ने पंचकूला से गिरफ्तार किया है। पिछले दिनों सहकारिता विभाग के उजागर हुए करोड़ों के घोटाले में आरोपी की संलिप्तता के चलते एसीबी की टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। यह मामला एंटी करप्शन ब्यूरो के पास जांच के लिए आया था, जिसकी पड़ताल करने पर इस मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। नरेश कुमार गोयल पर अपने सह आरोपियों के साथ मिलकर सरकार की करोड़ों रुपये की राशि गबन करने का आरोप है। गोयल की सहयोगी मास्टरमाइंड अनु कौशिश पहले ही जेल में है।

साथ ही अपने बैंक अकाउंट का पैसा हवाला के जरिए दुबई और कनाडा तक पहुंचाया। ये दोनों भी विदेश भागने की फिराक में थे, लेकिन एसीबी को इसकी भनक लग गई और दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। हरियाणा में अब सहकारिता विभाग महिपाल ढांडा के पास है। एसीबी चीफ भी अब आईपीएस अमिताभ ढिल्लो बनाए गए हैं। सबसे अहम बात यह है कि 17-ए की मंजूरी मिलने के बाद नरेश गोयल 2 बार अग्रिम जमानत के लिए प्रयास कर चुका है। सबसे पहले उसके द्वारा सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की, यहां से उसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद वह पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा है, लेकिन वहां से भी उसकी जमानत अर्जी को खारिज कर दिया गया है। अब वह अंडरग्राउंड हो गया था।

बता दें, एसीबी टीम ने 2 फरवरी को सहकारिता विभाग के इस घोटाले का खुलासा किया था। ब्यूरो ने परियोजना में 100 करोड़ रुपए से अधिक के घोटाला को पकड़ने का दावा किया था। ब्यूरो अब तक इस मामले में 10 वरिष्ठ अधिकारियों सहित 20 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी कर चुका है। सहकारिता विभाग के सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समिति, जिला रजिस्ट्रार सहकारी समिति द्वारा ऑडिटर की मिलीभगत से सरकारी खाते में जमा राशि से अपने निजी हित में फ्लैट तथा जमीन आदि खरीदी जा रही थी। इन अधिकारियों द्वारा सरकारी रिकॉर्ड, बैंक खातों संबंधी विवरण आदि भी सरकारी रिकॉर्ड में जाली लगाया गया था।




### सहकारिता घोटाले में तीन बहनें भी सूत्रधार

**हरियाणा** के सहकारिता घोटाले में ये तीन बहनें भी सूत्रधार हैं। पहली फोटो असिस्टेंट रजिस्ट्रार अनु कौशिश की बहन गुंजन की है। यह कनाडा में रहती है। अनु ने करोड़ों रुपया हवाला के जरिए इसी को कनाडा भेजा है। अनु बीच में है, छोटी बहन नताशा अभी जमानत पर बाहर है। हरियाणा के सहकारिता घोटाले में ये तीन बहनें भी सूत्रधार हैं। पहली फोटो असिस्टेंट रजिस्ट्रार अनु कौशिश की बहन गुंजन की है। यह कनाडा में रहती है। अनु ने करोड़ों रुपया हवाला के जरिए इसी को कनाडा भेजा है। अनु बीच में है, छोटी बहन नताशा अभी जमानत पर बाहर है। नरेश गोयल के अलावा इस 100 करोड़ के घोटाले की मास्टरमाइंड असिस्टेंट रजिस्ट्रार अनु कौशिश और बिजनेसमैन स्टालिनजीत सिंह हैं। इन्होंने ही फेक बिल और फर्जी कंपनियों के नाम पर सरकारी पैसे को ठिकाने लगाया।

# कांग्रेस को एक और बड़ा झटका, बॉक्सर विजेंदर सिंह भाजपा में हुए शामिल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**आगामी** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता और कांग्रेस नेता विजेंदर सिंह भाजपा में शामिल हो गए हैं। विजेंदर सिंह ने 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में दक्षिणी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से लड़ा था लेकिन वो हार गए थे। उनका नाम पिछले कुछ दिनों से मथुरा से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चर्चा में था, जहां से अभिनेत्री और




मौजूदा सांसद हेमा मालिनी फिर से चुनाव लड़ रही हैं। विजेंदर सिंह जाट समुदाय से आते हैं, जिसका हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में सीटों पर राजनीतिक प्रभाव है। भाजपा में शामिल होने के बाद विजेंदर सिंह ने कहा देश के विकास और लोगों की सेवा के लिए मैं भाजपा में शामिल हुआ हूं।

बॉक्सर विजेंदर कुमार ने देश को ओलपिंक में बॉक्सिंग में पहला पदक जिताया था। विजेंदर सिंह का जन्म 29 अक्टूबर, 1985 को हरियाणा के भिवानी में हुआ। पिता नाम महिपाल सिंह बेनीवाल है, जो हरियाणा रोडवेज में बस ड्राइवर रहे। उनकी मां गृहणी हैं। विजेंद्र बेहद निम्न मध्यम वर्गीय परिवार से जुड़े हैं।

# कठुआ मेडिकल कॉलेज में शूटआउट गैंगस्टर-पुलिस अफसर की मौत

**एजेंसी।** कठुआ

**जम्मू**-कश्मीर के कठुआ मेडिकल कॉलेज में मंगलवार रात हुए शूट आउट में एक गैंगस्टर और असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। पुलिस को शुनू गैंग के मेंबर्स के बारे में सूचना मिली थी। जब टीम ने उनका पीछा करना शुरू किया तो गाड़ी में सवार गैंगस्टर्स मेडिकल कॉलेज परिसर में दाखिल हो गए थे। पुलिस के मुताबिक, शूटआउट रात 10.35 बजे हुआ। शूटआउट में गैंगस्टर्स को लीड कर रहा वासुदेव मारा गया, जो मर्डर केस में आरोपी था। दो पुलिस अफसर दीपक शर्मा और अनिल कुमार घायल हो गए। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर दीपक शर्मा को सिर में गोली लगी थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने दीपक शर्मा की वीरता को सलाम किया। उन्होंने कहा कि उनका यह बलिदान हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेगा। सिन्हा बोले कि इस मुश्किल वक्त में सरकार और पुलिस महकमा दीपक शर्मा के परिवार के साथ है।

### संजय सिंह छह महीने बाद तिहाड़ जेल से रिहा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह छह महीने बाद बुधवार को तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हो गए। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन्हें दिल्ली शराब नीति केस में जमानत दी थी। लीगल प्रोसेस की वजह से कल रिहाई नहीं हो पाई थी। संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह जमानत की प्रक्रिया पूरा करने के लिए बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची थी। कोर्ट ने दो लाख के जमानती बॉन्ड और इतने ही अमाउंट की सिक्योरिटी पर जमानत दे दी। संजय सिंह की पत्नी ने दो लाख का बॉन्ड भरा। कोर्ट ने संजय सिंह की जमानत के लिए तीन शर्तें रखीं। पहला- वे जेल से बाहर जाकर आबकारी नीति केस से जुड़ी कोई बयानबाजी नहीं करेंगे। दूसरा- अपना पासपोर्ट सरेंडर करेंगे। दिली से बाहर जाने पर जांच एजेंसी को बताएंगे और अपनी लाइव लोकेशन शेयर करेंगे।

# राहुल गांधी ने वायनाड से नामांकन भरा, एक घंटे रोड शो किया



**एजेंसी।** वायनाड

**लोकसभा** चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड सीट से नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने बहन प्रियंका गांधी के साथ एक घंटे का रोड शो किया। इस दौरान राहुल ने क्षेत्र की जनता से कहा कि आपका सांसद होना सौभाग्य की बात है। वायनाड सीट में राहुल के खिलाफ एनडीए में शामिल सीपीआइ की एनी राजा चुनाव लड़ रही हैं। एनी राजा ने भी बुधवार को रोड शो करने के बाद अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस सीट से भाजपा ने केरल के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है। उधर, दिल्ली में कांग्रेस ने पार्टी की 5 न्याय, 25 गारंटी को देश के लोगों तक पहुंचाने के लिए घर-घर गारंटी कैंपेन शुरू किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसकी शुरुआत नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट से की। पार्टी की प्लानिंग है कि कम से कम 8 करोड़ घरों में कांग्रेस की गारंटी कार्ड पहुंचाई जाए।

# दिल्ली हाइकोर्ट में गिरफ्तारी-रिमांड पर केजरीवाल ने चुनौती दी

## हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अदालत में सुनवाई चल रही है। केजरीवाल की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी और एडवोकेट विक्रम चौधरी मौजूद हैं। ईडी की तरफ से एएसजी एसवी राजू ने पैरवी की। सिंघवी ने कहा- लेवल प्लेइंग को ध्यान में रखते हुए यह बहुत इम्पॉर्टेंट केस है। इसमें स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव शामिल हैं, जो लोकतंत्र का हिस्सा है। इससे हमारा मूलभूत ढांचा बनता है। केजरीवाल की गिरफ्तारी से यह निश्चित हो






गया है कि वो लोकतांत्रिक गतिविधियों में नहीं शामिल हो पाएंगे। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि पहला समन अक्टूबर 2023 को भेजा गया और गिरफ्तारी 21 मार्च को हुई। इससे दुर्भावना की बू आती है और इससे हमारा मूलभूत ढांचे को नुकसान पहुंच रहा है। मैं यहां राजनीति की नहीं, बल्कि कानून की बात कर रहा हूं। गिरफ्तारी की टाइमिंग इशारा करती है कि यह असंवैधानिक है।

इस पर ईडी के वकील एएसजी राजू ने कहा- मान लीजिए कोई इलेक्शन से दो दिन पहले मर्डर कर देता है तो क्या उसे गिरफ्तार नहीं किया जाएगा? क्या उसकी गिरफ्तारी मूलभूत ढांचे को नुकसान पहुंचाएगी। आप मर्डर करेंगे और कहेंगे कि मुझे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता, क्योंकि इससे मूलभूत ढांचे को नुकसान होगा। एएसजी राजू ने कहा- अपराधी और आरोपी यह नहीं कह सकते कि हम गुनाह करेंगे और हमें इसलिए गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, क्योंकि चुनाव हैं। ये हास्यास्पद है। इससे तो अपराधियों को खुलेआम घूमने का लाइसेंस मिल जाएगा। हम अंधेरे में तीर नहीं चला रहे। हमारे पास वॉट्सऐप चैट, हवाला ऑपरेटर्स के बयान और इनकम टैक्स का डेटा भी है। पांच घंटे चली बहस के बाद जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

### अरविंद केजरीवाल का वजन 4.5 किलो घटा : आतिशी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार की मंत्री आतिशी मर्लेना ने बुधवार को दावा किया कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पिछले 12 दिनों में उनका वजन 4.5 किलो कम हो गया है। ईडी ने 21 मार्च को जब केजरीवाल को कस्टडी में लिया था, तब उनका वजन 69.5 केजी था। अब 65 केजी हो गया है। केजरीवाल को 10 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद एक अप्रैल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया है। आतिशी ने कहा- केजरीवाल को सीवियर डायबिटिक है। भाजपा उन्हें जेल में डाल कर



उनके स्वास्थ्य को खतरे में डाल रही है। ईडी की हिरासत में रहने के दौरान उनका शुगर लेवल 3 बार गिर चुका है। उन्होंने बताया कि भाजपा अरविंद केजरीवाल और आप को बर्बाद करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। अगर उन्हें कुछ हो गया तो पूरा देश तो क्या, भगवान भी इन्हें माफ नहीं करेगा।

# नगर निगम ने हार्डवेयर चौक से अवैध कब्जे हटाए



**फरीदाबाद।** नगर निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने बुधवार को हार्डवेयर चौक पर अवैध रूप चल रही मीट की दुकान और पटरी पर लगी रेहडियों को हटाया। चौक पर कुछ साल पहले मीट वालों को दुकानें दी थीं, जिन दुकानों का मुंह अंदर की तरफ खुलता था, जिससे किसी को कोई परेशानी न हो। लेकिन कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों का मुंह मेन सड़क की तरफ खोल दिया और मीट को साफ कर सड़क पर फेंक देते हैं। जिससे आने जाने वालों को परेशनी होती है। कई बार इन दुकानदारों से कहने के बाद भी वे नहीं माने। बुधवार को कुछ समाजसेवी दीपक आजाद, जसवंत पवार की टीम ने दुकानों के आगे धरना दे दिया। जिसके चलते नगर निगम की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ दुकानों के आगे लगे बैंच और दुकाने के खुले शटरों को तोड़ दिया। दुकानों के आगे दीवार लगवा दी। बताया जाता है कि पहले भी कई बार इन दुकानदारों कहा था।

# प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर, सरकार हर मुद्दे पर फेल : आशा लांबा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**इनेलो** महिला प्रदेश महासचिव आशा लांबा ने बुधवार को पायनियर को दिए अपने इंटरव्यू में प्रदेश की बीजेपी सरकार को पूरी तरह से नाकामयाब बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश व देश की बीजेपी सरकार हर मुद्दे पर पूरी तरह से असफल रही है। बीजेपी ने जो चुनावी वायदे किए थे, उन पर पूरी तरह से असफल रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार की वजह से प्रदेश की जनता में दुखी व परेशान है। प्रदेश में आज बेरोजगारी दर चरम पर है, कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है।

लांबा ने बताया कि देश व प्रदेश में भाजपा सरकार हर साल दो करोड़ रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई थी, परंतु सरकार ने सत्ता में आते ही रोजगार छीनने का काम किया है। सरकारी विभागों में लाखों पद खाली पड़े हैं, परंतु प्रदेश सरकार उन पदों को भरने की जगह विभागों का ही निजीकरण करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने अपने शासनकाल काल में प्रदेश में लाखों लोगों को रोजगार दिया था। परंतु बीजेपी सरकार आते ही लोगों को तरह-तरह का बहाना करके उन्हें हटाने का काम कर रही है।



लांबा ने कहा कि प्रदेश में आज कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। महिलाओं के साथ लूट-खसौट, बलात्कार व छेड़छाड़ की घटनाएं पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ी हैं। जिसकी वजह से महिलाओं का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। उन्होंने बताया कि थानों में एसएचओ और जिलों में पुलिस अधिक्षक पैसे देकर लगाए जा रहे हैं, जिसकी वजह से वे कानून व्यवस्था सुधारने की जगह थानों में उगाही करने में लगे हुए हैं।आशा लांबा ने बताया कि बीजेपी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा करके सत्ता में आई थी। परंतु आज किसानों को उनकी फसलों की उचित कीमत भी नहीं मिल रही है। इसकी वजह से प्रदेश का किसान सरकार के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को अभी तक उनकी फसलों का एमएसपी भी देने में पूरी तरह से नाकामयाब रही है।

लांबा ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा बहुत ही मंहगी हो गई है। इसकी वजह से ये आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। प्रदेश में निजी स्कूल अपनी मनमानी कर रहे हैं, जिससे स्कूली बच्चों के अभिभावक परेशान और दुखी हैं।

महिला प्रदेश महासचिव लांबा ने बताया कि बिजली विभाग लोगों पर हर महीने हजारों रुपये के बिजली बिल भेज रहा है। रिहायशी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों से औद्योगिक इकाइयों के बिल लिए जा रहे है। इसके लिए कई बार लोग विधायक व बीजेपी नेताओं से मिले थे, परंतु उनकी समस्या का भी आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

लांबा ने बताया कि प्रदेश में सड़कों की हालात बहुत ही बुरी है। सड़कें टूटी व जर्जर होने से उनसे गुजरना भी मुश्किल होता है। पिछले साढ़े नौ साल में प्रदेश की बीजेपी सरकार सड़कों की मरम्मत का कार्य भी नहीं करवा सकी है। सीवर लाइनों की हालात भी दयनीय है। फरीदाबाद-पलवल के शहरी इलाकों में सड़कों व कॉलोनियों में जगह-जगह सीवर का पानी भरा रहता है। जिसकी वजह से लोगों को आने-जाने में भी दिक्कत होती है।

आशा लांबा ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है, परंतु लड़कियों को शिक्षा के लिए लोन की सुविधा देने के लिए बहुत ही मशक्कत करनी पड़ती है। जिससे से वे शिक्षा के लिए लोन लेने से किनारा कर लेती हैं। लांबा ने कहा कि आज देश व प्रदेश में मंहगाई दर चरम पर है और आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। मंहगाई की सबसे अधिक मार गृहणियों पर पड़ी है। सरकार मंहगाई को काबू में करने में पूरी तरह से असफल रही है।

**होडल से पलवल, पलवल से फरीदाबाद व वहां से दिल्ली भेजा जाता है**

# बीके में आईसीयू की सुविधा न होने से तीन बार रेफर होते हैं मरीज

## दिल्ली तक जाते जाते मरीज बीच में ही तोड़ देते हैं दम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद






प्रदेश के सबसे बड़े व पुराने अस्पतालों में शुमार बीके अस्पताल में सात दशक बाद भी आईसीयू की सुविधा नहीं होने का खामियाजा सबसे अधिक दूर दराज के ग्रामीण मरीजों को उठाना पड़ता है। बीके अस्पताल में होडल, पलवल तक के गंभीर मरीजों को भेजा जाता है। गंभीर मरीज पहले होडल के सरकारी अस्पताल में आते हैं, जहां से उन्हें पलवल के सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया जाता है।

पलवल के अस्पताल से उन्हें फरीदाबाद के बीके अस्पताल भेज दिया जाता है, लेकिन यहां भी आईसीयू की सुविधा न होने से उन्हें दिल्ली के सफदरजंग या एम्स में भेज दिया जाता है। इतनी लंबी प्रक्रिया में गंभीर मरीज बीच में ही दम तोड़ चुका होता है। लोगों का कहना है कि फरीदाबाद के बीके अस्पताल में तुरंत ही आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए, जिससे पलवल के गंभीर रूप से बीमार व दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर इलाज मिल सके और उन्हें किश्तों में रेफर होने से छुटकारा मिले।

फरीदाबाद के बीके अस्पताल में अभी भी आईसीयू सुविधा नहीं होने का सबसे अधिक खामियाजा जिला पलवल के लोगों को उठाना पड़ रहा है। गंभीर रूप से बीमार होने, दुर्घटना में घायल व लड़ाई झगडों में गंभीर रूप से घायल होने की हालात में उनको समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। जिससे कई बार तो वे अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। लोगों का कहना है कि दूर-दराज के लोगों को गंभीर रूप से बीमार होने, दुर्घटना में घायल होने व लड़ाई-झगड़ों में चोट आदि लगने पर पहले होडल, हसनपुर, हथीन के अस्पातल ले जाया जाता है। जहां से उन्हें जिला पलवल अस्पताल रेफर कर दिया जाता था। वहां से फिर उनको उनकी गंभीर हालात देखकर आगे फरीदाबाद के बीके अस्पताल मे रेफर किया जाता है। परंतु वहां पर भी आईसीयू की सुविधा नहीं होने पर उन्हें आगे दिल्ली व रोहतक के अस्पतालों में रेफर किया जाता है। इस तरीके से इधर-उधर से रेफर होने में घंटों का समय बीत जाता है। जिससे कई बार तो मरीज बीच में ही दम तोड़ देता है।

लोगों का कहना है कि यदि बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा उपलब्ध हो तो पलवल के गंभीर रूप से बीमार, घायल लोगों को इधर से उधर रेफर होने से छुटकारा मिल जाए। जिससे उनका समय पर इलाज हो सकेगा। समय पर इलाज मिलने पर मरीज के बचने की उम्मीद बढ़ जाती है। वहीं इधर से उधर रेफर होने से बचने के लिए कई बार मरीज के रिश्तेदार मरीज को निजी अस्पतालों में ले जाते है। जहां पर इलाज का खर्चा सबके बस की बात नहीं होती है। कई बार तो निजी अस्पतालों में इलाज करवाने से मरीज के रिश्तेदारों का लाखों का खर्चा हो जाता है। जिससे उन्हें घर व जमीन तक गिरवी रखनी पड़ जाती है। उल्लेखनीय है कि पलवल व उसके होडल, हसनपुर, हथीन क्षेत्रों में हर रोज करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से बीमार या घायल होने पर फरीदाबाद के बीके अस्पताल रेफर किया जाता है।

> बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा नहीं होने का खामियाजा सबसे अधिक जिला पलवल के लोगों को उठाना पड़ता है। इसकी वजह से उन्हें कई -कई बार रेफर होना पड़ता है।
>
> **-भूषण सिंह**
>
> बीके अस्पताल में आईसीयू की कमी की वजह से जिला पलवल के लोग कई बार इलाज समय पर नहीं मिलने से बीच में ही दम तोड़ देते हैं। बीके अस्पताल में तुरंत ही आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए।
>
> **-प्रीति सिंह**

# समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति लेकर कार्यकर्ता लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है : उमेश भाटी

## दुष्यंत के जन्मदिन पर दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**फॉर्महाउस** पर जननायक जनता पार्टी के प्रेरणास्रोत्र नेता दुष्यंत चौटाला के जन्मदिन के अवसर पर तिगांव विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी बधाई देने पहुंचे। इस मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए। मौके पर कार्यकर्ता जननायक जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते दिखाई दे रहे थे। वहां कई कार्यकर्ता दुष्यंत तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं के नारे लगा रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने अपने जन्मदिन पर बधाई व आशीर्वाद देने वाले सभी शुभचिंतकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

बधाई देने पहुंचे उमेश भाटी ने दुष्यंत चौटाला के हाथों केक कटवाया और उनकी एवं उनकी दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर उमेश भाटी ने अपने कहा कि आने वाले दिन हरियाणा की राजनीति में काफी अहम होने वाला हैं। हरियाणा की जनता का प्यार और विश्वास सदैव पार्टी के साथ है। कार्यकर्ता आज भी पूरे जोश के साथ पार्टी के साथ हैं। पार्टी मुखिया डॉ. अजय सिंह चौटाला और हरियाणा के लोकप्रिय नेता दुष्यंत चौटाला के उम्मीद और आशा के अनुरूप जो भी आदेश लोकसभा चुनावों को लेकर आएगा, तिगांव विधानसभा का हर एक कार्यकर्ता उस मंजिल तक ले जाने का काम करेगा। लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी जिसे भी टिकट देकर उम्मीदवार घोषित करेगी, तिगांव विधानसभा से उसे ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने का काम करेंगे।

लोकसभा के बाद विधानसभा को लेकर पार्टी कार्यकर्ता पूरी तरह से कमर कस के तैयार खड़ा है।

# बिजली कर्मियों ने मांगों को लेकर गेट मीटिंग की



**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद की सब डिवीजन जवाहर कोलोनी के दफ्तर पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के नेताओं ने दफ्तर के प्रधान महेन्दर सिंह की अध्यक्षता में बिजली कर्मचारियों को लेकर एक गेट मीटिंग की। यूनियन के बैनरतले एचएसईबी वर्कर यूनियन फरीदाबाद सर्कल के सचिव विनोद शर्मा ने मीटिंग के दौरान कहा कि हमारा बिजली का महकमा बेहद जोखिमों से भरा हुआ महकमा है। जिसमे फील्ड के अंदर सावधानी से काम ना करने पर टेक्निकल कर्मचारी को जान से हाथ धोना पड़ जाता है। जिसकी भरपाई किसी भी कीमत पर पूरी नही की जा सकती। बिजली दुर्घटना से सकुशल स्वस्थ रहने में किसी भी प्रकार की कोई गुंजाइश बाकी रहने की संभावना बहुत कम रह जाती है। हम अपने सभी टेक्निकल कर्मचारियों को आज की इस मीटिंग के माध्यम से बिजली की लाइनों पर काम करने के उपरान्त होने वाली असुविधा और जान माल की कोई हानि ना हो इसके लिये इस अभियान के तहत जागरूक रहने व जागरूक करने का भत्सर प्रयासरत काम एचएसईबी वर्कर यूनियन अपनी ओर से कर रही है। गेट मीटिंग कार्यक्रम के मौके पर यूनिट सचिव लेखराज चौधरी, वरिष्ठ उपप्रधान शौकीन, गिरेंदर, सुरेश चंद, मुकेश, राकेश, अमनदीप, मनोज, रोहित, शुभम आदि मौजूद थे।

# विदेश में देश का नाम चमका लेकिन बेरोजगारी बरकरार

## चुनाव की घोषणा के बाद सफर में हो रही सरकार की नितियों पर चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लोकसभा** चुनाव की घोषणा होते ही पलवल-दिल्ली के बीच चलने वाली ईएमयू गाडियों में चुनाव को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। लोग रेलगाड़ी में बैठने के बाद देश की बीजेपी सरकार पर चर्चा करने में मसगूल हो जाते है। कुछ लोग जहां बीचेपी सरकार को बेहतर बता रहे हैं तो कुछ बीजेपी सरकार को हर मामले में पूरी तरह से असफल बता रहे हैं।

बुधवार को पलवल से सुबह 8.05 चलने वाली गाड़ी में सवार ओमसिंह ने देश में सत्ता में विराजमान मोदी सरकार को सफल सरकार बताया। उनका कहना था कि मोदी के देश की कमान संभालते ही संसार में देश का नाम तेजी से बढ़ा है। आज पूरे संसार में हर जगह मोदी-मोदी हो रही है। विदेशी में हर जगह मोदी का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर मामले में विदेशी मंचों पर भारत को पूरी अहमियत मिल रही है। पिछले कुछ सालों में भारत ने सभी क्षेत्रों में तरक्की की है। आज भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र बन कर उभरा है।

वहीं दूसरे रेल यात्री ओमबीर सौरोत ने देश की बीजेपी सरकार को पूरी तरह से असफल बताया। उन्होंने कहा कि आज देश में बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आए थे। परंतु उनके सत्ता में आते ही सभी सरकारी विभागों को निजी हाथों में देने का कार्य किया जा रहा है। जिसकी वजह देश में बरोजगारी बढ़ी है। उनका कहना था कि देश के सभी विभागों में लाखों पद खाली पड़े हैं। परंतु सरकार उनको भरने की जगह पदों को ही खत्म कर रही है। आज पढ़ा लिखा तबका दुखी व परेशान है।

**मृतका के भाई ने लगाए गंभीर आरोप**

# अवैध संबंधों का विरोध करने पर पत्नी की गला घोंटकर हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**बुधवार** को एक पति ने अवैध संबंधों के चलते 29 वर्षीय पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोप है कि आरोपी पति के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध थे। जब उसकी पत्नी ने विरोध किया तो उसकी हत्या कर दी गयी।

मृतका के भाई की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी राजेश कुमार के मुताबिक एनआईटी (फरीदाबाद) की राहुल कॉलोनी निवासी राजकुमार ने शिकायत में कहा है कि उसने अपनी बहन उषा की शादी करीब दस साल पहले पंचवटी कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश से की थी। शादी के बाद उनकी बहन ने दो बेटियों को जन्म दिया, बड़ी बेटी तीन साल की और छोटी बेटी छह महीने की है।

बुधवार सुबह करीब साढ़े छह बजे उसके जीजा ओमप्रकाश का फोन आया कि ऊषा की मौत हो गई है। जब वह अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचा तो उसकी बहन ऊषा मृत पड़ी थी। शिकायत में आगे कहा गया कि जीजा ओमप्रकाश का किसी अन्य महिला से अवैध संबंध है।

शिकायत में ऊषा के भाई ने आरोप लगाया कि इस बात की जानकारी ओमप्रकाश के पिता श्यामलाल, भाई जयप्रकाश और उसकी पत्नी आरती को भी थी और ये सभी ओमप्रकाश के गलत कामों में उसका साथ देते थे।


शिकायत में आगे लिखा गया कि शादी के 10 साल बाद भी पति ओमप्रकाश ऊषा के साथ मारपीट करता था। वह पलवल में एक अन्य महिला के साथ किराए के मकान में रह रहा था, जिसके कारण उसकी बहन अपने मायके में रह रही थी। 31 मार्च को ओमप्रकाश अपनी बहन को पलवल ले आया।

# बाल विवाह रोकने के लिए करें आम जन को जागरूक : विक्रम सिंह

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए आम जन को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शादी विवाहों के लिए अक्षय तृतीया आखा तीज के नाम से लोकप्रिय यह 10 मई, 2024 को पड़ता है। इस दिन को अक्सर बड़ी संख्या में बाल विवाह को रोकने के लिए चुना जाता है, जो न केवल एक प्रतिगामी सामाजिक प्रथा है, बल्कि बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) के तहत भी अवैध है।

इस दिन बाल विवाह की परंपरा को तोड़ने के लिए सतर्कता बढ़ाएं और सभी संबंधितों को सभी संभावित निवारक उपाय करने का निर्देश दें।


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा सीतल पुत्री यादराम निवासी रमेश का खेत, तिलपत, फरीदाबाद दिनांक 13.03.2024 को सुबह करीब 02.00 बजे बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, कद 5 फुट बा उम्र 18 साल है, जिसने काले रंग का कुर्ता व लैगी और पैरों में आसमानी रंग की चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 253 दिनांक 14.03.2024 धारा 346 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।


**प्रबन्धक अफसर थाना पल्ला, फरीदाबाद : 9582200139**
**आई.ओ. थाना पल्ला : 9811637202**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा रूबि पत्नी आन्नद कुमार मिश्रा निवासी मकान नम्बर एच-73, हरकेश नगर, तिलपत, फरीदाबाद दिनांक 06.03.2024 को बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चला गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट 1 इंच बा उम्र 22 साल है, जिसने गुलाबी व सफेद रंग का सूट और सलवार पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 229 दिनांक 14.03.2024 धारा 346 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा महिला के बारे में सूचना मिले तो **थाना पल्ला, फरीदाबाद** पर सम्पर्क करें।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा आरती पत्नी नवलेश निवासी नवीन गांधी नगर, हुसेनी, थाना डुमरिया घाट, जिला मोतिहार हाल निवासी किरायदार मकान नम्बर 312, गली नम्बर 02, बसेलवा कॉलोनी, ओल्ड फरीदाबाद दिनांक 17.02.2024 को बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, कद 5 फुट 2 इंच बा उम्र 19 साल है, जिसने हरे रंग की साड़ी व पैरों में स्पोर्टस जूते पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 105 दिनांक 06.03.2024 धारा 346 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा आदमी के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना ओल्ड फरीदाबाद : 0129-2296824, 9582200123, 9999150000**


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा अनिता महतो पुत्री पूदिना महतो निवासी गांव व थाना मनहार, जिला वैशाली, बिहार हाल निवासी किरायदार गांव ऐतमादपुर, मकान मालिक राज सिंह, फरीदाबाद दिनांक 30.03.2024 को शाम करीब 07.00 बजे बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, जिसके गाल पर तिल का निशान है, कद 5 फुट 1 इंच बा उम्र 20 साल है, जिसने पीले रंग का सूट व सलवार और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 94 दिनांक 01.04.2024 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर 31, फरीदाबाद : 9582200122**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा सानिया पुत्री अनिषा निवासी तैली की बजरिया, सिधे की छावनी, ग्वालियर, मध्य प्रदेश हाल निवासी किरायदार अहमद का मकान, ईदगाह कॉलोनी, सेक्टर 06, फरीदाबाद दिनांक 01.04.2024 को दोपहर करीब 12.00 बजे बिना किसी को बताये जैम ऑटो कंपनी से अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला शरीर, जिसके सर के पीछे फोडा निकला हुआ है, जिसकी आँखे काली है और बाल काले है, कद 5 फुट 5 इंच बा उम्र 19 साल है, जिसने पीले रंग का सूट व सलवार और पैरों में सेंडल पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 204 दिनांक 02.04.2024 धारा 346 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**थाना सेक्टर 08, फरीदाबाद : 0129-2241784**
**थाना प्रभारी सेक्टर 08, फरीदाबाद : 9582200134**
**इन्चार्ज सेक्टर 07, फरीदाबाद : 9582200164**
**अनुसन्धान अधिकारी : 8059344535**

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




**सितम हर आदमी पर उम्र तो इक रोज़ ढायेगी**
**उसे बीते हुए लम्हों की अक्सर याद आयेगी**
**मुझे मेरे पिताजी ने सिखाया दु:ख में भी हँसना**
**मेरी औलाद भी एक दिन मुझे जीना सिखायेगी**

# प्रदेश की सभी सीटों पर खिलाएंगे कमल : मनोहर

## -जनता के आशीर्वाद से 400 सीट जीतकर भाजपा तीसरी बार बनाएगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**भाजपा** ने देश में 400 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है, उसमें भाजपा 370 सीट पर जीत दर्ज करे और एनडीए 400 सीट पार करे, ऐसा हमारा संकल्प है। हमें पूर्ण विश्वास है जनता के आशीर्वाद से 400 सीट जीतकर भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। हरियाणा की सभी 10 सीट हमारी थी, हमारी रहेंगी। प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीट और एक विधानसभा सीट सभी 11 सीटों पर कमल खिलाएंगे। लोकसभा चुनावों की तैयारियों के निमित भाजपा प्रदेश संगठन में बैठकों को दौरा लगातार जारी है और इसी कड़ी में फरीदाबाद पहुंचें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह कहा। भाजपा लोकसभा कार्यालय अटल कमल पर मनोहर लाल ने फ़रीदाबाद लोकसभा के चुनाव प्रबंधन को लेकर लोकसभा संचालन समिति की बैठक ली, जिसमें संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, लोकसभा प्रभारी व ज़िला प्रभारी जी. एल. शर्मा, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, फरीदाबाद ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पलवल के जिला अध्यक्ष चरणसिंह तेवतिया, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी और लोकसभा विस्तारक कर्मबीर यादव मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

फरीदाबाद लोकसभा चुनाव के निमित आयोजित इस बैठक में उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा की संचालन समिति के सभी 36 विभागों के प्रमुखों से चुनाव प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। चुनाव प्रबंधन की दृष्टि चुनाव प्रबंधन के जो 36 आयाम है, उन्होंने सभी 36 आयामों के प्रमुखों से एक एक कर व्यक्तिगत चर्चा की और हर विषय पर उनका मार्गदर्शन किया। मनोहर लाल ने बूथ जीता, चुनाव जीता का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता जीत का मूल मंत्र है । फरीदाबाद लोकसभा के हर बूथ पर अपनी बूथ सरंचना को मजबूत करना है और लोकसभा के सभी 2160 बूथों को जीतने का कार्य करना है । मनोहर लाल जी ने कहा कि हो सकता है पिछले चुनावों में कुछ बूथ पर हमें कम वोट मिले हों, लेकिन इस बार हर बूथ पर पहले से 370 वोट ज्यादा प्राप्त करके कमल खिलाने का लक्ष्य रखना है।

# फरीदाबाद में गेहूं की खरीद नहीं होने से वापस लौट रहे किसान

## मंडियों में पहुंच रहे किसानों के काटे जा रहे चालान, दो हजार कुंतल से अधिक की आवक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में मंडियो में तीसरे दिन भी एजेंसियों ने गेहूं की सरकारी खरीद शुरू नहीं की है। जिससे किसान बेहद परेशान हैं। किसान अपने गेहूं मंडी में लेकर आ रहे हैं तो उनके चालान भी काटे गए हैं। जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण नहीं कराया है। उनके भी चालान काटे गए हैं।

आपको बता दें कि अभी तक अनाज मंडी में करीब 150 कुंतल गेहूं की आवक हुई है। जिसमें से लगभग 100 कुंतल निजी ट्रेडर्स के यहां पर आवक हुई है। एजेंसी द्वारा फसल की खरीद न शुरू करने का सबसे बड़ा



कारण यह बताया जा रहा है कि एजेंसी पहले गेहूं को सूखा रही और बाद में उसे बोरियों में भरा जाएगा क्योंकि मंडी पहुंच रहे गेहूं में नमी शिकायत मिल रही है। एजेंसियां जिस दिन गेहूं की खरीद करेगी उसी दिन ही अपने बारदाने में इस सारे गेहूं को जमा कर लेगी।

मंडी सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी मार्केट कमेटी



खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से गिरीश शर्मा को खरीद अधिकारी नियुक्त किया गया, लेकिन हरियाणा भंडारण निगम की ओर से अभी तक खरीद अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है। दो बार उनकी ओर से पत्र लिख चुका है। बिना खरीद अधिकारी के गेहूं की खरीद नहीं होगी।
**-इंद्रपाल,** सचिव, बल्लभगढ़ अनाज मंडी मार्केट कमेटी

इंद्रपाल सिंह का कहना है कि एक तारीख को ही गेहूं की खरीद शुरू हो जानी थी, लेकिन गेहूं में नमी के कारण अभी तक खरीद नहीं की जा रही है। तीन अप्रैल तक हमारे पास 2000 कुंतल गेहूं आ चुका है। उन्होंने बताया कि डीएफसी ऑफिसर का कहना है कि अनाज मंडी में आएंगे, उसके बाद देखेंगे की क्या स्थिति है। जब गेहूं की खरीद शुरू की जाएगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग हरियाणा सीमा शर्मा का कहना है कि मौके पर इंस्पेक्टर गिरीश की ड्यूटी लगा दी गई है और वहां पर खरीद शुरू कर दी गई है। ट्रांसपोर्टेशन की कमी के कारण ज्यादा खरीद नहीं की जा रही है।गेहूं में सरकारी नियमों के अनुसार में नमी अधिक होने के कारण खरीद शुरू नहीं हो पाई। नियमों के अनुसार गेहूं में नमी की मात्रा 12 प्रतिशत होनी चाहिए। अनाज मंडी में पहुंचने वाले गेहूं में नमी की मात्रा 17-18 फीसदी आ रही है। इसके कारण सरकारी खरीद नहीं हो पाई। शनिवार को बल्लभगढ़ अनाज मंडी में 250 कुंतल गेहूं मंडी में पहुंचा है। गेहूं में नमी होने के चलते किसान अपनी फसलों को खुले में सुखा रहे हैं। जिले की बल्लभगढ़, मोहना, तिगांव, फतेहपुर बिल्लोच, सेक्टर-16 और डबुआ में गेहूं की खरीद होती है। बल्लभगढ़ अनाज मंडी की बात करें तो दो दिन में करीब 250 क्विंटल गेहूं लेकर किसान पहुंचे हैं। दोनों दिनों के गेहूं में नमी की मात्रा तय मानक से अधिक मिली, जिसके चलते सरकारी खरीद नहीं हो पाई। मोहना मंडी में अब तक कोई भी किसान अपनी फसल लेकर नहीं पहुंचे।

# फरीदाबाद में स्टेज पर चुलकाना धाम के पुजारी की पिटाई

## जागरण के बीच बोला युवक- स्टेज पर चलो सम्मानित करना है, भीड़ के सामने मारे थप्पड़

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पानीपत** स्थित श्री खाटू श्याम के फेमस चुलकाना धाम के पुजारी की फरीदाबाद में एक शख्स ने भीड़ के सामने पिटाई कर दी। आरोपी युवक ने पुजारी को कई थप्पड़ मारे और फिर नीचे उतर आया। इसे देख हर कोई हैरान रह गया। किसी को कुछ समझ ही नहीं आया। पुजारी को थप्पड़ मारने का एक वीडियो भी वायरल हुआ है।

आरोपी युवक पुजारी को सम्मानित करने के बहाने स्टेज पर ले गया था। बताया जा रहा कि वह महिला गायक को कार्यक्रम में न बुलाने को लेकर खफा था। उसके खिलाफ फरीदाबाद के पल्ला थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चुलकाना धाम के पुजारी देवेंद्र ने बताया कि वह 30 मार्च को फरीदाबाद के पल्ला इलाके में श्याम बाबा के जागरण में भजन करने के लिए गया था। रात में संध्या तोमर नाम की महिला गायक भजन गा रही थी। तभी अमित वशिष्ठ नाम का एक युवक आया और उन्हें सम्मानित करने की बात कहकर उन्हें स्टेज पर बुला कर ले गया। स्टेज पर पहुंच कर अचानक उन्हें थप्पड़ मारने लगा। इस घटना को देखकर वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए। पुजारी को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल होने के बाद धार्मिक संगठनों ने इसको लेकर पंचायत की और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मामले में पीड़ित पक्ष बुधवार को पुलिस अधिकारियों से मिला। वहीं इस मामले में मशहूर भजन गायक कन्हैया मित्तल ने भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर देवेंद्र पुजारी को इंसाफ दिलाए जाने की मांग की है। फरीदाबाद पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अभी तक जो थप्पड़ मारने की वजह सामने आ रही है, वह यह है कि अमित इस बात से नाराज था कि देवेंद्र पुजारी भजन कार्यक्रम में संध्या तोमर को नहीं बुलवाता था।

# बल्लभगढ़ में नकली एनसीईआरटी की किताबें बेच रहे दुकानदार

## सीएम फ्लाइंग टीम की छापेमारी जांच में बरामद हुईं 5600 किताबें

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बुधवार** को मुख्यमंत्री फ्लाइंग टीम ने एक बुक सेलर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में एनसीईआरटी की नकली किताबें बरामद की हैं। सीएम उड़नदस्ते की टीम की छापेमारी से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, फरीदाबाद में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता को सूचना प्राप्त हुई की थी कि अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ स्थित मंगला बुक डिपो द्वारा एनसीईआरटी की नकली किताबों को बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। इस शिकायत पर डीएसपी मनीष सहगल के नेतृत्व में सीएम फ्लाइंग टीम ने एनसीईआरटी दिल्ली के बिजनेस मैनेजर भूपेंद्र सिंह व असिस्टेंट प्रोडक्शन आफिसर राजेश कुमार को साथ लेकर मंगला बुक डिपो पर छापेमारी की। छापेमारी के समय मंगला बुक डिपो पर संचालक गौरव अग्रवाल पुत्र महेश चंद उपस्थित मिला। सीएम फ्लाइंग की टीम द्वारा गौरव अग्रवाल की उपस्थिति में मंगला बुक डिपो का निरीक्षण किया गया तथा पाया कि दुकान में भारी मात्रा में एनसीईआरटी की नकली किताबें रखी हुई है। एनसीईआरटी के अधिकारियों द्वारा की गई पूछताछ पर गौरव ने बताया कि उसने ऋषि नगर बल्लभगढ़ में अलग से गोदाम बनाया हुआ है। काफी किताबें गोदाम पर भी रखी हुई हैं। वहां से बरामद किया जा सकता है। इस पर एनसीईआरटी की टीम ने गोदाम को भी चेक किया गया, जहां पर भारी मात्रा में नकली एनसीईआरटी की किताबें रखी हुई मिली। छापेमारी में एनसीईआरटी की विभिन्न विषयों की कक्षा छठी से बारहवीं तक की करीब 5600 नकली किताबें बरामद हुईं। एनसीईआरटी की टीम द्वारा पूछे जाने पर गौरव अग्रवाल ने यह भी बताया कि वह इन किताबों को श्याम एंड संस नई सड़क दरियागंज नई दिल्ली से मंगाया था। एनसीईआरटी की टीम द्वारा इन नकली किताबों को अपने कब्जा में लेते हुए मंगला डिपो बुक डिपो के संचालक गौरव अग्रवाल पुत्र महेश चंद्र निवासी राधा नगर बल्लभगढ़ के खिलाफ स्थानीय पुलिस थाना शहर बल्लभगढ़ में प्रतिलिपि अधिकार अधिनियम के तहत आपराधिक अभियोग अंकित कराया गया है।

# आयुष विभाग ने ग्राम बडौली में किसानों को किया जागरूक



**पलवल।** महानिदेशक आयुष हरियाणा अंशज सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में आयुष की ओर से ग्राम बडौली में किसान जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. उर्वशी ने ग्राम बडौली के किसानों का लिए गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें किसानों को औषधीय पौधों जैसे अश्वगंधा, शतावरी, गुग्गल, गिलोय, नीम, गोक्षुर, पुनर्नवा आदि पौधों की खेती के बारे में बताया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती के बारे में भी बताया गया। किसानों को बताया गया कि खेती में अनावश्यक मात्रा में उर्वरक तथा कीटनाशक न डाले जाएं। डॉ. उर्वशी ने किसानों को बताया कि हमारा खानपान किस प्रकार का होना चाहिए। सदा खानपान से जीवनशैली जनित बीमारियों जैसे मधुमेह, बीपी, अस्थमा, मोटापा आदि से काफी हद तक बचा जा सकता है। कार्यक्रम को किसानों ने सराहा तथा आयुष विभाग पलवल का धन्यवाद किया।

# दहेज न लाने पर पत्नी को दिया चलती ट्रेन से दिया धक्का

## पुलिस ने पति सहित चार के खिलाफ दर्ज किया केस

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**दहेज** की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को चलती ट्रेन से धक्का देकर मारने का प्रयास करने व तलाक दिए बिना दूसरी शादी करने का मामला प्रकाश में आया है। होडल थाना पुलिस ने पति सहित चार के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

होडल थाना प्रभारी मोहम्मद इलियास के अनुसार, जिला पालघर महाराष्ट्र माडा कॉलोनी निवासी आरती ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी व उसकी बहन दुर्गा की शादी 15 मार्च 2021 को होडल निवासी सागर व बादल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसका पति सागर व बहन का पति बादल, सास कमला व मामा ससुर श्याम दहजे के लिए प्रताड़ित करने लगे। उसका पति कहने लगा कि तू तलाक दे दे, मुझे दूसरी जगह शादी करनी है। तू दहेज में कुछ नहीं लाई। पीड़िता आरती ने कहा कि वह उसकी बहन दुर्गा, पति सागर और बादल मुंबई से ट्रेन में सवार होकर मथुरा पश्चिम एक्सप्रेस ट्रेन में आ रहे थे, क्योंकि उन्हें अपनी ससुराल होडल आना था। आरोप है कि उसके पति ने ट्रेन में उसके साथ झगड़ा किया, लेकिन वह चुप रही। जिसके बाद उसने अपने पति से शौच जाने की बात कही तो वह उसे ट्रेन की खिड़की पर ले गया और चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। जिससे वह ट्रेन से गिर गई और उसका पति चुपचाप ट्रेन में जाकर बैठ गया। पीड़िता को रेलवे कर्मचारियों ने भरतपुर अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना में पीड़िता का हाथ कट गया व सिर और अन्य जगह चोटें लगी, जिससे वह बेहोश हो गई।

# फ्लोर देने के नाम पर एनएचपीसी के प्रबंधक से 60 लाख की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-77 में एक प्लॉट का चौथा फ्लोर देने के नाम पर ठगों ने एनएचपीसी के प्रबंधक से 60 लाख रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

सेक्टर-81 निवासी मनीष ने बीपीटीपी थाने में दी शिकायत में बताया वह एनएचपीसी में प्रबंधक हैं। उन्होंने सेक्टर-88 निवासी वरूण कुमार और उनकी पत्नी से अगस्त 2022 में सेक्टर-77 पार्क प्राइड में एक फ्लोर खरीदने का सौदा तय किया था। दंपति ने कहा था कि फ्लोर का निर्माण 31 दिसंबर 2023 से पहले पूरा हो जाएगा। मनीष आरोपियों की बातों में आ गए और 60 लाख रुपये देकर इकरारनामा कर लिया। जांच में पता लगा आरोपी दंपती ने एचएसवीपी से फ्लोर का नक्शा पास नहीं कराया और न ही इसका निर्माण पूरा हुआ है। तय समय पर फ्लोर की रजिस्ट्री भी नहीं कराई। इतना ही नहीं आरोपियों ने प्रॉपर्टी पर कई बैंकों से लोन भी ले रखा है।

# ट्रांसफर की मांग को लेकर जेबीटी शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री का किया घेराव

**फरीदाबाद।** स्थानांतरण की मांग को लेकर प्रदेशभर से आए जेबीटी शिक्षकों ने शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा के घर का घेराव किया। देर रात तक शिक्षक घर के बाहर डटे रहे। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, वे कहीं नहीं जाएंगे। हालांकि दो दिन पहले ही जेबीटी शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा से मिला था। मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया था कि चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद फाइल पास कर दी जाएगी। उनका कहना है कि मंगलवार दोपहर ही फाइल पास कर मुख्यमंत्री के पास भेज दी गई। शिक्षकों ने बताया कि मई 2017 में 9210 शिक्षकों की भर्ती की गई थी। काउंसलिंग के बाद अलग-अगल जिलों में उनकी तैनाती कर दी गई थी। लंबे समय से इनकी मांग थी कि उन्हें उनके जिलों में घरों के पास स्कूल दिए जाएं।

> दो दिन पूर्व जेबीटी शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल हमसे आकर मिला था। मंगलवार दोपहर चुनाव आयोग की सहमति के बाद पोस्टिंग प्रक्रिया को मंजूरी दे दी गई है और फाइल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास भेज दी गई।
> – **सीमा त्रिखा,** शिक्षा मंत्री

# विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में हर मतदाता अपने मताधिकार का अवश्य करें प्रयोग: डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिला** निर्वाचन अधिकारी कम डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के पर्व में जिला फरीदाबाद में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र प्रणाली का भागीदार बने। इसके लिए जिला के प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अपने मताधिकार का प्रयोग चुनाव प्रक्रिया में कर सकता है।

यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है, तो वह भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के मतदाता सीईओ हरियाणा की वेबसाइट पर अपने वोट की जानकारी त्वरित गति व आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इसकी सहायता से वोटर अपना एपिक नंबर डाल कर बड़ी आसानी से अपना वोट चेक कर सकते हैं। यदि कोई अपना एपिक नंबर भूल गया है तो भी वह अपना नाम व पिता-पति आदि का नाम भरकर अपना वोट चैक कर सकता है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर विधानसभा अनुसार भी मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। विक्रम सिंह ने कहा कि वोटर हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल करके भी अपना वोट चेक कर सकते हैं। कार्यालय के प्रथम तल पर कमरा नंबर 112 में वोटर हैल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

# ब्लैक फिल्म के 104 चालान काटे

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर एक दिन में ब्लैक फिल्म लगे 104 वाहनों के चालान और पांच वाहन जब्त कर लिए गए। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 684 वाहन चालकों के भी चालान काटे गए। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने ब्लैक फिल्म लगाने वाले चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के आदेश दिए थे। डीसीपी ट्रैफिक ऊषा ने बताया ब्लैक फिल्म की वजह से वाहनों के अंदर कुछ दिखाई नहीं देता। इसकी वजह से आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति किसी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। अभियान सात अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, तय गति से तेज चलाने, जिग-जैग ड्राइविंग के चालान काटे जाएंगे।

# फरीदाबाद के बादशाह खान अस्पताल में डॉक्टरों का संकट

## पीएमओ को संभालनी पड़ी इमरजेंसी वार्ड की जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बादशाह** खान सिविल अस्पताल के आपातकालीन विभाग में डॉक्टरों की भारी कमी है। जिसके चलते बुधवार को अस्पताल की पीएमओ सविता यादव ने खुद आपातकालीन विभाग की कमान संभाली और मरीजों का इलाज किया।

उन्होंने बताया कि आपातकालीन विभाग में छह डॉक्टर होने चाहिएं, लेकिन मात्र चार डॉक्टर ही आपातकालीन विभाग संभाल रहे हैं। इन डॉक्टरों को 24 घंटे ड्यूटी देनी पड़ रही है। डॉक्टरों की कमी के कारण मरीज को अकेला नहीं छोड़ा जा सकता। इसलिए उन्होंने खुद डीएमओ डॉ. हेमंत अग्रवाल के साथ विभाग में आने वाले और भर्ती किए गए मरीजों का इलाज किया।

सविता यादव ने बताया कि डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता को पत्र लिखा है। जिसके बाद सिविल सर्जन द्वारा अस्पताल के आपातकालीन विभाग के लिए दो डॉक्टर दिए गए। इनमें से एक डॉ. हितेश नागर ने न सिर्फ आपातकालीन विभाग में ड्यूटी ज्वाइन की, बल्कि उन्होंने 24 घंटे की ड्यूटी भी दी। लेकिन एसजीएम नगर यूजीसी से आपातकालीन विभाग में तैनात किए गए दूसरे डॉक्टर गौरव ने अभी तक ड्यूटी ज्वाइन नहीं की है।

पीएमओ ने आगे कहा कि आपातकालीन विभाग में आने वाले मरीज बेहद गंभीर स्थिति में आते हैं। जिस कारण उन्हें डॉक्टर और इलाज के बिना नहीं छोड़ा जा सकता। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आज आपातकालीन विभाग में आने वाले मरीजों का स्वयं इलाज किया। ताकि किसी को भी बादशाह खान अस्पताल की इमरजेंसी में आकर बिना इलाज के लौटना न पड़े। सूत्रों के अनुसार एक अप्रैल से बादशाह खान सिविल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी ज्वाइन न करने वाले डॉ. गौरव ने फरीदाबाद के मंत्री से सिफारिश की थी कि उन्हें बादशाह खान सिविल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात न किया जाए। इसके बाद डॉ. गौरव की प्रतिनियुक्ति की अनुमति नहीं दी गई।

# सीएम उड़नदस्ते ने 119 पेटी शराब पकड़ी

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने अवैध रूप से दिल्ली जा रही देसी, अंग्रेजी शराब व बीयर से लदी गाड़ी पकड़ी। गाड़ी से 68 पेटी अंग्रेजी व देसी शराब तथा 51 पेटी बीयर बरामद की गई। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली कि सूरजकुंड पहाड़ी के रास्ते से अवैध रूप से शराब ले जाई जा रही है। डीएसपी मनीष सहगल के नेतृत्व में गई टीम ने सूरजकुंड थाना पुलिस को साथ लेकर कांत एंक्लेव के पास नाकाबंदी की। टीम ने एक होंडा सिटी कार को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख आरोपी ने कार तेज कर दी।

# संक्षिप्त समाचार

## नूंह हिंसा के आरोपी बिट्टू बजरंगी पर मुकदमा दर्ज

**फरीदाबाद।** नूंह उपद्रव के आरोपित बिट्टू बजरंगी द्वारा एक युवक को डंडे से पिटाई करने के मामले में उस पर मुकदमा दर्ज हो गया है। इसकी वीडियो तेजी से सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर मंगलवार दिनभर वायरल होती रही थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की है। बिट्टू बजरंगी ने पिटाई की वीडियो अपने स्टेटस पर भी लगा ली थी। बाद में जब मामला गर्माया तो इसे हटा लिया गया। वीडियो में एक पुलिसकर्मी बीड़ी पीते हुए दिखाई दे रहा है। वह बिट्टू बजरंगी का गनमैन है। दरअसल 13 दिसंबर की आधी रात के बाद कुछ युवकों ने बिट्टू के भाई महेश को आग लगा दी थी। इससे उसकी मौत हो गई थी। यह मामला खूब गर्म रहा। इसके बाद बिट्टू की सुरक्षा बढ़ाते हुए उसे एक गनमैन दे दिया गया। अब गनमैन उनके साथ रहता है। वीडियो सुनने पर बिट्टू यह कह रहा है कि यह बच्चियों को बहला-फुसलाकर ले जाता है। पहले तीन-चार युवक एक युवक को पकड़कर उल्टा करते हैं। इसके बाद बिट्टू उसे तीन-चार डंडे मारता है। बिट्टू ने पीड़ित के पैर के ऊपर पैर रखे हुए हैं।

## मतदान की वजह से टल सकती है कार्यालय में तोड़फोड़

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर फिलहाल तोड़फोड़ का संकट टल सकता है। इस कारण यहां मतदान केंद्र नंबर 144, 145 और 146 का होना है। लोकसभा चुनाव के चलते यहां मतदान होगा। इसलिए ऐसी स्थिति में यहां तोड़फोड़ करना उचित नहीं होगा। इसलिए चुनाव के बाद ही यहां कोई कार्रवाई हो सकती है। पता चला है कि यह मामला जिला उपायुक्त के संज्ञान में आ गया है। यहां तोड़फोड़ के लिए जिला उपायुक्त की अनुमति जरूरी है। क्योंकि जिला उपायुक्त निर्वाचन अधिकारी भी हैं, इसलिए फिलहाल अनुमति मिलना आसान नहीं है। बता दें जिस जमीन पर स्थापित है, उसे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने अपना बताते हुए वहां प्लाटिंग कर दी है। प्राधिकरण की ओर से कार्यालय से सामान बाहर निकालने का नोटिस भी भेज दिया है। चार अप्रैल को तोड़फोड़ करने की योजना भी तैयार कर ली गई थी।

**पांच एकड़ है जमीन:** प्राधिकरण के कनिष्ठ अभियंता योगेश वशिष्ठ ने बताया कि सेक्टर-16 में जहां जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय है, वह कुल जमीन पांच एकड़ है। सेक्टर बसने के साथ यहां हाई स्कूल के लिए जमीन भी अलाट की गई थी, लेकिन यहां स्कूल निर्माण नहीं हो सका। बाद में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बना दिया गया। अब इस पांच एकड़ जमीन में से दो एकड़ जमीन स्कूल के लिए छोड़ दी गई है और बाकी तीन एकड़ पर प्राधिकरण प्लाटिंग कर रहा है। 350 वर्गगज के 28 प्लाट काट दिए हैं। बाकी काटे जाने बाकी हैं। जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यालय खाली करने से संबंधित दो बार नोटिस भेज दिया है। एक नोटिस कार्यालय में चस्पा कर दिया गया है। लेकिन विभाग की ओर से एक पत्र का भी जवाब नहीं दिया गया। उधर जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया मतदान केंद्र होने का हवाला देते हुए कह रहीं हैं कि इस समय यह कार्रवाई गलत है। इस बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## जैन समाज ने धूमधाम से मनाया जन्मकल्याणक

**पलवल।** पलवल सर्वोदय जैन तीर्थ में गणनी आर्यिका 105 अंतसमती माता जी के सानिध्य में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जी का जन्मकल्याणक बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह सबसे पहले भगवान का प्रक्षाल, पूजन, विधान हुआ। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया



## नशे में पत्नी की गला दबाने की कोशिश

**फरीदाबाद।** नशे में धुत व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने के इरादे से गला दबाने की कोशिश की। महिला ने पुलिस को सूचना दी, इसपर आरोपी पति फरार हो गया। पत्नी का आरोप है कि उनका पति गैंगस्टर नीरज फरीदपुरिया का आदमी है। थाना आदर्श नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-62 निवासी रेखा कौशिक ने बताया कि उनका पति विकास कौशिक उर्फ सन्नी शराब का सेवन करता है। नशे की हालत में उनका पति उनके साथ मारपीट करता है। महिला पहले भी अपने पति विकास के खिलाफ मारपीट की शिकायत सीएम विंडो पर कर चुकी है। इसके बाद उनके पति विकास ने लिखित तौर पर माफी मांगी। 31 मार्च को उनका पति विकास नशे में धुत होकर घर आया और गाली गलौज करने लगा। उसने महिला का गला दबाने की कोशिश की। आरोप है कि उनके पति का पिछले चार सालों से दूसरी महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। वह उसे मारने के बाद उस महिला के साथ रहना चाहता है। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मौके पर आने पर आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पीड़ित का आरोप है कि उनके पति का गैंगस्टर नीरज फरीदपुरिया के साथ संबंध है। उनके पति विकास ने पीड़ित महिला के परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।

## शिविर में टीम वर्क और अनुशासन का पढ़ा पाठ

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। विद्यालय की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने इस शिविर में टीम वर्क, अनुशासन, मैं नहीं आप, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, मतदान के लिए जागरूक करने, योगाभ्यास, आसन, प्राणायाम और राष्ट्र सेवा सर्वोपरि आदि के बारे में कार्य करते हुए सभी को जागरूक भी किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार और सीमा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई, पौधरोपण, प्राथमिक चिकित्सा, यातायात सुरक्षा, जल ही जीवन है, कम्युनिटी सर्विस एवम टीबी तथा नशा मुक्त भारत आदि के बारे में सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न जनचेतना रैलियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस शिविर में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने प्रतिदिन विद्यालय में स्वयंसेवकों को अपने अनुभव से लाभान्वित किया। प्राचार्य मनचंदा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य मैं नहीं आप के बारे में स्वयंसेवकों से कहा कि राष्ट्र सेवा में स्वयं को समर्पित करना ही एन एस एस का मूल सिद्धांत हैं। दूसरों के हित को सर्वोपरि मानना और उसी अनुसार कार्य करना ही राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम अधिकारियों प्राध्यापिका सीमा और प्राध्यापक सुनील कुमार ने प्रथम और द्वितीय इकाई की कैंप रिपोर्ट प्रस्तुत की। दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने शिविर के अनुभवों को सांझा करते हुए कहा कि उन्होंने एनएसएस के द्वितीय वार्षिक शिविर में प्रतिभागिता का अवसर प्राप्त हुआ और शिविर में बहुत अच्छे से विभिन्न सामाजिक विषयों के अंतर्गत गहन ज्ञान प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। शिविर में सराहनीय कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को विद्यालय खुलने पर प्रार्थना सभा में सम्मानित किया जाएगा। शिविर में बढ़ चढ़कर सहयोग करने पर प्राचार्य मनचंदा ने प्राध्यापक जितेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार एवं एनएसएस शिविर प्रभारी सुनील कुमार और सीमा का शिविर संचालन करने एवं सशिविर में स्वयंसेवकों ने टीम वर्क और अनुशासन का पाठ पढ़ा।

## सार्वजनिक संपत्ति पर वॉल पेंटिंग बनाना गैर कानूनी

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 18वीं लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। जिलाधीश ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्ध सरकारी संपतियों पर कोई भी वॉल पेंटिंग करना निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार गैर कानूनी है । ऐसा करने पर आरोपी के विरुद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने इस संबंध में सभी विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की पहले लिखित में अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने वाले चित्रकार/पेंटर को अपना नाम व मोबाइल नंबर भी पेंटिंग के नीचे लिखना होगा। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करवाने के लिए गठित की गई टीमों को निर्देश दिए गए हैं।

# सी-विजिल व टोल फ्री 1950 पर मामलों का गुरुग्राम में हो रहा सफलता से समाधान

## जिला में सी-विजिल एप पर 59 में से 40 मामलों का तय समय सीमा से भी पहले निपटारा

### टोल फ्री नंबर-1950 पर प्राप्त 1012 में 989 कॉल्स में किया गया नागरिकों की शंकाओं का समाधान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की सी-विजिल ऐप या मतदाता सूची व निर्वाचन संबंधी कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1950 आने वाली कॉल्स की मॉनिटरिंग के लिए लघु सचिवालय स्थित दूसरे तल पर स्थापित कंट्रोल रूम का लोग काफी लाभ ले रहे हैं। इस तरह से लोकसभा आम चुनाव 2024 में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन गुरुग्राम बेहद सजगता से कार्य कर रहा है।

भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। क्षेत्रवार सी-विजिल एप पर आने वाली शिकायतों को यह टीम निर्धारित समय से पहले ही समाधान कर रही है। बुधवार को सी-विजिल एप पर प्राप्त तीन शिकायतों का समाधान औसतन 50 मिनट के भीतर कर दिया गया जोकि निर्धारित समयसीमा से आधा था। गुरुग्राम जिला में सी-विजिल एप पर 59 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 40 का तय समय सीमा के भीतर निपटारा कर दिया गया। वहीं 19 शिकायत निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करती थी, जिसके चलते उन्हें भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ड्रॉप कर दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक सी-विजिल एप से एमसीसी संबंधी मामलों को प्रशासन के संज्ञान में लाए नागरिक उन्होंने जिला के नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल एप नागरिकों के अधिकारों को संरक्षित करता है। ऐसे में इस एप के माध्यम से नागरिक को आदर्श आचार संहिता से संबंधित मामलों को जिला प्रशासन के समक्ष लाना चाहिए।



आदर्श आचार संहिता की पालना से संबंधित मामलों व टोल फ्री नंबर 1950 पर आने वाली कॉल्स की मॉनिटरिंग के लिए लघु सचिवालय में स्थापित कंट्रोल रूम में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी वीरेंद्र सिंह।

**लघु सचिवालय के दूसरे तल पर कंट्रोल रूम**

सी-विजिल एप व टोल फ्री नंबर 1950 के लिए नोडल अधिकारी एवं जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी वीरेंद्र सिंह के मुताबिक जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय के दूसरे तल पर कमरा नंबर 206 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से सी-विजिल ऐप पर आने वाली शिकायतों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाती है। वहीं मतदाता सूची व निर्वाचन संबंधी कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर अब तक 1012 कॉल प्राप्त हुई है, जिनमें 989 को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। वहीं 23 कॉल निर्वाचन संबंधी कार्य को लेकर नहीं थी।

## गाड़ी सवार बदमाशों ने कंपनी कर्मी से मारपीट लूट और अपहरण किया

सोहना। बुधवार की सुबह शहर थाना के निकट कंपनी कर्मी के साथ मारपीट करते हुए 50 हजार रुपये लूटने और अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि स्थानीय पुलिस उक्त मामले संज्ञान में न आने का दावा कर रही है।

बुधवार की सुबह खंड का गाव हाजीपुर निवासी रलि दत्त ने बताया कि शहर थाने से मात्र 125मीटर दूर मिठाई की दुकान के पास खड़ा होकर अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था। सी समय एक गाड़ी उसके पास आकर रुकी। 2/3 बदमाश प्रवृति नौजवान उसमें से नीचे उतरे। एक बदमाश ने उसे पकड़ साथ लाए गाड़ी की तरफ खिंचते हुए अंदर गिरा लिया। सभी बदमाश से गाड़ी में सवार होकर उसे गुरुग्राम की तरफ लेकर चल दिए। कुछ चलने के बाद उसके मुंह में कपड़ा भर दिया और उसे सीट के नीचे बैठाते हुए दबा लिया। बदमाश गाड़ी खो गांवों के रास्ते से निकालते हुए लेकर जा रहे थे।

## सभी बल्क वेस्ट जनरेटर 30 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएं: डा. बांगड़

### गैर-बल्क वेस्ट जनरेटर भी पोर्टल पर स्व-घोषणा करके छूट का उठाएं लाभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में स्थित ऐसे रिहायशी क्षेत्रों की आरडब्ल्यूए, औद्योगिक, वाणिज्यिक व संस्थागत इकाईयों के प्रबंधक, जिनके यहां प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा पैदा होता है, वे 30 अप्रैल तक स्वयं को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत करें। इसके साथ ही गैर-बल्क वेस्ट जनरेटर भी छूट का लाभ उठाने के लिए पोर्टल पर स्व-घोषणा जरूर करें।

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने बताया कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक का कचरा उत्पन्न करने वालों को बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में रखा गया है। नियम के तहत इन्हें प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का स्वयं के स्तर पर अपने ही परिसर में निष्पादन करना अनिवार्य है। इसके लिए सबसे पहले गीले, सूखे व हानिकारक कचरे को अलग-अलग करना तथा उसका निष्पादन करने की जिम्मेदारी तय की गई है। बल्क वेस्ट जनरेटर अपने परिसर में ही स्वयं के स्तर पर गीले कचरे से खाद या बायोगैस बना सकते हैं तथा सूखा व हानिकारक कचरा अधिकृत रिसायकलर को सौंपकर अपनी जिम्मेदारियों का निवर्हन करें। अगर बल्क वेस्ट जनरेटर नियमों की अवहेलना करता है, तो नियमों उसके खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान भी किया गया है, जिसके तहत भारी जुर्माना लगाया जाता है।



डा. नरहरि सिंह बांगड़।

निगमायुक्त ने कहा कि बल्क वेस्ट जनरेटरों को तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए इस कार्य में निपुण एजेंसियों को ऐंपैनल किया हुआ है। बल्क वेस्ट जनरेटर ऑनलाइन पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएं, जहां पर उनको एजेंसियों के बारे में भी जानकारी मिल जाएगी। सभी बल्क वेस्ट जनरेटर 30 अप्रैल तक स्वयं को पोर्टल पर पंजीकृत करवाएं तथा ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पालना सुनिश्चित करके जुर्माने जैसे दंड प्रावधानों से अपना बचाव करें।

# 400 पार के लक्ष्य को हम सब मिलकर करेंगे पार: आशा गगन गोयल

### महावीरपुरा में महिलाओं को दी योजनाओं की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी सदस्य आशा गगन गोयल ने महावीरपुरा में सुनीता सेन के यहां महिलाओं के साथ बैठक की। बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर तीसरी बार 400 पार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 400 पार के लक्ष्य को हम सब मिलकर पार करेंगे। इस दौरान सुनीता सेन के अलावा मनीष सेन, निशा भारद्वाज समेत अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

आशा गगन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पिछले 10 साल में उन्होंने देश को ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। देश में गरीबों का मुफ्त अन्न देकर उन्होंने लाभान्वित किया है। कोरोना महामारी में भारत के साथ दुनिया के अन्य देशों में वैक्सीन पहुंचाई।

उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना से पारंपरिक कौशल और हस्तशिल्प से जुड़े कामगारों को लाभा मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के गरीब और बेघर लोगों को अपना आवास बनवाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से सहायता राशि दी जाती है। इस राशि की मदद से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक, खुद का घर बनवाने में सक्षम हो पाते हैं।



महिलाओं को जागरुक करती आशा गगन गोयल

# भारत विकास परिषद शहीद भगत सिंह शाखा के अध्यक्ष बनें अमित गोयल

### बिजेंद्र गर्ग को सचिव व अनिल गुप्ता को बनाया गया कोषाध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भारत विकास परिषद शहीद भगत सिंह शाखा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

भारत विकास परिषद शहीद भगत सिंह शाखा के चुनाव यहां सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इसमें समाजसेवी अमित गोयल को शाखा के अध्यक्ष चुना गया। उनके अलावा बिजेंद्र गर्ग को सचिव, अनिल गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। पर्यवेक्षक विजय अग्रवाल की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए।

शहिद भगत सिंह शाखा के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर मंदीप किशोर गोयल व महेंद्र अग्रवाल को शाखा का सरंक्षक बनाया गया। भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय सचिव अरुण अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष अनिल बंसल, प्रांतीय महासचिव ऋषि अग्रवाल, राजीव गुप्ता, जगदीश अग्रवाल, अनिल सिंगला, वीपी अग्रवाल, मनोज गुप्ता, अशोक गुप्ता, अरुण बंसल, शिव दयाल गुप्ता, विनोद अग्रवाल उपस्थित रहे। अमित गोयल भारत-तिब्बत सहयोग मंच के हरियाणा प्रांत प्रमुख समेत कई अन्य संस्थाओं में अहम दायित्व की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। पूर्व में वे सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन भी रह चुके हैं। उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए रेलवे सलाहकार सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल भी बढ़ाया गया है। अब भारत विकास परिषद शहीद भगत सिंह शाखा के अध्यक्ष का दायित्व उन्हें दिया गया है। इस पद का दायित्व पूर्व में डॉक्टर मनदीप गोयल संभाल रहे थे।

अमित गोयल ने भाविप शहीद भगत सिंह शाखा का अध्यक्ष बनाए जाने पर संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास भारत विकास परिषद ने जताया है, उस पर वे सदा खरे उतरने का प्रयास करेंगे। समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर से भी बेहतर काम करने का प्रयास उनकी तरफ से रहेगा। अमित गोयल ने कहा कि भारत विकास परिषद सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण का ध्येय लेकर काम करता है। इन बिन्दुओं पर काम करते हुए, समाज में एक नई जागृति लायी जाती है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद से जुड़कर वे समाज के हित में काम करेंगे।

## गुरुग्राम में 11 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

गुरुग्राम। अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 मई को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी उपरोक्त अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मार्च को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है।

## फोनपे ने स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के साथ साझेदारी करते हुए मासिक पेमेंट विकल्पों के साथ इंश्योरेंस ऑफर किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फोनपे ने आज ग्राहकों को मासिक और सालाना पेमेंट के विकल्पों के साथ हेल्थ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के लिए भारत की सबसे बड़ी रिटेल हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टार हेल्थ इंश्योरेंस) के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी से, अब फोनपे ऐप पर यूजर 1 करोड़ रुपये तक के कवरेज वाला 'स्टार कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस पॉलिसी' ले सकेंगे। पहले अपने मोटर इंश्योरेंस प्रोडक्ट के साथ बाजार में खूब सफल होने के बाद, इस लॉन्च से PhonePe ने हेल्थ इंश्योरेंस केटेगरी में अपने यूजर के लिए नए विकल्प पेश किए हैं। इस साझेदारी के जरिए, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंश्योरेंस को ग्राहकों के लिए पहली बार मासिक प्रीमियम पेमेंट प्लान के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। यह इस इंडस्ट्री में फोनपे की ओर से लाया गया अपने तरह का पहला प्लान है। यूजर UPI ऑटोपे मैंडेट के साथ अपने प्रीमियम के पेमेंट का विकल्प भी चुन सकते हैं और सुविधाजनक अनुभव का लुत्फ उठा सकते हैं। यह कदम इस जरूरी विचार को ध्यान में रखकर लिया गया था, कि हर महीने छोटे पेमेंट से यूजर का फाइनेंशियल बोझ कम किया जा सकता है और वे अपना खर्चा बढ़ाए बिना ज्यादा बेहतर इंश्योरेंस कवरेज चुनने के लिए सशक्त और सक्षम बन सकते हैं। स्टार कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस पॉलिसी सबसे लोकप्रिय फायदों जैसे OPD और मेटरनिटी कवरेज वाली एक पावर-पैक इंश्योरेंस प्लान है। फोनपे के यूजर बेस के साथ की गई मार्केट रिसर्च से पता चलता है, कि हेल्थ इंश्योरेंस खरीदते समय ये दो सुविधाएँ ग्राहकों की पसंदीदा हैं। स्टार कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी एक एंड-टू-एंड हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी है, जिसमें 1 करोड़ रुपये तक की रकम इंश्योर्ड है। यह पॉलिसी रोड एम्बुलेंस और एयर एम्बुलेंस के खर्च, इंश्योरेंस की सीमा तक बाह्य रोगी मेडिकल कंसल्टेंसी, डेंटल और आफ्थैल्मिक ट्रीटमेंट के लिए आउटपेशेंट कवरेज, डीलवरी खर्च, ऑर्गन डोनर खर्च को कवर करती है। साथ ही, नवजात शिशुओं के लिए कवरेज देती है, जिसमें जन्म के समय की किसी भी बीमारी के इलाज का खर्च भी शामिल है। इसमें नवजात शिशु के जन्म से लेकर उसके एक साल का हो जाने तक टीकाकरण का खर्चा भी शामिल है। इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य को इंश्योर्ड रकम तक के लिए कवर किया जाता है। यह पॉलिसी, डे केयर प्रक्रियाओं के लिए सब-कवरेज पर लागू नहीं होती है। दुर्घटना में मृत्यु और स्थायी पूर्ण दिव्यांगता को 1 करोड़ तक के लिए कवर किया जाता है।





## दो दिन में नमी के कारण नहीं हो सकी गेहूं की सरकारी खरीद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

स्थानीय अनाज मंडी में बीते दो दिन में गेहूं की सरकारी खरीद नहीं हो सकी है। किसानों द्वारा लाया गया गेहूं में गीलापन होने से सरकार के खाते में नहीं खरीदा गया है।

स्थानीय अनाज मंडी में एक अप्रैल से सरसों के बाद गेहूं की भी सरकारी खरीद शुरु हो गई है। लेकिन बीतें दो दिन में सरकारी एजेंसियां ने गेहूं का एक दाना भी नहीं खरीदा है। जिसका कारण किसान द्वारा लाया गया गेहूं में गीलापन अधिक होने के कारण सरकार द्वारा तय मानकों को पूरा नही कर रहा है। अभी खेतों में गेहूं की फसल की कटाई पूर्णरूप से शुरु भी नहीं हुई है। सरकार के द्वारा तय मानकों के आधार पर गेहूं को आने में भी 4 से 6 दिन लग सकते है।

**दो एजेंसी करेंगी खरीद**

इस बार गेहूं की सरकारी खरीद की जिम्मेदारी दो सरकारी एजेंसियों को सौंपी गई है। स्थानीय मंडी में सरसों की खरीद करने वाली हैफेड के साथ-साथ हरियाणा वेयर हाउस कॉर्पोरेशन को दी गई है। दोनों एजेंसियां एक-एक दिन बारी-बारी से गेहूं की सरकारी खरीद करेंगी।



सोहना की अनाज मंडी में गेहूं की आवक हुई शुरु

दोनों ही एजेंसियां ने दो दिन में गेहूं का एक दाना तक नहीं खरीदा है।

गेहूं की सरकारी खरीद अभी शुरु हुई है। जिसकी खरीद का समय लंबा चलेगा। किसान अपने खेत खलिन पर गेहूं का सूखाकर लाए। जिससे मंडी में सरकारी खरीद के दौरान किसान की फसल को तुरन्त खरीदा जा सके। - (मुकेश कुमारी-खरीद अधिकारी हैफेड)

# हनुमान चालीसा पाठ मुहिम ने पार किया 6 लाख 1 हजार का आंकड़ा

### समाजसेवी बोधराज सीकरी के प्रयासों से जारी है यह पहल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

समाजसेवी बोधराज सीकरी द्वारा चलाई जा रही हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत आयोजन टैक्स कंसलटेंट राजकुमार कथूरिया और टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अपने कार्यालय ज्योति पार्क में किया। इसमें 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने अपनी भागीदारी की।

अब तक 253 स्थानों पर 43,393 साधकों द्वारा 601,562 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं। पंडित भीम दत्त ने पूजा करवायी, मंत्रों का उच्चारण किया। ज्योत प्रचंड करवायी। गजेन्द्र गोसाई ने मंगलाचरण उपरांत शंख ध्वनि करवायी और ओम् के उच्चारण से हनुमान चालीसा के पाठ का शुभारंभ किया। 21 बार पाठ होने के उपरांत 108 राम नाम का माला जाप किया गया। अपने संबोधन में बोधराज सीकरी ने कहा कि मेरा उद्देश्य आज के युवा को संस्कारवान बनाना है जो ग्रंथों से संभव होगा। वे चाहते हैं कि हर घर से राम और सीता निकले, ताकि हम विश्व गुरु की राह पर चलना शुरू करें। बोधराज सीकरी ने युवा को बल दिया कि अगर आपको रामायण समझ नहीं आती है तो किसी बुद्धिजीवी को संपर्क करें। फिर भी अगर नहीं समझ आती तो भी बार-बार पढ़ें। क्योंकि इसी बहाने आपके मुख से 1443 बार राम का नाम उच्चारित होगा। इसी प्रकार 147 बार मां सीता का नाम उच्चारित होगा। अंत में अरण्य कांड के उस दृश्य का वर्णन किया, जिसमें ऋषियों की हड्डियों के ढेर को देखकर राम ने शपथ ली कि मैं पृथ्वी को निश्चर हीन कर दूंगा। बोधराज सीकरी ने बताया कि अगले मंगलवार 9 अप्रैल को हनुमान चालीसा का पाठ गीता आश्रम, ज्योति पार्क में होगा।



हनुमान चालीसा पाठ मुहिम में भाग लेते श्रद्धालु।

# ऐमिल आयुथ्वेदा ने की जेनेलिया देशमुख के साथ एक्सपर्ट की सुनो एक्सपेरिमेंट मत करो कैंपेन की शुरूआत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्राचीन आयुर्वेदिक विज्ञान को आधुनिक ज्ञान के साथ मिलाकर, त्वचा की बेहतर देखभाल के लिए अयुथवेदा जो कि 40 वर्षों का अनुभव रखने वाले एमिल ग्रुप का हिस्सा लाया है, #एक्सपर्टकीसुनोएक्सपेरिमेंटमतकरो कैंपेन। इस कैंपेन का उद्देश्य त्वचा की समस्याओं से जूझ रहे लाखों लोगों की मदद करना है और उनसे उम्मीद करना है, कि वो इस के लिए विशेषज्ञों की सलाह को सुनें। अयुथवेदा के बेहद लाभकारी गुणों के साथ साथ, आप विशेषज्ञों की सलाह मान सकते हैं और त्वचा की देखभाल से जुड़े तरीकों को अपना सकते हैं।

प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख, एमिल अयुथवेदा फेस केयर रेंज की ब्रांड एंबेसडर और एमिल अयुथवेदा के संस्थापक और विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉ. संचित शर्मा के द्वारा संचालित, इस कैंपेन का उद्देश्य, त्वचा की देखभाल से जुड़े ऐसे उपाय बताना है, जो वाकई में त्वचा को बेहतर रखने में मदद करें। यह कैंपेन अयुथवेदा के लिए एक ऐसा प्रतीक है, जिसमें यह युवाओं को श्रेष्ठ आयुर्वेदिक उत्पाद देने के अपने वादे को पूरा करता है।

इस उद्देश्य से काम करते हुए, आयुर्वेद पर आधारित त्वचा के लिए सुरक्षित उत्पाद देने के एमिल अयुथवेदा के मिशन पर, डॉ. संचित ने कहा, "हम चाहते हैं, कि युवापीढ़ी एमिल अयुथवेदा के साथ आयुर्वेद की महानता को समझे, जिसमें प्रकृति की शुद्धता को एक नया रूप देकर, त्वचा को युवा बनाये रखने में सहायता मिल सके। हम 40 वर्षों के भरोसे और कुशलता के आधार पर, त्वचा की देखभाल के लिए आयुर्वेद से त्वचा को बेहतर बनाने वाले वैज्ञानिक उत्पाद लाये हैं। हमारा हर उत्पाद त्वचा के लिए, सुरक्षित और असरदार देखभाल प्रदान करता है, जो हमारी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। हमारा मानना है, कि त्वचा की देखभाल का मतलब सिर्फ बाहरी सुंदरता से ही नहीं है, यह आपकी त्वचा को पूरी तरह से बेहतर बनाने के बारे में भी है। एमिल अयुथवेदा के साथ, हमारा उद्देश्य त्वचा की देखभाल के लिए ऐसे उत्पाद बनाना है, जो आपकी त्वचा के स्वास्थ्य के साथ-साथ आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा दे सकें।'' एमिल अयुथवेदा के पास अलग-अलग प्रकार की त्वचा के लिए फेस केयर उत्पादों की एक श्रृंखला है।



## इनडीड ने नियुक्तियों की प्रक्रिया तेज बनाने के लिए एआई-पॉवर्ड उत्पाद 'स्मार्ट सोर्सिंग' लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



ग्लोबल जॉब मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म एवं रिक्रूट होल्डिंग्स की सब्सिडियरी, इनडीड ने आज एक नया एआई-पॉवर्ड उत्पाद लॉन्च किया, जो नियुक्ति की प्रक्रिया को सरल बनाकर उसमें तेजी लाएगा।

इनडीड ने स्मार्ट सोर्सिंग के लिए एक एआई-पॉवर्ड टूल पेश किया है, जो नियोक्ताओं को इनडीड पर साझा किए गए प्रोफाइल और रिज्यूमे के आधार पर लगभग 300 मिलियन कर्मचारियों में से एक सक्रिय प्रतिभा पूल का चयन करने में समर्थ बनाता है। इनडीड का एआई-पॉवर्ड मैचिंग इंजन व्यक्तिगत कौशल, अनुभव और योग्यता के आधार पर उनके नौकरी के लिए सबसे अच्छे उम्मीदवारों की सूची प्रदान करता है। नियोक्ता इन उम्मीदवारों के प्रोफाइल की समीक्षा कर सकते हैं, और उनसे सीधे संपर्क कर तुरंत उनकी नियुक्ति कर सकते हैं।

नियोक्ताओं के लिए नियुक्ति करना चुनौतीपूर्ण होता है, इनडीड के एक सर्वे में सामने आया है कि आवश्यक कौशल वाले सही लोग चुनना नियोक्ताओं की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। भारत में, 76 प्रतिशत नियोक्ताओं को आवश्यक कौशल वाले योग्य उम्मीदवार तलाशने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। इनडीड की एआई-पॉवर्ड स्मार्ट सोर्सिंग योग्य उम्मीदवारों का एआई-जनरेटेड विवरण प्रदान करती है, जिससे नियोक्ताओं को नौकरी की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार तलाशना आसान हो जाता है। इस उत्पाद में एआई-जनरेटेड आउटरीच फीचर को कस्टमाइज किया जा सकता है, जिसकी मदद से संभावित उम्मीदवारों को उनके रिज्यूमे और नौकरी के विवरण के आधार पर व्यक्तिगत संदेश भेजकर उनसे संपर्क करने की प्रक्रिया सुव्यवस्थित हो जाती है और नियुक्ति की प्रक्रिया में समय की बचत होती है तथा एफिशिएंसी बढ़ती है। सर्वे में यह भी सामने आया कि आज 83 प्रतिशत भारतीय नियोक्ता नियुक्ति प्रक्रिया में एफिशिएंसी बढ़ाने और समय बचाने के लिए डिजाइन किए गए नियुक्ति प्लेटफॉर्म को आवश्यक मानते हैं।

इनडीड में सीनियर प्रोडक्ट डायरेक्टर, अभिषेक धस्माना ने कहा, "इनडीड में हमारा मानना है, कि किसी संगठन की सफलता वहाँ के लोगों में निहित होती है। हम इसी कारण से नियुक्ति प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और केवल इसकी एफिशिएंसी बढ़ाना ही नहीं चाहते हैं, बल्कि नियोक्ताओं और नौकरी के उम्मीदवारों, दोनों को एक सकारात्मक अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।''

अभिषेक ने कहा, "हमें एक इनोवेटिव एआई-पॉवर्ड "स्मार्ट सोर्सिंग" पेश करने की खुशी है, जिससे भारत में नौकरी की मैचिंग और नियुक्ति प्रक्रिया में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।''





गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष कमल यादव का स्वागत करते जिला सचिव प्रवीण अग्रवाल व अन्य।

## जिला सचिव बनाने पर प्रवीण अग्रवाल ने किया जिलाध्यक्ष का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला अध्यक्ष कमल यादव द्वारा जिला सचिव का दायित्व दिए जाने पर प्रवीण अग्रवाल ने भाजपा कार्यालय में गुरुग्राम के प्रतिष्ठित गणमान्यों के साथ जिला अध्यक्ष का स्वागत करने के लिए एकत्र हुए।

जिला भाजपा अध्यक्ष कमल यादव का वैश्य समाज के अध्यक्ष राम निवास मंगला, जैन समाज के अध्यक्ष रविंदर जैन, सेक्टर-14 के पार्षद अनूप सिंह सहित सम्मानित सदस्यों ने स्वागत किया।

साथ ही सेक्टर-15 के आरडब्ल्यूए प्रमुख अंशुल महेश्वरी, आरडब्ल्यूए सेक्टर-14 के सचिव विकास वर्मा, उद्योगपति विनय शंकर, मामचंद गुप्ता, हितेश गुप्ता, हरीश चंद गुप्ता, माड्रमल स्कूल के चेयरमैन मनोज गुप्ता, सदर बाजार के व्यवसायी, युवा नेता और सेक्टर-14-15 के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

# चुनाव में वैकल्पिक पहचान-पत्र से भी डाल सकते हैं वोट : खड़गटा

**चुनाव आयोग ने एपिक कार्ड के अलावा 11 अन्य वैकल्पिक आईडी की दी मंजूरी**

**मतदाता सूची को चेक कर अब भी बनवा सकते हैं अपना वोट**

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**लोकसभा** चुनाव के तहत 25 मई को होने वाले मतदान में जिला का प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करे। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर ले कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं, अगर किसी कारण से उसका नाम अभी भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो वह अपने बीएलओ व ऑनलाइन आवेदन कर अभी भी वोट बनवा सकता है। मतदान के दिन यदि किसी मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान-पत्र के माध्यम से भी वोट डाल सकता है। इसके लिए चुनाव आयोग ने एपिक कार्ड के अलावा 11 अन्य वैकल्पिक आईडी की मंजूरी दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। मतदाता सूची में नाम दर्ज होने और मतदाता पहचान पत्र न होने की स्थिति में वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान-पत्र में से कोई एक आईडी के साथ अपना वोट डाल सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है। चुनाव आयोग द्वारा वोट डालने के लिए जिन वैकल्पिक दस्तावेज की मंजूदी दी गई है, उनमें पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट सीईओ.ईसीआईहरियाणा.जीओवी.इन पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूची अपलोड है, उसे डाउनलोड करके कोई भी व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची चेक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट चेक कर सकते हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संविधान में देश के सभी नागरिकों को समान रूप से अपने मत का प्रयोग का अधिकार दिया गया है। अब जिस व्यक्ति व य युवा की आयु एक अप्रैल 2024 को 18 साल पूरी हो चुकी है, वे अपना वोट बनवाएं और लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। चुनाव आयोग की वेबसाइट व मोबाइल वोटर हेल्पलाइन एप के द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अपने संबंधित बीएलओ या लघु सचिवालय स्थित चुनाव कार्यालय में भी ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तारीख से दस दिन पहले तक नया वोट बनवाया जा सकता है।

# तावडू में अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर पालिका अधिकारियों से इनेलो नेता की हुई नोक-झोंक

## पुलिस ने नेता को लिया हिरासत में, समर्थक पहुंचे थाना परिसर

**नगर वासियों ने प्रशासन की कार्रवाई पर उठाए सवाल**

पायनियर समाचार सेवा। तावडू





**नगर** पालिका प्रशासन द्वारा बुधवार को चलाए गए अतिक्रमण हटाओ के दौरान जमकर विवाद हुआ।रमजान माह में चले अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर नगरवासियों में पहले ही नाराजगी थी।जबकि नगर पालिका कर्मचारियों की कार्यशैली को देखते हुए विवाद होना भी स्वाभाविक लग रहा था। इस दौरान प्रशासन की टीम द्वारा अतिक्रमण को लेकर 33 चालान किए गए।प्रशासन की टीम जब नगर के लखपत चौक पर स्थित इनेलो नेता के प्रतिष्ठान से अतिक्रमण हटाने लगी तो विवाद हो गया।जो इतना तूल पकड़ गया कि नगर पालिका प्रशासन के अधिकारी और इनेलो नेता,उसके समर्थकों और स्थानीय लोगों के बीच जमकर नोक झोंक हो गई।स्थिति को समझते हुए नगर पालिका के अधिकारी ने एसडीएम को सूचना दी।

एसडीएम ने भी तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस पहुंच गई। पुलिस पहुंचने से भीड़ एकत्रित हो गई।करीब 20 मिनट तक नगर पालिका प्रशासन और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व इनेलो नेता राकेश गर्ग के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस नेताजी को हिरासत में लेकर थाने में ले आई।जहां नगरवासी भी पहुंच गए। हालांकि बाद में एसडीएम के ही निर्देश पर नेताजी को छोड़ दिया गया।

वहीं नगरवासियों ने प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान को रमजान माह में उचित नहीं ठहराया।नगर के दुकानदारों,फल सब्जी विक्रेता और रेहडी वालों का कहना है कि रमजान माह में ईद की खरीदारी ज्यादा होती है। ऐसे में बाजारों में भीड़ स्वाभाविक है। प्रशासन द्वारा नगर में पार्किंग के लिए कोई स्थान चिन्हित नहीं किया गया है।फल सब्जियों की रेहडी लगाने वालों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रशासन सिर्फ एक सीमित दायरे में एक तरफा कार्रवाई करता है। अतिक्रमण करने वाले बड़े लोगों पर कार्रवाई नहीं करता। उन्होंने बताया कि प्रशासन की टीम ने जबरन उनका चालान भी काट दिया। जिन्होंने कोई अतिक्रमण नहीं किया था। पालिका कर्मचारियों ने दुर्व्यवहार करते हुए सामान को जब्त किया। इसी तरह चालान काटने और सामान जब्त करने की कार्रवाई करती हुई टीम विजय चौक पर पहुंची।जहां के कुछ लोगों की नगरपालिका में गहरी सांठगाठ है।जिसके चलते उनके प्रतिष्ठानों को छोड़ दिया।टीम लखपत चौक पर पहुंची तो अतिक्रमण को लेकर एक स्थानीय दुकानदार और नगर पालिका कर्मचारियों में विवाद हो गया।विवाद इतना बढ़ा कि एक तरफ से अधिकारी पहुंचे तो दूसरी तरफ से इनेलो नेता राकेश गर्ग।

अतिक्रमण भी नेताजी के परिवार के ही लोगों का ही बताया गया। जब प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने का प्रयास हुआ तो इनेलो नेता ने विरोध तेज कर दिया।फिर काफी देर तक नोक झोंक हुई। एसडीएम को सूचना मिली तो पुलिस को सूचित किया। थोडी देर बाद पुलिस पहुंची। जो इनेलो नेता को जबरन गाड़ी में बिठा कर शहर थाने ले आइ। जहां पर करीब बीस मिनट तक उन्हें नीचे बिठाकर छोड़ दिया गया।हालांकि नगर पालिका प्रशासन की ओर इनलो नेता राकेस गर्ग के विरुद्ध पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई।

वहीं गुस्साए लोग शहर थाना परिसर में पहुंच गए।एक जानकारी के मुताबिक एसडीएम के निर्देश पर नेता जी को छोड़ दिया गया। नेता पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न का आरोप था।

इस बारे में एसडीएम संजीव कुमार का कहना है कि नगर में किसी का भी अवैध कब्जा है तो प्रशासन का डंडा चलेगा। बाधा उत्पन्न करने पर नियम अनुसार कार्रवाई भी होगी।उन्होंने कहा कि बुधवार को भी उनके ही आदेश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था।

बता दें कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा बुधवार को नूंह पटौदी चौक से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। पूरे अभियान के दौरान 33 चालान किए गए कल 16500 का जुर्माना ठोका गया जबकि 11950 रुपये जुर्माना वसूला। अभियान के शुरू होने से ही नगर पालिका के कर्मचारियों पर दुर्व्यवहार और जबरदस्ती का आरोप लगा था। जो थोड़ी देर बाद लखपत चौक पर देखने को मिला। जहां नेताजी के प्रतिष्ठान पर अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया तो नगर पालिका प्रशासन के तेवर ढीले पड़ गए। जबकि रेहडी पटरी और फल विक्रेताओं पर आसानी से चालान की रकम प्रशासन ने वसूली।

## निजी स्कूलों की मान्यता को लेकर सख्त शिक्षा विभाग



**नूंह।** जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी के स्तर पर एक कमेटी गठन की गई थी। जिसको गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को सर्च करना था। उसके बाद उनको आदेश दिया गया कि उनको एक नोटिस भेज दिया जाए ताकि उनको अपना कोई पक्ष रखना है। जरूरी दस्तावेज कमेटी के सम्मुख प्रस्तुत करने हैं तो वह कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बोले कि बहुत से स्कूल ऐसे हैं जो कमेटी के सामने पहुंचे ही नहीं। तकरीबन 70 निजी स्कूल गैर मान्यता मिले हैं, उनको एक मौका दिया गया है कि आगामी शुक्रवार तक संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के वहां पर अपने दस्तावेज चेक करवा सकते हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने कहा कि जिले में लगभग 240 निजी स्कूल चल रहे हैं, जिनमें से 70 स्कूल ऐसे पाए गए हैं जिनके पास मान्यता नहीं है। वह स्कूल ऐसे हैं, जिनके पास हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का एक पत्र होता है। जिनको मान्यता दी जाती है, अगर उनके पास है तो वह अपने स्कूल में उस दस्तावेज को रखे। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल दाखिला तो कर लेते हैं, लेकिन दूसरे ब्लॉक या दूसरे जिले में बच्चों के नाम को इनरोल कर देते हैं। क्लास अपने स्कूल में लगाते हैं। अभिभावकों को इस बारे में पता नहीं होता, बाद में अभिभावकों को काफी दिक्कत आती है।

# शादी कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**नूंह** में बेटियों (लडकियों) की शादी में कन्यादान देने के नाम पर लोगों से धोखाधडी कर रकम ऐंठने वाले मौलाना अरशद पुत्र फजरुद्दीन निवासी बुबलहेडी व राशीद पुत्र मजीद निवासी मुराकसर थाना हथीन जिला पलवल को निरीक्षक रतन सिंह, प्रबन्धक थाना नगीना के नेतृत्व में गठित टीम ने दबोचने में सफलता हासिल की है । थाना नगीना पुलिस ने दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेशकर पूछताछ व बरामदगी के लिये पुलिस रिमांड पर लिया है।



आपको बता दें कि जुबेदा पत्नी कमालूद्दीन निवासी नांगल शाहपुर तहसील नगीना, जिला नूंह ने थाना नगीना में एक दरखास्त अपनी बेटी की शादी कराने व कन्यादान देने के नाम पर मौलाना अरशद व राशीद उपरोक्त एवं उनके अन्य साथियों द्वारा उससे धोखाधडी कर करीब 02 महिने पहले 1,10,000 रुपये, कन्यादान के रुप में एक मोटरसाईकिल स्पलेंडर, पूरा शादी का सामान व 21,000 रुपये नकद कन्यादान के रुप में देने की बात कहकर लेने बारे पेश की। जिस पर थाना नगीना में संबंधित धाराओं के तहत उपरोक्त सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके निरीक्षक रतन सिंह, प्रबन्धक थाना नगीना के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी राशीद उपरोक्त को बडकली चौक नगीना से व मौलाना अरशद उपरोक्त को गांव बुबलहेडी से काबू कर गिरफ्तार किया। प्रथम पूछताछ पर दोनों आरोपियों ने अपने अन्य साथियों की मदद से करीब 1400 लोगों से बेटी की शादी में कन्यादान देने के नाम पर धोखाधडी करके करीब 14 करोड रुपये लेना कबूल किया है।

# जिले में बगैर मान्यता के चल रहे 70 स्कूल, होगी कार्रवाई

**फिरोजपुर झिरका ।** प्रदेश के पिछड़े जिले नूंह में शिक्षा विभाग के दावे के मुताबिक 70 प्राइवेट स्कूल बिना मान्यता के चल रहे हैं। जिन पर कार्रवाई करने के लिए विभाग ने पहल शुरू कर दी है।

विभागीय अधिकारियों ने नूंह, फिरोजपुर झिरका, नगीना, पुन्हाना और तावडू में चल रहे 70 ऐसे निजी स्कूलों की सूचि जारी की है। जिनके पास मान्यता नहीं है। विभाग द्वारा जारी की गई सूची में से यदि किसी स्कूल के पास मान्यता है तो वह शुक्रवार को अपने खंड शिक्षा अधिकारी के पास दस्तावेज जमा करा सकता है।

इन स्कूलों पर कार्रवाई के लिए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किये जा चुके हैं। बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूलों पर अभियान चलाकर जल्द कार्रवाई होने जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने निजी स्कूलों में बच्चों का दाखिला कराने वाले अभिभावकों से भी अपील की है कि जिन स्कूलों के पास मान्यता नहीं है, ऐसे प्राइवेट स्कूलों में बच्चों का दाखिला न कराया जाए।

# चुनाव ड्यूटी महत्वपूर्ण, इसे इमानदारी से निभाएं : एएसपी

**उप पुलिस अधीक्षकों, थाना अध्यक्षों, पुलिस पेट्रोलिंग पार्टियों तथा एफएसटी व एसएसटी के साथ नियुक्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की एएसपी ने ली बैठक**

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**लोकसभा** चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने तथा सभी राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार में समान अवसर देने तथा चुनाव की घोषणा के साथ ही लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना के उद्देश्य से जिला में फ्लाइंग स्क्वायड व सर्विलेंस टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों के साथ पुलिस बल भी तैनात रहेगा तथा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टियां अलग से सक्रिय रहेंगी।

सहायक पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में सभी उप पुलिस अधीक्षकों, थाना अध्यक्षों, पुलिस पेट्रोलिंग पार्टियों तथा एफएसटी व एसएसटी के साथ नियुक्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक हुई। इस बैठक में चुनाव के दौरान पुलिस के कार्यों व डयूटी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्यवाही की जानी है।

चुनाव प्रचार के दौरान गाड़ी या लाउड स्पीकर के प्रयोग की अनुमति लेना आवश्यक है। रैली स्थल व पोस्टर, बैनर के लिए भी स्थान निर्धारित किए जाएंगे। चुनाव प्रचार के दौरान राजनैतिक दल या उम्मीदवार या उनका समर्थक अगर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं या किसी जाति, धर्म, समुदाय के खिलाफ टिप्पणी करते हैं या उनके लिए भय व डर का वातावरण बनाते हैं तथा इसके साथ ही किसी प्रकार के कैश या अवैध शराब की मूवमेंट होती है तो इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों के साथ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी साथ रहेंगे। यह सभी टीमें 24 घंटे फील्ड में सक्रिय रहेंगी। इसलिए चुनाव की इस ड्यूटी को बहुत ही महत्वपूर्ण मानते हुए इसे ईमानदारी से निभाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कोई भी संदिग्ध गतिविधि होने पर इसकी सूचना संबंधित थाना अध्यक्ष, संबंधित उप पुलिस अधीक्षक, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम व एआरओ तथा जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त को अवश्य दें।

एएसपी सोनाक्षी सिंह ने बताया कि चुनाव डयूटी के लिए एक संचार योजना (कम्युनिकेशन प्लान) बनाई जाएगी, जिसके लिए सभी संबंधित के मोबाइल व संपर्क नंबर उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि कोई भी घटना होने पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाई जा सके। मीटिंग में नायब तहसीलदार निर्वाचन राजेंद्र सिंह ने सभी अधिकारियों को एफएसटी, एसएसटी टीमों के कार्यों व कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई गई और अपील की गई कि वे अपने आसपास के लोगों, परिवार के सदस्यों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें तथा लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस अवसर पर डीएसपी सुरेंद्र सिंह, कप्तान सिंह, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार भी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रिंसिपल को खंड शिक्षा अधिकारी बनाए जाने पर बधाई

**फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका के बायज सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल उमर मोहम्मद को खंड शिक्षा अधिकारी बनाए जाने पर स्टाफ में खुशी का माहौल है। सभी स्टाफ के लोगों ने उमर मोहम्मद को बधाई दी है। पत्रकार वार्ता के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी उमर मोहम्मद ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के मालिक अपना अपना मान्यता प्रमाण पत्र बनवाकर जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में जमा कर दें। जितने भी गैर मान्यता प्राप्त स्कूल हैं वे सभी या तो स्कूल का मान्यता प्रमाण पत्र बनवा ले अन्यथा स्कूल बंद कर दें उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में बच्चों का एडमिशन न कराये और अपने बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ ना करें उन्होंने आगे कहा कि जितने भी बच्चे ड्राफ्ट आउट हुए हैं। उन सभी को स्कूल में दाखिला दिलाना बहुत जरूरी है हमारा स्टाफ उन बच्चों के घर-घर जाकर स्कूल आने के लिए प्रेरित करेगा जिससे बच्चों की जिंदगी बन सके उन्होंने कहा कि हमारे जिले में 70 ऐसे स्कूल है जो गैर मान्यता प्राप्त हैं। फिरोजपुर झिरका उप मंडल में भी 6 ऐसे स्कूल है जो गैर मान्यता प्राप्त हैं। इसी तरह नगीना खंड में भी तीन ऐसे स्कूल है जो गैर मान्यता प्राप्त हैं। जल्दी ही इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी

## अब तक 10430.70 मीट्रिक टन सरसों की हुई खरीद

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिला में रबी खरीद सीजन के दृष्टिगत सभी मंडियों व खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। जिला में गत मंगलवार तक 10430.70 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। खरीद सीजन के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों की तैनाती भी की गई है। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि गत मंगलवार तक जिला की नूंह, तावडू फिरोजपुर-झिरका, पुन्हाना मंडियों में 10430.70 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। सरसों की खरीद हैफेड द्वारा की गई है। कुल खरीद में से नूंह मंडी में 786.05 मीट्रिक टन, तावडू मंडी में 3892.30 मीट्रिक टन, फिरोजपुर-झिरका मंडी में 2075.30 मीट्रिक टन तथा पुन्हाना मंडी में 3676.80 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है।

## आरकेएसडी कॉलेज ने जीता ओवरआल रजत पदक



**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज की टीम ने इंटर कॉलेज महिला सोफ्टबाल प्रतियोगिता में भाग लिया जो डीजीएचई द्वारा राजकीय कालेज कालका में हुई थी। प्रतियोगिता में आरकेएसडी कालेज ने ओवरआल रजत पदक जीता। इस टीम के संयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. गुरदीप भोला व प्रो उर्मिल बतान ने अहम भूमिका निभाई और विजेता टीमों को बधाई देकर सम्मानित किया। इस जीत पर कॉलेज मैनेजमेंट के प्रधान साकेत मंगल, सुनील चौधरी पंकज बंसल, प्रिन्सिपल संजय गोयल, प्रो. दीपक कंडोला व देव कुमार ने भी इस जीत पर बधाई दी।

## नरकातारी के 4 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिला

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला नरकातारी में जवाहर नवोदय विद्यालय निवारसी एवं सेवा भारती स्कूल करनाल में दाखिला पाने वाले 4 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पांचवी कक्षा की शिक्षिका अनुपम ने बताया कि स्कूल और अभिभावकों के आपसी सहयोग और समझ से पांचवी कक्षा के 4 बच्चों नवजोत व माही का नवोदय स्कूल निवारसी तथा लक्ष्य व खुशी का सेवा भारती स्कूल करनाल के टेस्ट को पास कर लिया है। विदित है कि इन स्कूलों में दाखिला पाने के लिए हजारों की संख्या में विद्यार्थी पेपर देते हैं। स्कूल शिक्षिका मोनिका शर्मा व पुष्पा रानी ने बताया कि ये स्कूल के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है कि एक छोटे से क्षेत्र में बने नरकातारी स्कूल ने सीमित संसाधनों में बढ़िया प्रदर्शन किया है। स्कूल इंचार्ज आशा रानी ने इस विशेष उपलब्धि के लिए कक्षा इंचार्ज अनुपम व तमाम अभिभावकों को बधाई दी। थानेसर खंड की शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने स्कूल स्टॉफ को बधाई देते हुए बताया कि इस तरह के प्रयासों से और बच्चों को और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है और वे समाज कर लिए एक सकारात्मक इकाई बनकर तैयार होते हैं। बच्चों को मैडल पहन कर सम्मानित किया गया। इस मौके स्कूल स्टाफ सदस्य अनुपम, आशा, पुष्पा देवी व मोनिका शर्मा समेत सभी अभिभावक मौजूद रहे।

## संजय सिंह की रिहाई ने साजिशों को किया बेनकाब

**कुरुक्षेत्र।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के सांसद व नेता संजय सिंह की रिहाई पर आप नेताओं में खुशी का माहौल है। पार्टी लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल गोयल एडवोकेट ने न्यायपालिका की प्रशंसा करते हुए उनका आभार जताया है। गोयल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के बीच न्यायपालिका से लोगों का भरोसा उठता जा रहा था, लेकिन संजय सिंह की रिहाई को लेकर सीजेआई के आदेश के बाद एक नई उम्मीद जगी है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की ईमानदारी और कर्मठता के बारे में पूरी दिल्ली जानती है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान जिस मेहनत व लगन से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया उसकी जितनी सराहना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि संजय सिंह जैसे कर्तव्यनिष्ठ नेता की दिल्लीवासियों को जरूरत है, लेकिन मोदी सरकार को दिल्ली का हित बर्दाश्त नहीं हो रहा। जनता के लोकप्रिय बनते जा रहे आप के दिग्गज नेताओं को झूठे आरोपों में फंसा कर मोदी सरकार अपने डर को स्वयं उजागर कर रही है।

## समय के अनुसार नहीं बदलोगे, तो समय तुम्हें बदल देगा

**कुरुक्षेत्र।** नेशनल प्रोद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र के सीनेट हाल में थाट लैब की ओर एक्सपर्ट टॉक करवाई गई। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय से जुड़े अन्तर्राष्ट्रीय वक्ता और मुंबई से पधारे प्रो. ई.वी. गिरीश मुख्यातिथि रहे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान प्रो. वी.पी सिंह, प्रो. दीक्षित गर्ग, बी.के. प्रियंका बहन, डॉ.अंशु पराशर, डॉ. थान सिंह व रेणु देवी ने मुख्यातिथि प्रो. ई.वी. गिरीश का अभिनंदन किया। प्रो. गिरीश ने कहा कि आप जो भी कार्य करे, उसे रायल्टी से करें। जीवन में कुछ करना चाहते हो, तो ईमानदारी से करें। दिल लगा कर और ईमानदारी से पढ़ाई करें।अपने मन के मालिक बने, गुलाम नहीं। समय के अनुसार नहीं बदलेंगे, तो समय आपको बदल देगा।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**नाम परिवर्तन**

I, Ketan S/o Satish Kumar R/o Bahu (18-N), Jhajjar, Bahu, Haryana-124142, have changed my name to Ketan Garg.

**बेदखल सूचना**

मैं, हंसराज पुत्र भगवाना निवासी खोरी कला, तहसील तावडू, जिला नूंह बयान करता हूं, कि मेरे पुत्र देवेंद्र और नरेंद्र व पुत्रवधु नीतू और कोमल का मेरे साथ गलत आचरण है। जो मेरे कहने-सुनने से बाहर है। सभी मेरे से दुर्व्यवहार करते हैं। जिसके चलते में अपने दोनों बेटे और पुत्र वधुओं को अपनी सभी प्रकार की चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। जो भविष्य में किसी भी प्रकार के लेन-देन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## चुनाव बांड योजना
### विवाद जारी

**चुनाव बांड योजना** को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के बावजूद इस पर विवाद अभी जारी है। विपक्ष चुनाव बांड प्रयोग को 'भाजपा द्वारा पैसे की वसूली' बता रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर दे कर कहा है कि इस योजना ने राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित की थी। 2018 में शुरू होने के बाद से ही यह योजना विभिन्न क्षेत्रों से आलोचना का शिकार हुई थी। विपक्षी दलों ने यह कह कर चुनाव बांड योजना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था कि यह बड़े कार्पोरेट दानदाताओं को 'गोपनीयता' प्रदान करती है जो जनता में खुलासा किए बिना अपनी मनपसंद पार्टियों को पैसा दे सकते हैं। उनका तर्क है कि पारदर्शिता की कमी लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है क्योंकि यह राजनीति पर पैसे के बेलगाम प्रभाव की अनुमति देता है। विपक्ष का आरोप है कि इस योजना से दूसरे राजनीतिक दलों की तुलना में सत्तारूढ़ भाजपा को ज्यादा लाभ हुआ है। भले ही भाजपा को चुनाव बांडों से ज्यादा धन मिला हो, लेकिन राज्यों में सत्तारूढ़ लगभग सभी दलों को भी इसका लाभ मिला है। इसलिए 'चुनाव बांड योजना' को केवल भाजपा को लाभान्वित करने वाली योजना बताना उचित नहीं होगा। विपक्ष ने यहां तक आरोप लगाए हैं कि भाजपा ने कुछ दानदाताओं को प्रवर्तन निदेशालय-ईडी के शिकंजे से मुक्त करने का काम किया, लेकिन इसके स्पष्ट व असंदिग्ध प्रमाण नहीं हैं।

चुनाव बांड योजना पर काफी समय से विपक्ष के हमलों और आलोचनाओं के बाद आखिरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका जवाब दिया। एक तमिल चैनल से बात करते हुए मोदी ने कहा कि इस प्रक्रिया से पहले की तुलना में राजनीतिक फंडिंग ज्यादा पारदर्शी हुई है। उन्होंने तर्क दिया कि पहले राजनीतिक दान नकद लिए जाते थे जिन्होंने भ्रष्टाचार और काले धन का रास्ता खोल दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव बांड योजना ने पैसे के प्रवाह का पता लगाना सुनिश्चित कर दिया जिससे जवाबदेही बढ़ी तथा चुनावों पर अवैध धन का प्रभाव कम हुआ। चुनाव बांड योजना के समर्थकों ने जोर दिया है कि इन्होंने कार्पोरेट और व्यक्तियों को राजनीतिक पार्टियों को योगदान करने का मार्ग खोला था और वे बिना उत्पीड़न या बदले की कार्रवाई के भय से दान दे सकते थे। सरकार का कहना है कि चुनाव बांड योजना से पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिला, जबकि आलोचकों का तर्क है कि यह वे लक्ष्य पूरे नहीं कर पाई जिनका वादा किया गया था। प्रधानमंत्री ने भी अपने साक्षात्कार में कहा है कि यदि योजना में कोई कमियां थीं तो उनको दूर किया जा सकता था, लेकिन 2014 से पहले कोई एजेंसी यह नहीं पता लगा सकती थी कि किस पार्टी को किसने पैसा दिया। 'चुनाव बांड योजना' के पक्ष-विपक्ष में आए तर्कों को देखते हुए सरकार को इसे नए रूप में पेश करना चाहिए और इस पर सभी राजनीतिक दलों की सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए। लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया का पारदर्शी और न्यायोचित होना जरूरी है। इसमें चुनाव लड़ने वाले सभी दलों व व्यक्तियों को समान आधार पर काम करने के अवसर प्रदान करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। चुनाव खर्च की फाइनेंसिंग में विभिन्न कार्पोरेट घरानों व व्यक्तियों का योगदान पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करने के साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि उनको राज्यों या केन्द्र में सत्तारूढ़ दलों से कोई 'अनुचित लाभ' न प्राप्त हो। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एक निश्चित समय में सारी जनता को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने तथा गरीबी समाप्त करने का वादा करना चाहिए।




# नकारात्मक चुनाव प्रचार का दौर

भारत और अमेरिका समेत दुनिया के 64 देशों में चुनाव प्रचार का दौर जारी है। लेकिन वर्तमान समय में नकारात्मक राजनीतिक प्रचार और विज्ञापनों का दौर चल रहा है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



इस समय दुनिया के 64 देशों में चुनाव प्रचार का मौसम है। इन देशों में भारत, ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ के कई देश शामिल हैं। दुनिया के सभी देशों में राजनीतिक विज्ञापनों का चलन बढ़ता जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में देखें तो एक नई राजनीतिक परिघटना का वर्चस्व स्थापित हो रहा है। राजनीतिक पार्टियां और उम्मीदवार अक्सर नकारात्मक विज्ञापन अभियानों का सहारा लेकर स्वयं को दूसरों और अपने प्रमुख राजनीतिक विरोधियों की तुलना में ज्यादा बेहतर प्रदर्शित करने तथा विरोधियों को कमजोर दिखाने के लिए नकारात्मक प्रचार पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। हालांकि, राजनीतिक पार्टियां 1828 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के समय से ही नकारात्मक प्रचार का प्रयोग कर रही हैं, पर अब इसमें तेजी आ गई है।

अमेरिकन राजनीतिक इतिहास पर नजर रखने वाले विश्लेषकों का मानना है कि जॉन क्विंसी आडम्स व एंड्रयू जैक्सन के बीच राष्ट्रपति चुनाव का मुकाबला सर्वाधिक नकारात्मक प्रचार से भरा था। 1964 में लिंडन जान्सन ने अपने विरोधी बैरी गोल्डवाटर को बदनाम करने के लिए उस समय रेडियो विज्ञापनों का सहारा लिया था। इन विज्ञापनों में 'डेज़ी एड' नामक विज्ञापन भी शामिल थे। कुछ समय पहले के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में चुनाव अभियान तथा राजनीतिक विज्ञापनों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि पहले की तुलना में नकारात्मक चुनाव अभियान तथा अपने विपक्षी को हर तरीके से नीचा दिखाने के प्रयासों में तेजी आई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विरोधी हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ जो विज्ञापन जारी किए उनका उद्देश्य 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी सार्वजनिक छवि खराब करना था। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति के उम्मीदवारों डोनाल्ड ट्रंप व जो बाइडेन ने नकारात्मक चुनाव अभियान का सहारा लिया था। ट्रंप ने जहां बाइडेन की मानसिक क्षमताओं पर सवाल उठाए थे, वहीं बाइडेन ने ट्रंप द्वारा कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के तरीकों और उनके चरित्र पर सवाल उठाए थे। 2024 के वर्तमान चुनाव अभियान में भी नकारात्मक चुनाव प्रचार का दौर जारी है। अमेरिका की तरह यह प्रवृत्ति ब्रिटेन में भी दिखी। कंजरवेटिव पार्टी ने जर्मी कार्बिन को 2019 के ब्रिटिश आम चुनाव में बड़े सुरक्षा खतरे की तरह पेश किया था। इसी प्रकार 2021 में जर्मन संघीय चुनाव में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने आर्मिन लैश्चेट की उन छवियों का प्रयोग किया था जब वे एक बाढ़-प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते समय हंस रहे थे।

भारत की स्थितियों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय परिदृश्य में उभरने के समय चुनाव अभियानों और विज्ञापनों पर खर्च तथा उनमें तकनीकों के प्रयोग में असाधारण तेजी आई थी। यह प्रवृत्ति बीते वर्षों में और मजबूत हुई है। अब नेताओं को स्वयं को प्रस्तुत करने के लिए, प्रभावी संवाद के लिए तथा प्रभावी भाषण देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यहां तक कि चकाचौंध से यथासंभव दूरी बनाए रखने वाली बसपा सुपीमो मायावती को भी सलाह दी गई थी कि वे चुनाव प्रचार के समय क्या पहनें और क्या नहीं। क्षेत्रीय नेताओं ने भी चुनाव अभियान चलाने के लिए विदेशी एजेंसियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए जीन्स पहनना और चश्मा लगाना शुरू किया है। पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस नेता स्वर्गीय राजीव गांधी को 1989 में नकारात्मक चुनाव प्रचार के कारण हार का सामना करना पड़ा था। उस समय उनके राजनीतिक विरोधी नारा लगाते थे, 'गली गली में शोर है, राजीव गांधी चोर है।' इन नारों का संकेत कथित बोफोर्स तोप घोटाले की ओर था जिसके कारण उनको हार का सामना करना पड़ा था। वर्तमान समय में उम्मीदवार 'हिट फर्स्ट, हिट हार्ड एंड कीप हिटिंग' का दृष्टिकोण अपनाते हैं जिसका अर्थ विपक्षी पर व्यक्ति हमले करना तथा जनता में उसके जीतने पर भय की भावना पैदा करना शामिल है।

सत्ता में दस साल रहने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भी कांग्रेस को देश की समस्याओं का जिम्मेदार ठहराना जारी रखे हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की है, पर अनेक राजनीतिक पार्टियां तथा उम्मीदवार निर्धारित सीमा से बहुत अधिक खर्च करते हैं। वे मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने के लिए फोन, नकदी तथा हवाई वादों का प्रयोग करते हैं। तमिलनाडु के एक निर्दलीय उम्मीदवार ने हर परिवार के लिए एक रोबोट तथा चंद्रमा की यात्रा का वादा तक किया था, लेकिन इसके बावजूद वे चुनाव हार गए थे।

भारत में 2024 के चुनाव में विज्ञापनों पर 2000 करोड़ से 13,000 करोड़ रुपये तक खर्च का अनुमान है। अनुमान है कि राजनीतिक पार्टियां और उनके उम्मीदवार विज्ञापनों पर 14.4 बिलियन डालर तक खर्च कर सकते हैं। यह धनराशि 2029 चुनाव में खर्च धनराशि से दूनी है। ऐसे में सवाल है कि राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों को अभियानों के लिए पैसा कहां से मिलता है? आमतौर से कुछ अमीर उम्मीदवार स्वयं इसका खर्च उठाते हैं, जबकि दूसरों के लिए पार्टियां खर्च करती हैं। पार्टियों द्वारा चुनाव पर खर्च की कोई सीमा नहीं है। समय बीतने के साथ काले धन का चुनाव अभियानों पर खर्च में हिस्सा बढ़ता जा रहा है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पारदर्शिता की कमी के कारण चुनाव बांडों पर प्रतिबंध लगा दिया है। भाजपा को बिके चुनाव बांडों में 57 प्रतिशत या 1.1 बिलियन डालर धनराशि प्राप्त हुई थी, जबकि कांग्रेस को कुल धनराशि का केवल दस प्रतिशत या 188 मिलियन डालर मिला था।

पार्टियां सत्ता में आने के लिए कोई भी तरीका अपनाने को तैयार रहती हैं, पर कुछ अभियान सफल होते हैं जबकि बाकी विफल हो जाते हैं। नकारात्मक अभियानों और विज्ञापनों की प्रभावशीलता उनकी विषयवस्तु, संदर्भ तथा दर्शकों के चरित्र पर निर्भर होती है। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 2004 में करोड़ों रुपयों से चलाया 'इंडिया शाइनिंग' अभियान विफल अभियानों का एक उदाहरण है। 2019 में कांग्रेस का 'चौकीदार चोर है' अभियान नारा विफल हो गया था और यही नतीजा राहुल गांधी द्वारा मोदी पर राफेल विमानों की खरीद में तथाकथित घोटाले के आरोपों का निकला था। लेकिन कुछ चुनावों में कांग्रेस पार्टी का 'आम आदमी' अभियान सफल रहा।

2014 में नरेन्द्र मोदी ने स्वयं को एक 'नेशनल ब्रांड' की तरह पेश किया और वे मजबूत राष्ट्रवादी नेता के रूप में उभरे। उन्होंने जनता को लामबंद करने के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जिनमें 3डी रैलियां, 'चाय पे चर्चा', साक्षात्कार तथा अभियान यात्रायें शामिल थीं। यू-ट्यूब ने राजनीतिक पार्टियों को 30 सेकेंड के टीवी विज्ञापनों तथा लंबे आनलाइन वीडियो के माध्यम से सक्षम बनाया है। मोदी ने मतदाताओं को आकर्षित करने तथा कांग्रेस पर निशाना लगाने के लिए इन सबका प्रयोग किया। आम आदमी पार्टी-आप 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में मजबूती से उभरी। उसने मुहल्ला अभियानों, सोशल मीडिया तथा रेडियो विज्ञापनों का प्रयोग किया था। आज दिल्ली और पंजाब में इस पार्टी की सरकारें हैं। सभी पार्टियों ने 2019 में नकारात्मक राजनीतिक अभियान चलाया था। विपक्ष ने भाजपा के 'हिंदुत्व प्रेरित' कार्यक्रमों का विरोध किया था, लेकिन इसके बावजूद अधिक सीटों के सथ वह सत्ता में वापस आ गई।

नरेन्द्र मोदी 2024 में 400 से अधिक सीटें पाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा ने एआई-के माध्यम से मोदी अभियान का वीडियो बनाया है। कांग्रेस ने भी डिजिटल तरीके से इस अभियान का मजाक उड़ाया है। कांग्रेस के वीडियो में एक बिजनेसमैन को संसाधनों की चोरी का प्रयास करते दिखाया गया है। चुनाव आयोग के निर्देशों के बावजूद 2024 के चुनाव में नकारात्मक प्रचार तकनीकों का प्रयोग होगा। राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को नकारात्मक अभियान के बजाय सकारात्मक विज्ञापनों पर ध्यान देना चाहिए। इससे लोकतंत्र बचाने तथा चरित्र हनन को रोकने में सहायता मिलेगी। अनेक चुनाव आयुक्तों ने चुनावों की 'राज्य फंडिंग' के सुझाव दिए हैं जिन पर विचार होना चाहिए। अभियानों में सभ्यता और गरिमा बनाए रखना जरूरी है। इससे एक न्यायोचित व सम्मानपूर्ण परिवेश बनाने में आसानी होगी जहां सभी उम्मीदवारों को समान आधार मिलेगा।

# ईडी की कार्रवाई से मची राजनीतिक उथल-पुथल

**शशांक सौरव**
(लेखक, लोक नीति विश्लेषक हैं)



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और विपक्षी दलों को टैक्स नोटिस के बाद दिल्ली में बढ़ते तापमान के साथ राजनीतिक गर्मी भी बढ़ती जा रही है। भारत में राजनीतिक विकास ने जर्मनी, अमेरिका और यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र से आलोचना को आमंत्रित किया है, विशेष रूप से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर, जो भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं और उनके कई कैबिनेट मंत्री पहले से ही जेल में हैं।

शायद पश्चिमी शक्तियां अभी भी औपनिवेशिक हैंगओवर में हैं और श्रेष्ठता की झूठी भावना रखती हैं और मानती हैं कि वे किसी भी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर सकती हैं। शायद अब समय आ गया है कि वे कॉफी की खुशबू को महसूस करें और इक्कीसवीं सदी की वास्तविकताओं से तालमेल बिठाएं। विश्व उन लोगों के लोकतंत्र के उपदेशों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है जिनका लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारों को गिराने और अपने मतलब के लिए निरंकुश शासनों का साथ देने का ट्रैक रिकॉर्ड है। भारतीय गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों को आयकर (आईटी) नोटिस मिला है और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस उनमें से एक है। आईटी अधिकारियों को थोड़ी परिपक्वता दिखानी चाहिए और केवल तकनीकी आधार पर नोटिस जारी करने से भारतीय लोकतंत्र को मदद नहीं मिलने वाली है। यदि आईटी अधिकारियों द्वारा अपनाई गई स्थिति को सभी आकलनों पर लागू किया जाता है, तो किसी भी राजनीतिक दल को ढूंढना मुश्किल होगा जो पूरी तरह से अनुपालन करता हो।



कानून के अनुसार तकनीकी आवश्यकताओं के संदर्भ में, आईटी अधिनियम की धारा 13ए प्रत्येक दानकर्ता का विवरण (अर्थात नाम और पता) बनाए रखने की आवश्यकता रखती है और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29सी के लिए राजनीतिक दल को फाइल करने की आवश्यकता होती है। ये विवरण भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के पास हैं। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा ईसीआई के पास दायर की गई और उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध योगदान रिपोर्ट से पता चलता है कि सभी दलों द्वारा प्रदान किए गए विवरणों में डेटा गुणवत्ता के मुद्दे बने हुए हैं। आईटी अधिकारियों को ईसीआई के पास दाखिल रिटर्न में जमा की गई बातों से परे देखने की जरूरत है और उन्हें इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि क्या वास्तव में उनके पास ऐसी कोई जानकारी है जो दानकर्ता की साख स्थापित कर सकती है। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 13ए में स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि रुपये से अधिक का कोई भी दान। दो हजार बैंकिंग चैनलों के माध्यम से प्राप्त होने चाहिए और यदि कोई राजनीतिक दल इस आवश्यकता का अनुपालन करता है, तो यह कर अधिकारियों को बताना है कि जब दान बैंक के माध्यम से आ रहा है तो विवरण की पुष्टि करने में उन्हें किस कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है? मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) को आईटी नोटिस मिला है, जिसमें फाइलिंग में अपने पुराने आयकर पैन का हवाला दिया गया है और कर अधिकारियों से सवाल पूछा जाना चाहिए कि करदाता को नोटिस भेजने का वास्तविक इरादा क्या था? इस त्रुटि ने पारदर्शिता के उद्देश्य को कैसे प्रभावित किया है और सीपीआई को पैन को अपडेट करके इस प्रकार की त्रुटि को ठीक करने का अवसर क्यों नहीं प्रदान किया जा सका?

इस देश को ऐसी नौकरशाही की ज़रूरत नहीं है जो खुलेआम चलती रहे और जो लोग मामूली मुद्दों पर उत्पीड़न का बचाव कर रहे हैं उन्हें दीर्घकालिक दृष्टिकोण से सोचना चाहिए। नौकरशाह जनता के प्रति जवाबदेह नहीं हैं लेकिन राजनेताओं को बाबुओं के कार्यों से प्रसारित होने वाले संदेश के प्रति सचेत रहना चाहिए। कांग्रेस, सीपीआई या किसी अन्य राजनीतिक संगठन के कोषाध्यक्ष और पदाधिकारियों की उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने के लिए आलोचना की जा सकती है, जहां तक यह आवश्यक विवरण दाखिल करने या आयकर नोटिस का पीछा करने, या आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण के साथ अपील दायर करने से संबंधित है, लेकिन एक के रूप में लोकतंत्र में हमें नौकरशाहों को उनकी सनक और पसंद के अनुसार दिखावा करने की खुली छूट नहीं देनी चाहिए।

हालाँकि लोगों की याददाश्त बहुत कमज़ोर है, मैं आपको भाजपा और कांग्रेस दोनों को बचाने के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए), 1976 में किए गए पूर्वव्यापी संशोधन की याद दिलाना चाहूँगा। 2014 में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने भाजपा और कांग्रेस दोनों को एफसीआरए के उल्लंघन में विदेशी योगदान प्राप्त करने का दोषी पाया और इसलिए कानून में पहली बार 2016 में संशोधन किया गया और 2018 में एक और संशोधन के माध्यम से एफसीआरए, 1976 की स्थापना के बाद से पूर्वव्यापी रूप से लागू किया गया। यह मुद्दा तकनीकी भी था प्रकृति में और वर्तमान आयकर मुद्दा भी तकनीकी प्रकृति का है। हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं और ऐसे मामलों से पता चलता है कि कर अधिकारियों का अपने आकाओं को खुश करने के लिए अति उत्साह अच्छा नहीं है।

एजेंसियों के पास बहुत सारे मामले लंबित हैं और उनसे कहा जाना चाहिए कि वे चर्चा के लिए नए विषय लाने के बजाय उन पर ध्यान केंद्रित करें जो अनावश्यक शोर पैदा करते हैं और जिनका कोई व्यावहारिक मूल्य नहीं है। हल्के ढंग से कहें तो, अब अनुभवी राजनेता समझ गए होंगे कि देश का आम आदमी कैसा महसूस करता है जब उसे तुच्छ आधारों पर कर नोटिस मिलते हैं जो रद्द हो जाते हैं लेकिन लंबी अपीलीय प्रक्रिया के बाद ही।

## आप की बात

### चुनाव प्रचार का तरीका

**मिजोरम** में मिजोरम पीपुल्स फोरम ने सभी राजनीतिक दलों उम्मीदवारों के लिए प्रेरणादायक निर्देश देते हुए पोस्टर लगाने और माइक का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। इसके बजाय मिज़ोरम के सभी क्षेत्रों में उम्मीदवारों के लिए डिबेट आयोजित की जाती है। इसमें प्रत्येक उम्मीदवार को अपनी बात रखने के लिए 20 मिनट दिए जाते हैं। चुनाव संपन्न होने तक समय-समय पर यह प्रक्रिया चलती रहती है। पीपुल्स फोरम के निर्देशों के खिलाफ जाकर धन खर्च करने वाले उम्मीदवारों का मिजोरम की जनता बहिष्कार कर देती है। इस कारण कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार उसके खिलाफ नहीं जाता है। इस प्रकार चुनाव में खर्च होने वाली बड़ी धनराशि के बचत हो जाती है। मिजोरम का यह उदाहरण आदर्श चुनाव प्रचार का तरीका है जिसमें जनता को अपने स्थानीय मुद्दों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की बातें सुनने का अवसर मिलता है। हालांकि, मिजोरम छोटा राज्य है जहां ऐसी बैठकें ज्यादा व्यावहारिक हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी वरिष्ठ और निष्पक्ष पत्रकारों, राजनीतिक विश्लेषकों व अर्थशास्त्रियों की अध्यक्षता में विभिन्न विषयों पर प्रमुख राजनीतिक दलों की बहस आयोजित की जा सकती है। यह चुनाव प्रचार का नया तरीका हो सकता है।

–**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### कश्मीर की असलियत

**शहबाज शरीफ** ने संसद में दिए भाषण में कहा कि भारत कश्मीर में मानवाधिकार का उल्लंघन कर रहा है, भारतीय सेना आम जनता के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, उसके जुल्मोसितम से सब कश्मीरी दुखी है, आज कश्मीर की स्थिति गाजा पट्टी की तरह हो गई है तथा जनता दाने-दाने को मोहताज है। ऐसा झूठा भाषण देकर उन्होंने अपनी सरकार को भारतीय कश्मीरी जनता का हमदर्द बताने की कोशिश की है। पाक-अधिकृत कश्मीर-पीओके के बड़े नेता अमजद अयूब मिर्जा ने कहा है कि भारतीय कश्मीर में आज पाकिस्तानी कश्मीर से भी ज्यादा सुखी एवं खुशहाल जनता रहती है, आज वहां कोई भूखा नहीं सोता है तथा सेना का व्यवहार आम जनता के साथ दोस्ताना है। इसके उलट पीओके में पाकिस्तानी सेना जनता के साथ तानाशाह की तरह व्यवहार करती है। आज सबसे ज्यादा महंगाई पीओके में है जबकि भारतीय कश्मीर में आज हर तरफ़ काफी खुशहाली है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में जो अभूतपूर्व व असाधारण परिवर्तन आया है, वह पाकिस्तानी जनता से भी छिपा नहीं है। ऐसे में शहबाज शरीफ जैसे नेताओं के भारत-विरोधी बयान बेअसर होते जा रहे हैं और पीओके के लोग भी भारत में शामिल होना चाहते हैं।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### विचित्र फैसला

**तेलंगाना हाईकोर्ट** ने राष्ट्रीय सुरक्षा जांच एजेंसी-एनआईए द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी अवधि बढ़ने से इनकार करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा सवालों के जवाब न देना या चुप रह जाना उसका मौलिक अधिकार है। हाईकोर्ट का यह फैसला विचित्र लगता है। यदि अपराधी अपना अपराध छुपाने के लिए जांच एजेंसी के प्रश्नों के जवाब नहीं देगा और मौन धारण कर लेगा तो फिर उसके अपराधों के लिए सबूत कैसे जूटाए जाएंगे? यह फैसला प्रकारान्तर से जांच एजेंसियों को दी गई शक्तियों का मजाक उड़ाने वाला लगता है जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हो सकते हैं। हालांकि, आदर्श रूप से माना जाता है कि किसी व्यक्ति को अपने खिलाफ सबूत देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है, पर इसकी एक सीमा है। दुनिया में बढ़ती आतंकी घटनाओं, तकनीकों का प्रयोग कर आर्थिक अपराध करने वालों तथा देशद्रोहियों को इस प्रकार की छूट नहीं दी जा सकती है। तेलंगाना हाईकोर्ट के इस फैसले के व्यापक विश्लेषण तथा मामले के तथ्यों पर गौर करते हुए आवश्यकता होने पर सरकार व एनआईए को पुनर्विचार के लिए उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय में अपील करनी चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### रक्षा निर्यात में वृद्धि

**केन्द्र सरकार** द्वारा जारी 2023-24 रक्षा निर्यात आंकड़ों ने समस्त देशवासियों को गौरवान्वित किया है। कुछ साल पहले तक भारत अपनी सामरिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भर रहता था जिसका नुकसान अर्थव्यवस्था को होता था। आज भारत ने 84 देशों को 21,000 करोड़ से भी अधिक के सैन्य उपकरणों का निर्यात कर समूचे विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया है। स्वतन्त्रता के बाद किसी एक वित्त वर्ष में रक्षा निर्यात में सर्वाधिक 32.5 प्रतिशत की वृद्धि है भारत जैसे विकासशील देश के लिए एक उपलब्धि है। इतना बड़ा लक्ष्य हासिल करने का श्रेय निश्चित रूप से केन्द्र सरकार के साथ ही भारतीय वैज्ञानिकों व उन कम्पनियों में काम करने वाले कामगारों को भी जाता है जिन्होंने दिन रात एक कर यह लक्ष्य प्राप्त किया। रक्षा सामग्री के निर्यात में बढ़ोत्तरी के साथ ही भारतीय सेनायें आज अधिकाधिक स्वदेशी आयुध प्रणालियों का प्रयोग कर रही हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे भारतीय सशस्त्र बलों की रक्षा उपकरणों के मामले में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम बताया है।

– **पारस जैन,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# करनाल विधानसभा उप चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

## अकोला सीट के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को बनाया था आधार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पंजाब** एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक बड़े विवाद का समाधान करते हुए करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को रद्द कर दिया। याचिका के रद्द होने के साथ ही अब उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि महाराष्ट्र के अकोला की विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव को रद्द करने के बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच के फैसले को याचिका में आधार बनाया गया है जबकि हम इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने जा रहे हैं। वहां पर भी विधानसभा का कार्यकाल एक वर्ष से कम होने के चलते उपचुनाव रद्द करने का आदेश जारी किया गया है।

करनाल निवासी कुनाल ने याचिका में हाईकोर्ट को बताया था कि 13 मार्च को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पद से इस्तीफा दे दिया था। अगले दिन विधानसभा में बहुमत परीक्षण पास करने के तुरंत




बाद उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के साथ ही करनाल विधानसभा सीट रिक्त हो गई थी। इसी दौरान नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बना दिया गया और करनाल विधानसभा सीट के लिए आयोग ने उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। याची ने बताया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 51ए के अनुसार यदि विधानसभा का कार्यकाल एक वर्ष से कम है तो चुनाव आयोग के पास उपचुनाव कराने का अधिकार नहीं होता है।

याचिका में महाराष्ट्र के अकोला विधानसभा क्षेत्र का हवाला देते हुए बताया कि इस सीट के लिए चुनाव आयोग ने 15 मार्च को अधिसूचना जारी कर उप चुनाव करवाने का निर्णय लिया था। इस फैसले को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी और हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने चुनाव अधिसूचना को इसी आधार पर रद्द किया है कि विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने में एक वर्ष से भी कम समय बचा है। इस आदेश के बाद आयोग ने 27 मार्च को अकोला निर्वाचन क्षेत्र के संबंधित उपचुनाव को रोक दिया। याची ने कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 51-ए की व्याख्या बहुत सरल और स्पष्ट है और इसमें कोई अस्पष्टता नहीं है। याची ने कहा कि आयोग बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले का पालन कर चुका है तो ऐसे में करनाल के मामले में भी ऐसा ही किया जाना चाहिए था, क्योंकि दोनों के उपचुनाव के लिए एक ही अधिसूचना जारी की गई थी। याची ने हाईकोर्ट से अपील की कि करनाल उपचुनाव को रद्द किया जाए। अब सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटिशन दाखिल करते हुए आयोग बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने जा रहा है। ऐसे में उस फैसले के आधार पर करनाल के उपचुनाव को रद्द नहीं किया जाना चाहिए। हरियाणा सरकार ने भी अपनी दलीलें रखीं और कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब मुख्यमंत्री चयनित होने के बाद उप चुनाव हुए हों।

## नंगली वाली कुटिया में शंख प्रक्षालन शुद्धि क्रिया सात को

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के कृष्ण योग जिला, कुरुक्षेत्र द्वारा रेलवे रोड़ कुरुक्षेत्र स्थित नंगली वाली कुटिया में शंख प्रक्षालन क्रिया रविवार 7 अप्रैल को प्रातः 5.30 से 8.00 बजे तक करवाई जाएगी। शंख प्रक्षालन के पश्चात सभी साधकों को 15-20 मिनट का शवासन करवा कर देसी घी से तर खिचड़ी खिलाई जाएगी। इसके लिए सभी साधकों द्वारा सहयोग राशि मौके पर जमा करवाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि कोई भी साधक इस क्रिया में भाग ले सकता है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए साधक समय पर पहुंचें। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि यहां शंख का अर्थ है पेट या आंतें और प्रक्षालन का अर्थ है धोना । इस क्रिया से अंतःवाहिनी नली कंठ से गुदा तक शुद्ध हो जाती है । शंख प्रक्षालन क्रिया वर्ष में केवल दो बार बदलते मौसम में ही की जा सकती है । इस समय मौसम इस क्रिया के लिए अनुकूल है । शंख प्रक्षालन एक ऐसी यौगिक शुद्धि क्रिया है, जिसमें पानी पीकर कुछ सरल से योगासन किए जाते हैं, पांच बार इस क्रम को दोहराकर मल निष्कासन के लिए शौचालय जाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह पूरी क्रिया पांच-छह बार की जाती है।

# रूस युक्रेन युद्ध रुकवाने का दावा करने वाले पीएम युवाओं को वापस क्यों नहीं ला रहे: अनुराग ढांडा

## कहा, मुख्यमंत्री के तौर पर नायब सैनी ने भी अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी को लेकर हालात बद से बदतर हैं और युवा रोजगार के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं। आज कई युवा बेरोजगारी के कारण रूस गए जो रूस और युक्रेन के युद्ध में फंसे हैं। रूस युक्रेन का युद्ध रुकवाने का दावा करने वाले प्रधान मंत्री इन युवाओं को वापिस क्यों नही ला सकते। ढांडा यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उनके साथ जिलाध्यक्ष गज्जन सिंह, मास्टर सतबीर गोयत, राकेश खानपुर, कुलभूषण शर्मा, करमजीत अटाल, जगजीत सिंह, राम कुमार, अमरीक सिंह, प्रदीप कुमार, हरजिंदर सिंह, लीला राम, सोनिया शर्मा और जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नायब सैनी ने इस मुद्दे पर संज्ञान क्यों नहीं लिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री होने के नाते यदि वो चाहें तो विदेश मंत्रालय की मदद से तुरंत समाधान हो सकता है। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल इस लोकसभा से प्रत्याशी हैं और बड़े उद्योगपति हैं। नवीन जिंदल पीएम मोदी को अच्छे से जानते हैं, जब वो


पत्रकार वार्ता में बोलते हुए अनुराग ढांडा

पीएम मोदी से अपने कोयला घोटाले के दाग धुलवा सकते हैं तो क्या इन बच्चों को वापस लाने के लिए पीएम मोदी से एक बार भी अपील नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि क्या भाजपा केवल सत्ता के लिए वोट मांगना जानती है। भाजपा इस मामले में किसी भी स्तर पर कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है।

उन्होंने कहा कि जब भाजपा सरकार आचार संहिता लगने के बावजूद ईडी और सीबीआई के माध्यम से विपक्षी नेताओं को जेल में डाल सकती है तो क्या विदेश में फंसे हुए अपने युवाओं को वापस नहीं ला सकती। उन्होंने संजय सिंह की जमानत के सवाल पर कहा कि संजय सिंह को झूठे और फर्जी मामले बनाकर जेल में डाला गया था। सुप्रीम कोर्ट का फैसला ईडी और भाजपा के मुंह पर तमाचा है। ये जमानत अपने आप में बताती है की ये पूरा का पूरा मुकदमा फर्जी था। संजय सिंह की जमानत से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। एक एक करके आम आदमी पार्टी के सभी नेता इस फर्जी मुकदमे से बाहर निकलेंगे। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल को ईडी द्वारा किडनैप करके टिकट थमाया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता को जिताने के लिए मेहनत कर रही है। हरियाणा में इंडिया गठबंधन मजबूती से लोकसभा की सभी 10 सीटें जीतेगा।

# गुस्साए आढ़तियों ने धरने पर तीसरे दिन भी लगाए सरकार विरोधी नारे

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**अपनी** मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे आढ़तियों ने आज तीसरे दिन एक बार पुनः सिंह गर्जना के साथ सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान स्वर्णजीत सिंह बिट्टू कालड़ा एवं धनपत राय अग्रवाल की अगुवाई में अनाज मंडी के शेड में धरने पर बैठे आढ़तियों ने न केवल सरकार के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए, अपितु सरकार को चेतावनी भरे लहजे में आढ़तियों की मांगे मानने के लिए कहा। आढ़तियों ने कहा कि कुछ भी हो जाए, सरकार को हर हाल में आढ़तियों की मांगे माननी ही होंगी। प्रधान बिट्टू कालड़ा ने कहा कि सरकार आढ़तियों के सब्र का इम्तिहान न ले। उन्होंने कहा कि अब पानी सिर के ऊपर से लांघ रहा है, जो बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। धनपत राय अग्रवाल ने कहा कि आढ़तियों द्वारा सरकार के खिलाफ जारी 5 दिवसीय धरने के चलते अगर समय रहते सरकार ने आढ़तियों की मांगों पर संज्ञान नहीं लिया, तो आढ़ती प्रदेश भर में बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे और सरकार को इसका खामियाजा चुनावों में भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि सरकार आढ़तियों को खत्म करने पर क्यों उतारू है। अनाज मंडी में धरने पर बैठे आढ़तियों को आज नगरपालिका के पूर्व प्रधान डॉ. सुरेंद्र शर्मा सिंदी का भी समर्थन मिला।

## 25 बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह सात अपैल को

**सोनीपत।** श्रीश्री बाला जी सेवा समिति शिव नगर द्वारा छठे 25 बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन मुरथल रोड स्थित गीताजंलि गार्डन में रविवार सात अपैल को किया जाएगा। समिति वर्ष 2010 से निरंतर मानव सेवा के कार्यों में अग्रसर भूमिका निभा रही है। समारोह में जरूरतमंद लड़के व लड़कियां परिणय सूत्र में बंधेंगे। नवदंपतियों को रोजमर्रा की सभी चीजें उपहार स्वरूप प्रदान दी जाएगी। श्रीश्री बाला जी सेवा समिति के संस्थापक एवं प्रधान रघुनन्दन व्यास ने बताया कि समिति द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद परिवार की लड़कियों का विवाह करवाना एक अच्छी परम्परा है। उन्होंने कहा कि इन परंपराओं से समाज में पनप रही कन्या भ्रूण हत्या पर भी अंकुश लग सकेगा।

# चुनाव अधिकारी ने गिनती केंद्रों का किया दौरा-प्रबंधों का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

**जिला** चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने आज लोकसभा चुनाव-2024 के लिए गिनती केंद्रों का दौरा किया और किए जा रहे प्रबंधो का जायजा लिया। इस मौके पर ज्वाईंट पुलिस कमिश्नर संदीप शर्मा और एस.एस.पी. अकुर गुप्ता भी उनके साथ थे। बता दें कि जालंधर लोकसभा सीट के लिए वोटों की गिनती 4 जून को होगी। जिला चुनाव अधिकारी ने सरकारी आर्टस और स्पोर्टस कालेज, स्टेट पटवार स्कूल,डायरैक्टर लैंड-रिकार्ड, सरकारी स्पोर्टस स्कूल हास्टल में बनाए जा रहे स्ट्रांग रूम एवं गिनती केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए




अधिकारियों एवं विशेषकर सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को हिदायत दी गई कि भारतीय चुनाव आयोग के मापदण्डों के अनुसार गिनती केन्द्रों पर सुरक्षा, डियूटी पर स्टाफ की तैनाती, ईवीएम की सुरक्षा की पूर्ण प्रबंध सुनिश्चित किए गए। उन्होंने बताया कि जिले के 9 विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा 2024 के लिए मतदान के बाद इन स्ट्रांग रूम में ई.वी.एम. और वी.वी.पेट्स मशीनों को बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम पर नजर रखने के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरे भी लगाए जा रहे है, जिनको सेंट्रल कंट्रोल सैंटर से जोड़ा जाएगा। स्ट्रांग रूम से संबंधित तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाए।

# गेहूं खरीद में किसानों को नहीं आने की दी जाएगी कोई परेशानी: डीसी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि



किसानों को गेहूं बेचने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। मंडी व खरीद केंद्रों पर आने वाली रबी फसल को सरकार की हिदायतानुसार खरीद करना सुनिश्चित किया जाएगा। रबी खरीद सीजन 2024-25 को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिले की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्र में सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए के लिए नोडल ऑफिसर लगाए गए हैं। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी एजैंसियों से तालमेल करते हुए समय पर फसल खरीद एवं उसका उठान का कार्य समयबद्ध करवाएंगे, ताकि समूची खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे। इसके साथ ही नोडल अधिकारी किसानों की सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान करवाना भी सुनिश्चित करेंगे। एडीसी सी. जया श्रद्धा को कैथल जिले का ओवर ऑल इन्चार्ज लगाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दी गई जिम्मेदारी का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करें। वहीं किसानों से भी अपील की है वे अपनी फसल को सही तरह से सुखाकर निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप ही मंड़ियों में लेकर आएं, ताकि किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# मतदान करना हर मतदाता के लिए गर्व व गौरव की बात : कैप्टन मनोज कुमार

एजेसी। यमुनानगर

**यमुनानगर** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा है कि जो युवक एवं युवती एक जनवरी, 2024 को 18 साल की आयु पार कर चुके हैं, उन्हें लोकसभा नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले अपना वोट बनवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदान करना भी प्रत्येक मतदाता के लिए गर्व व गौरव की बात है। लोकसभा आम चुनावों में वोट बनवाने का नागरिकों के पास अब भी आखिरी मौका है। नागरिक 26 अप्रैल, 2024 तक अपना वोट बनवा सकते हैं और चुनाव का पर्व-देश का गर्व में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम



चुनाव-2024 को चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन दिया है, जो कि बिल्कुल सही है। हर चुनाव में हर एक मतदाता को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत हरियाणा प्रदेश में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नया वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए इस तिथि से पहले युवाओं को आवेदन करना होगा। जो युवा एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु के हो चुके हैं, वे अपने नजदीक के पोलिंग स्टेशन से संबंधित बीएलओ से फार्म संख्या छह लेकर ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सीईओ. ईसीआईहरियाणा. जीओवी.इन वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए एक और हेल्पलाइन एनवीपीएस पोर्टल है। इसके बारे में वोटर हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 से भी जानकारी ली जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस बार जिला में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में और अधिक मतदान होना चाहिए। इसके लिए जिला वासियों को जिला प्रशासन को अपना सहयोग देना होगा। सभी मतदाता मतदान के लिए मतदान की तारीख 25 मई को याद रखें। इस दिन सुबह सात बजे पोलिंग शुरू हो जाएगी।

## तीन छात्राओं ने बी वॉक के पांचवें सेमेस्टर में पाया टॉप 10 में स्थान

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय के प्रातः कालीन सत्र की तीन छात्राओं ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी बी वॉक के पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम में पहले 10 में से तीन स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। बी वॉक पांचवें सेमेस्टर की छात्रा दिव्या ने तीसरा स्थान और नेहा ने आठवां स्थान एवं वर्षा ने दसवां स्थान प्राप्त किया। इन मेधावी छात्राओं को महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर संजय गोयल द्वारा 2100 रुपए प्रति छात्रा को नगद राशि देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए मंगल कामनाएं की। उन्होंने कहा कि वाणिज्य विभाग के विद्यार्थी हर सत्र की परीक्षा में टॉप करते हैं और यह मंगल कामना भी की विद्यार्थी संस्था के बेहतरीन संसाधनों का उपयोग करके महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

# जगाधरी वर्कशॉप रोड से निगम ने हटाया अतिक्रमण, सामान किया जब्त

## महाराणा प्रताप चौक से आईटीआई तक सड़क के दोनों तरफ हटाया गया अतिक्रमण

**दुकानदारों को दोबारा सामान रखने पर जब्त करने के साथ चालान करने की दी चेतावनी**

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

नगर निगम की टीम ने बुधवार को जगाधरी वर्कशॉप रोड पर महाराणा प्रताप चौक से आईटीआई तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगम की टीम ने सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा किया अतिक्रमण हटाया और सड़क पर रखा सामान जब्त किया। निगम के अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि उन्होंने फिर से सामान रखकर अतिक्रमण किया तो उनका सामान जब्त करने के साथ भारी जुर्माना लगाया जाएगा। निगमायुक्त आयुष


जगाधरी वर्कशॉप रोड से अतिक्रमण हटाती निगम की टीम।

सिन्हा के निर्देश पर जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ दस्ते बनाए गए हैं। बुधवार को जोन दो में एसआई सुशील कुमार के नेतृत्व में बनी टीम ने महाराणा प्रताप चौक से आईटीआई तक सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया। टीम में एएसआई सुमित लाठर, सुपरवाइजर रणबीर, ईशांक व होमगार्ड के जवाब शामिल थे।

निगम की टीम ने जैसे ही महाराणा प्रताप चौक के नजदीक अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में अफरा तफरी सी मच गई। निगम की टीम को देख दुकानदारों ने स्वयं सामान समेटना शुरू कर दिया। इस दौरान निगम कर्मियों ने सड़क पर रखा दुकानदारों का सामान उठाकर निगम के वाहन में रखवा दिया।

निगम की टीम ने आईटीआई तक सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया। सफाई निरीक्षकों ने दुकानदारों को सड़कों पर अतिक्रमण न करने के लिए समझाया। उन्होंने दुकानदारों को समझाया कि सड़कों पर अतिक्रमण से रास्ते संकरे हो जाते हैं। जिससे जाम की स्थिति बनती है। इसके अलावा हादसों का खतरा बना रहता है। शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग करें। फिर भी यदि कोई सड़कों पर अतिक्रमण करेगा तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 'फॉस्टरिंग फ्यूचर टुगेदर' पहल शैक्षणिक प्रगति में साबित हुई मील का पत्थर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**नजफगढ** के एमसीडी स्कूल में लिटरेसी मिशन एट रोटेरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के चेयरपर्सन प्राण मेहता के मार्गदर्शन में एक विशेष परियोजना की शुरूआत की गई। रोटेरी, सोशल विजन और नगर निगम दिल्ली के बीच यह संयुक्त उद्यम सभी 31 एमसीडी स्कूलों में शिक्षा की क्षमता एवं सुलभता में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

प्रोग्रेसिव लर्निंग सिस्टम इस पहल का विशेष आकर्षण केन्द्र है, जिसका उद्देश्य शिक्षा के पारम्परिक तरीकों में सकारात्मक बदलाव लाना है। शिक्षा में सुधार लाने की मेहता की प्रतिबद्धता और साक्षरता प्रोग्रामों के नेतृत्व में उनकी विशेषज्ञता इस बात की पुष्टि करती है, कि किस तरह यह परियोजना दिल्ली के युवाओं के भविष्य को निर्धारित करने में कारगर है। पीएलएस की शुरूआत के अलावा, मेहता ने हेल्थकेयर के प्रयासों जैसे दांतों की जांच, नेत्र जांच शिविर एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रोग्रामों के साथ समग्र विकास को भी बढावा दिया है। यह समग्र देखभाल सुनिश्चित करेगी कि हर बच्चे को उनके सामान्य विकास के लिए जरूरी संसाधन प्राप्त हों।

मेहता के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर माननीय अतिथि जैसे ज्ञानेश भारती, आईएएस, कमिशनर-एमसीडी और जगदीश प्रसाद, डीडीई नजफगढ जोन भी मौजूद रहे, जिन्होंने सभी उपस्थितगणों को आपसी सहयोग एवं समुदाय-उन्मुख प्रगति के लिए प्रेरित किया। मेहता के अमूल्य योगदान पर रोशनी डालते हुए मकुलेल, डायरेक्टर- सोशल विजन ने दिल्ली की शिक्षा प्रणाली पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने के उनके प्रयासों एवं सहयोग की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान कई नई परियोजनाएं भी पेश की गईं जैसे कई स्कूलों में पीएलएस प्रोग्राम का संचालन, स्मार्ट बोर्ड का वितरण और नेत्र जांच शिविर। इसके अलावा प्राइमरी छात्रों को रीडिंग के लिए किताबें भी बांटीं गईं और मेहता की ओर से पीएलएस कोर्स पूरा करने वाले छात्र को एक टेबलेट उपहार स्वरूप दिया गया। ''फॉस्टरिंग फ्यूचर टुगेदर' पहल की सफलता सकारात्मक बदलाव लाने तथा भावी पीढियों के लिए अनुकूल भविष्य के निर्माण में टीमवर्क की बदलावकारी क्षमता को दर्शाती है।

# अमेजन डॉट इन पर होम, किचन और आउटडोर कैटेगरी के लिए उत्तर प्रदेश है सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**होम** और किचन कैटेगरी में सलाना आधार पर 25 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ, अमेजन डॉट इन ने आज उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय प्रदर्शन की घोषणा की है। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉट इन ने उत्तर प्रदेश में नए ग्राहकों की संख्या में भी दो अंकों की वृद्धि दर्ज की है। अधिकांश नए ग्राहक टियर-2 और इससे नीचे के शहरों से जुड़ रहे हैं। कंपनी ने उत्तर प्रदेश को अमेजन डॉट इन के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक बताया है, राज्य से आने वाली कुल मांग में लखनऊ, नोएडा और गाजियाबाद की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक है। नवाबों के शहर लखनऊ के ग्राहक फर्नीचर, फटिनेस प्रोडक्ट्स, बाथरूम प्रोडक्ट्स, डीआईवाई वॉल पेंट्स



और प्रीमियम किचन एप्लाएंसेस की खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। बिजली की बचत करने वाले एप्लाएंसेस, सोलर पैनल, पानी बचाने वाले वाटर प्यूरीफायर्स जैसे टिकाऊ उत्पादों के लिए भी लखनऊ में दो गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, केएन श्रीकांत, डायरेक्टर, होम, किचन एंड आउटडोर्स, अमेजन इंडिया, ने कहा, ''अमेजन डॉट इन के लिए उत्तर प्रदेश एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम राज्य के सभी 70 जिलों और सभी सेवा योग्य पिनकोड पर डिलीवरी कर रहे हैं।''

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने की विभिन्न स्कॉलरशिप्स की घोषणा

**शहीदों के बच्चों को मिलेगी विशेष छूट**

पायनियर समचार सेवा। बहादुरगढ

**परीक्षण** तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल 2024 में शुरू होने वाले अपने नए सत्र की शुरूआत से पहले छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए अलग-अलग स्कॉलरशिप की घोषणा की है।

पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (आईएसीएसटी) है, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, आकाश शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और



आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को विशेष छूट प्रदान करेगा।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर श्री अनूप अग्रवाल ने कहा, ''हम भारत भर में छात्रों के लिए सुलभ और प्रभावशाली शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। आईएसीएसटी और हमारे छात्रवृत्ति कार्यक्रमों जैसी पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य योग्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है। हमें अपने बहादुर सशस्त्र बल कर्मियों के बच्चों की शिक्षा का समर्थन करने की अपनी परंपरा को जारी रखने पर गर्व है और हम शिक्षा में उत्कृष्टता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट छात्रों को तत्काल छात्रवृत्ति पुरस्कार और तत्काल प्रवेश के अवसर प्रदान करता है। छात्र ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं और अपनी अर्जित छात्रवृत्ति का विवरण तुरंत प्राप्त कर सकते हैं।

# यमुनानगर में जनसैलाब के बीच पहुंचकर बोले मुख्यमंत्री -मैं आप लोगों का भाई पहले, मुख्यमंत्री बाद में हूं

**पायनियर समाचार सेवा।** जगाधरी

**यमुनानगर** की छछरौली विजय संकल्प रैली एवं अपने अभिनंदन समारोह में उमड़े जनसैलाब के बीच मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं आप लोगों का भाई पहले हूं और मुख्यमंत्री बाद में हूं। मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने विपक्ष को घमंडिया गठबंधन कहकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए घमंडिया गठबंधन के पास ना नीति है, ना नीयत है और ना ही नेतृत्व है। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा के पास राष्ट्र को विकसित बनाने की नीति है, मोदी जैसा प्रभावशाली नेतृत्व है और देश को समृद्ध करने के लिए साफ नीयत है। जबकि कांग्रेस का लक्ष्य झूठ और भ्रम फैलाकर सत्ता प्राप्ति करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता के माध्यम से सेवा करना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील भी की। कार्यक्रम में बोलते हुए कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने भी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और विपक्ष हमलावर रहे।




बुधवार को यमुनानगर की छछरौली अनाज मंडी में आयोजित समारोह में पहुंचने पर नायब सैनी का भाजपा पदाधिकारियों द्वारा पगड़ी पहनाकर व गदा भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर आढ़तियों ने नायब सैनी को भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा भेंट की और सैनी समाज ने भी फूल मालाओं से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। स्वागत से गदगद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मैं आप लोगों का भाई पहले हूं और मुख्यमंत्री बाद में। उन्होंने कहा कि यह सम्मान आप सभी का सम्मान है। उन्होंने कहा कि मैं आपके सम्मान की सदा रक्षा करूंगा।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि मोदी और डबल इंजन की सरकार ने 10 वर्षों में लाजवाब काम किए हैं। भाजपा ने जो कहा वह समय पर करके दिखाया है। कांग्रेस की कार्यशैली पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठी घोषणा करके लोगों से वोट ले लेते थे, लेकिन कांग्रेस के तीन-तीन कार्यकालों में भी लोगों के काम नहीं होते थे। चुनाव दर चुनाव कांग्रेस सिर्फ झूठे आश्वासन देकर लोगों को बरगलाती रही और वोट लेकर सत्ता का सुख भोगती रही। उन्होंने कहा कि अब जनता कांग्रेस की मंशा जान चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने लोगों के जीवन को सरल बनाया है। सड़कों का जाल बिछाकर बेहतर कनेक्टिविटी लोगों को दी है। दस वर्षों में एक नया हरियाणा बनाने का काम भाजपा की सरकार ने किया है, जिसकी चर्चा हर व्यक्ति आज कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार काम करने वाली है। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में भारत का नाम उंचा किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व को दुनिया देख रही है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी ने हस्तक्षेप करते हुए रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमला करने से रोका और मानवता की रक्षा की। भारत का व्यक्ति दुनिया के किसी भी देश में बैठा हो वह अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है,।

## कांग्रेस ही देश के लोकतंत्र को खतरे में डालने वाली पार्टी है : कंवरपाल गुर्जर

**हरियाणा** सरकार में मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अपनी गिरेबान में झांकना चाहिए कि देश का लोकतंत्र खत्म करके आपातकाल किसने लगाया था। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया, तब इंदिरा गांधी ने कोर्ट का आदेश मानने से इंकार कर दिया और देश में एमरजेंसी लगा दी, विपक्ष के नेताओं सहित 85 हजार लोगों को जेल में डाल दिया। श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस ही देश के लोकतंत्र को खतरे में डालने वाली पार्टी है।श्री गुर्जर ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की तरक्की का रास्ता खुला। 2019 में जनता ने फिर आशीर्वाद दिया और प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ऐतिहासिक निर्णयों से देश को विकसित बनाने की राह पर तेजी से बढ़ाया। श्री गुर्जर ने कहा कि अब पीएम मोदी ने भाजपा को 370 और एनडीए को 400 कराने का लक्ष्य रखा है जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि शराब घोटाला में केजरीवाल और उनकी सरकार की शिकायत करने वाली कांग्रेस है। कांग्रेस ने ही जांच के लिए ईडी से मांग की थी। उन्होंने कहा कि अब सत्ता के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में समझौता हो रहा है। कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश के संसाधनों पर खास वर्ग का अधिकार है। जबकि पीएम नरेंद्र मोदी बोलते हैं कि देश के संसाधनों गरीब लोगों का अधिकार है। श्री गुर्जर ने मोदी सरकार और डबल इंजन सरकार की उपलब्धियं गिनवाई और भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को ऐतिहासिक मतों से जीताने की अपील की।

# सांसद निधी खर्च की अफवाह फैलाने पर अरविंद शर्मा हुए दीपेंद्र हुड्डा पर हावी

### झुठी पोस्ट और बयानबाजी से दीपेंद्र हुए समर्थकों की आलोचना का शिकार

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**अपने** आप को लोकसभा क्षेत्र का प्रहरी बताने वाले को इस बात का भी ज्ञान नही है कि लोकसभा सांसद ने कितना बजट खर्च किया है और कितना बाकी रह गया। राज्य सभा सांसद को चलने वाली झुठ बोलनी चाहिए ऐसी झुठ नही बोलनी चाहिए कि वो तो झुठ बोलकर निकल जाये और बाद में उनके साथ उनके समर्थकों को भी शर्मसार होना पड़े क्योंकि आज सभी लोगों के हाथ में फोन है और एक मिनट में ही सभी सांसदों का रिपोर्ट कार्ड साईटों पर उपलब्ध है कि किस वित्त वर्ष में कितने पैसे कहां खर्च हुए। यह बात आज लोकसभा के निवृतमान सांसद ने दीपेंद्र के ब्यान पर टिप्पणी करते हुए कही। आपको बता दें कि पिछले दो दिन से एक अखबार की कटिंग सोसल मीडिया पर प्रचारित की जा रही थी जिसमें लिखा था कि अरविंद शर्मा अपने बजट की राशी खर्च नही कर पाये। उस कटिंग को ही आधार मान कर दीपेंद्र ने ब्यान दे दिया था कि अरविंद शर्मा ने अपना बजट नही लगाया। दीपेंद्र पर तंज कसते हुए कहा कि राजनीति में झुठ का सहारा नही चलेगा आज का युवा मतदाता शिक्षित है और नई तकनीक का भरपूर सदुपयोग कर रहा है जिसके दम पर वो झुठ सांच के अंतर को बखूबी समझता है। आज महम हलके के कई गांवों का दौरा करते हुए सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा को अपनी हार का ड़र सता रहा है क्योंकि मै नहीं समझता कि एक सांसद को इतना भी नही पता होता है कि दूसरे सांसद का बजट कितना खर्च हुआ है और कितना बाकी है। उन्होंनें दीपेंद्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि केवल सोसल मीडिया पर आई एक कटिंग को आधार बनाकर किसी पर आरोप लगाने से पहले वो अपनी विदेशों में ली गई शिक्षा का सदुपयोग करते हुए अधिकृत साईट से डेटा लेकर ब्यान बाजी करते तो अच्छा लगता। दीपेंद्र के ब्यानों का निराधार बताते हुए अरविंद शर्मा ने कहा कि वो तो महम रेल लाईन का भी इस प्रकार दुष्प्रचार करते है कि यह प्रौजैक्ट भी उनका ही है जबकि सरकारी आंकड़ो में दर्ज है कि अपने सांसद रहते हुए अपने पिता भूपेंद्र हुड्डा से यदि उन्होंनें एक पैसे की ग्रांट दी हो तो वो आज ही राजनीति छोड़ने को तैयार है। महम हांसी रेलवे लाईन प्रौजक्ट की सारी जमीन का अधिग्रहण भाजपा सरकार ने किया और उसका सारा मुआवजा भाजपा सरकार के समय दिया गया।


महम हलके के गांव में लोगों को संबोधित करते अरविंद शर्मा

## जनता की आवाज बनकर विपक्ष की भूमिका अदा कर रही जजपा : जखवाला

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**जननायक** जनता पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने कहा कि जजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता मजबूत है और हर परिस्थिति में दुष्यंत चौटाला के कंधे से कंधा मिला कर खड़ा हैं। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी ने सत्ता में रहते हुए इमानदारी मेहनत और निष्ठा से जनता की सेवा की और विकास में भागीदारी निभाई। अब जेजेपी हरियाणा की जनता की आवाज बनकर विपक्ष की भूमिका अदा कर रही है। जखवाला ने बताया कि जननायक जनता पार्टी हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी को लेकर विपक्षी दलों की सोच पर उन्हें तरस आता है।

## एनडीए की आल इंडिया रैंकिंग में छाए गुरुकुल के छात्र

### रिषभराज ने 43वां व कार्तिक ने हासिल किया 99वां रैंक

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

यूपीएससी द्वारा मंगलवार को जारी एनडीए की फाइनल मेरिट लिस्ट में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 10 छात्रों ने जगह बनाई है, इनमें से दो छात्र रिषभराज और कार्तिक ने आल इंडिया रैंकिंग में पहले 100 कैंडिडेंट में स्थान हासिल किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर गुरुकुल में उत्साह का माहौल है। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने सभी सफल छात्रों को अच्छी रैंकिंग हासिल करने पर बधाई दी। प्रधान राजकुमार गर्ग, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, सूबेदार बलवान सिंह, इंस्ट्रक्टर एंड कोर्डिनेटर अशोक चौहान ने एनडीए ब्लॉक में मिष्ठान्न वितरित कर इस खुशी को सांझा किया। ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार ने बताया कि यूपीएससी द्वारा 3 सितम्बर 2023 को एनडीए व नेवल एकेडमी हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें देशभर के लाखों छात्रों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा में लगभग 7 हजार अभ्यर्थी सफल हुए जिन्हें एसएसबी हेतु बुलाया गया।




## पूर्व सैनिकों की मासिक मीटिंग व मेडिकल कैंप को

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की मासिक मीटिंग 7 अप्रैल को 9 बजे हनुमान वाटिका में होगी। मीटिंग के दौरान प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 तक फ्री जरनल मेडिकल चेकअप शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी ने कहा कि सभी सैनिक परिवार, अर्ध सैनिक बलों के परिवार अपने दोस्तों एवं सगे संबंधियों का भी चैकअप करवाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे। इस में ईसीजी, रक्त चाप व ब्लड शुगर चैकअप भी किया जायेगा।

## श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ से शिक्षा सत्र का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**गुरु** नानक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए सत्र (2024-25) का प्रारम्भ श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ से किया गया। श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ के समापन पर सभी ने सरबत के भले और स्कूल की चढ़दी कला के लिए गुरु चरणों में अरदास की। उपरांत सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। विद्यालय की प्रिंसिपल चरणजीत कौर ने इस अवसर पर सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया और जीवन में सफल होने की शुभकामनाएं दीं। जूनियर विंग इंचार्ज डॉ ममता शर्मा ने बच्चों को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया और उन्हें कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी छात्र, छात्राएं और स्टाफ मौजूद रहा।



## लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा जालंधर नॉर्थ कोर कमेटी की बैठक संपन्न

### जालंधर लोकसभा सीट जीतकर इस बार भाजपा इतिहास रचेगी : सुशील शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** जलांधर



**भारतीय** जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता में जालंधर नॉर्थ हल्का कोर कमेटी की बैठक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व सीपीएस के डी भंडारी के निवास स्थान सेठ हुकम चंद कॉलोनी में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें जालंधर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार सुशील रिंकू,जिला प्रभारी संजीव खन्ना,प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश बाघा,जिला महामंत्री राजेश कपूर,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमन पब्बी,विनोद शर्मा विशेष रूप से पहुंचे।इस अवसर पर जालंधर नॉर्थ विधानसभा के जिला पदाधिकारियों,सभी मंडलों के अध्यक्षों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुशील शर्मा ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और जालंधर लोकसभा सीट पर सुशील रिंकू जी को जीताकर इस बार भाजपा इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का एकमात्र लक्ष्य सत्ता सेवा के साथ साथ व्यवस्था परिवर्तित करने के लिए हमेशा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरी तरह जालंधरवासियों के विकास के लिये वचनवद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जो स्मार्ट सिटी के दिन शहरों के सौंदर्य करण के लिए फंड भेजे गए थे वह पिछली सरकारों ने भ्रष्टाचार में उड़ा दिए। उन्होंने कहा कि जलांधर में हम असलियत में स्मार्ट सिटी बना कर दिखायेंगे बस इस बार जालंधर सीट पर भाजपा का कमल खिला दे।

इस अवसर पर सुशील रिंकु ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव जालंधर के व्यापारियों और युवाओं के भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि पंजाबियों ने पंजाब की वर्तमान सरकार के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को पंजाब से चलता करने का मन बना लिया है जिसकी शुरुआत पंजाब में सभी लोकसभा सीटें जीत कर होगी। केडी भंडारी ने कहा कि नॉर्थ हल्के के सभी कार्यकर्ता आने वाले चुनावों में पार्टी को बड़ी जीत दिलाने अहम भूमिका निभायेगें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता की मेहनत से जालंधर में पहली बार भाजपा का सांसद बनेगा और इतिहास रचेगा। उन्होंने कहा कि जालंधर की भलाई के लिये भाजपा का सत्ता में होना जरूरी है तथा सरकार पूरी तरह हर तरफ से फ़ेल साबित हुई है।

## आरटीई व चिराग योजना के तहत बच्चों को नहीं मिल रहा निजी स्कूलों में एडमिशन



### निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों को किया जा रहा है परेशान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**छात्र** अभिभावक संघ की अध्यक्ष प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में अभिभावकों ने आरटीई व चिराग योजना के तहत बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला करवाने में आ रही समस्याओं को लेकर बीईओ कार्यालय पर रोष प्रदर्शन करते नारेबाजी की। संघ की अध्यक्ष प्रवेश कुमारी ने कहा कि आज बीईओ कार्यालय पर अभिभावकों के साथ पहुंचे हैं और अधिकारियों से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया है। अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि जो स्कूल बच्चों को एडमिशन देने से मना कर रहा है उसके खिलाफ लिखित में शिकायत दें। अभिभावक विपिन यादव ने बताया कि वह आरटीई के तहत अपने बच्चे के एडमिशन के लिए स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन मेरे बच्चे को एडमिशन नहीं दिया जा रहा है, मुझे फीस मांग रहे हैं। आज वह अपनी समस्या को लेकर बीईओ कार्यालय पर पहुंचा है, वे अधिकारियों से मांग करते हैं कि उनके बच्चे का एडमिशन कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों से आरटीई व चिराग योजना को लागू करने की मांग की। अभिभावक सुमित कुमार ने कहा कि वे अपने बच्चे का चिराग योजना के तहत एडमिशन करवाने गए थे, लेकिन स्कूल वाले उनसे फीस मांग रहे हैं। आज वे इस बारे में बीईओ कार्यालय में अधिकारी से मिलने पहुंचे, ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके। छात्र अभिभावक संघ की अध्यक्ष प्रवेश कुमारी ने मांगपत्र दिया।

## कांग्रेस में सभी वरिष्ठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने की रणनीति पर मंथन

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में भाजपा को मात देने के लिए फिलहाल रणनीति पर मंथन कर रही है । पार्टी इस रणनीति पर भी मंथन कर रही है कि सभी वरिष्ठ नेताओं का चुनाव लड़ना अनिवार्य किया जाए। अगर ऐसा किया जाता है तो वरिष्ठ नेता भूपेंद्र हुड्डा को भी चुनाव लडना पड़ सकता है। कांग्रेस के इस रणनीति के अपनाने पर भाजपा को भी रणनीति बदलनी पड़ सकती है।

कांग्रेस हाईकमान ने राज्य के सभी प्रमुख नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़ाने के संकेत दिए हैं। कांग्रेस का मानना है कि ऐसा करने से जहां भाजपा को कड़ी टक्कर मिल सकेगी, वहीं पार्टी नेता एक दूसरे से राजनीतिक वैर भुनाने के मंसूबों में कामयाब नहीं हो सकेंगे।

कांग्रेस की इस रणनीति को भांपकर भाजपा को भी कुछ लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों में बदलाव करना पड़ सकता है। हालांकि भाजपा ने संकेत दिए हैं कि अभी उसका उम्मीदवार बदलने का कोई इरादा नहीं है। भाजपा नेताओं का संकल्प है कि वे सभी 10 लोकसभा सीटों पर कमल का फूल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झोली में डालेंगे।

जबकि कांग्रेस के वार रूम की बैठक में मुख्य मुद्दा यही रहा कि हमें कम से कम पांच लोकसभा सीटों पर जबरदस्त तरीके से चुनाव लड़ना है। रोहतक से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा खम ठोंककर दावेदारी जता रहे हैं। हाईकमान की इच्छा भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चुनाव लड़ाने की है। हुड्डा विरोधी खेमे ने हाईकमान पर दबाव बना रखा है कि यदि कुमारी सैलजा को चुनाव लड़वाया जाना है तो भूपेंद्र हुड्डा को भी उतारा जाना चाहिए। भिवानी-महेंद्रगढ़ से किरण चौधरी को चुनाव लड़ाने पर हाईकमान विचार कर रहा है।किरण चौधरी की गिनती कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला के ग्रुप में होती है। दीपेंद्र हुड्डा की तरह सुरजेवाला ने स्वयं भी लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर नहीं की है। रणदीप को लोकसभा के रण से अलग रखा जा सकता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा को अंबाला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाए जाने की संभावना है, जबकि उनके समर्थक सिरसा में लड़वाने के लिए हाईकमान पर दबाव बना रहे हैं। वहीं, फूलचंद मुलाना के बेटे वरुण मुलाना के नाम की भी अंबाला से चर्चा है। बीरेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल होते हैं तो उन्हें सोनीपत सीट से जबकि पूर्व सीएम भजनलाल के बेटे चंद्रमोहन और रिटायर्ड आइएएस अधिकारी चंद्रप्रकाश जांगड़ा को हिसार से चुनाव लड़ाने की भी चर्चा है। पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह को फरीदाबाद सीट से उतारे जाने पर हाईकमान गंभीर है। राव दान सिंह को गुरुग्राम सीट पर जबकि पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव के साथ फिल्म अभिनेता राजबब्बर और हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी प्रधान जितेंद्र भारद्वाज की चर्चा है। करनाल से पूर्व सीएम मनोहर लाल के सामने पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा के बेटे चाणक्य पंडित के स्थान पर कुलदीप शर्मा को चुनावी रण में उतारने की चर्चा चल रही है। इनके अलावा यहां पूर्व स्पीकर एवं पूर्व मंत्री तथा प्रमुख पंजाबी नेता अशोक अरोड़ा के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। मराठा वीरेंद्र वर्मा और ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी के नामों पर भी वार रूप में चर्चा की गई है। सिरसा से हुड्डा खेमा पूर्व विधायक जरनैल सिंह और विधायक शीशपाल कैहरवाला को चुनाव लड़वाना चाहता है।

# समय के अनुसार नहीं बदलोगे, तो समय तुम्हें बदल देगा : प्रो. ई.वी. गिरीश

## एनआईटी में थाट लैब की ओर से आत्म चिंतन पर हुआ सम्मेलन

### नेशनल प्रौद्योगिकी में हुआ कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**नैशनल** प्रोद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र के सीनेट हाल में थाट लैब की ओर %एक्सपर्ट टॉक करवाई गई। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय से जुड़े अन्तर्राष्ट्रीय वक्ता और मुंबई से पधारे प्रो. ई.वी. गिरीश मुख्यातिथि रहे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान प्रो. वी.पी सिंह, प्रो. दीक्षित गर्ग, बी.के. प्रियंका बहन, डॉ.अंशु पराशर, डॉ. थान सिंह व रेणु देवी ने मुख्यातिथि प्रो. ई.वी. गिरीश का अभिनंदन किया। प्रो. ई.वी. गिरीश ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप जो भी कार्य करे, उसे रायल्टी से करें। जीवन में कुछ करना चाहते हो, तो इमानदारी से करें। दिल लगा कर और ईमानदारी से पढ़ाई करें।अपने मन के मालिक बने, गुलाम नहीं। समय के अनुसार नहीं बदलेंगे, तो समय आपको बदल देगा। उन्होंने कहा कि समय बहुत तेजी से बदल रहा है, इसलिए जीवन में बहानेबाजी न करे। परिस्थितियां आएंगी ही, उनका हल हमें ढूंढना ही है। फोन को साइलेंट मोड पर मत करो, अपने मन को साइलेंट मोड पर कितनी देर तक रख सकते हो ! हम इतने कमजोर हो गए हैं कि अपनी ही जान गंवाने लगे हैं। ऐसा क्या हो गया है! प्रो. गिरीश ने बताया कि सचिन तेंदुलकर गलत निर्णय के बाद भी कोई शिकायत व गुस्सा नही करते थे। उनका कहना था कि मेरे लिये मेरा बल्ला बात करेगा। अब आप अपने आप से बात करे कि मेरे लिए कौन बात करेगा। इसलिए सदा सकारात्मक सोच रखे। मुख्यातिथि ने कहा कि हमारी एनआईटी और टीचर्ज बहुत अच्छे हैं। माता पिता सभी अच्छे हैं। इस प्रकार से आप भी बहुत अच्छे बन जाएंगे। कार्यवाहक निदेशक वी पी सिंह ने बताया कि बच्चों को एकाग्रता बढ़ानी है। मेडिटेशन द्वारा एकाग्रता को बढ़ाया जा सकता है। अपने अध्यापकों व दोस्तो के साथ बाते करते रहे। हर कार्य मन लगा कर करें और प्रत्येक गतिविधि में भाग लें।



### माइंड पावर का अधिक से अधिक प्रयोग करें : प्रो. दीक्षित गर्ग

एनआईटी के प्रोफेसर दीक्षित गर्ग ने कहा कि माइंड पावर का अधिक से अधिक प्रयोग करें। भगवान ने हमें जो पावर दी है, उसका प्रयोग करे। थॉट लैब में जाकर मेडिटेशन करे और सकारात्मक विचार धारा रखें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए युवाओं को आगे बढ़ना है। नशे आदि जो भी बुरी आदतें हैं, उनसे दूर रह कर अपना सारा ध्यान पढ़ाई में लगाना है। थॉट लैब के कोऑर्डिनेटर डॉ थान सिंह ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बी.के अमित, डॉ अमिता, बी.के संत कुमार, पाहुल, रेणु मुंजाल व थॉट लैब के छात्र मौजूद रहे।

### नहीं पहुंचा मंडियों में गेहूं

**करनाल।** किसानों ने गेहूं की कटाई शुरू हो चुकी हैं, जो धीरे-धीरे बढ़ती जाएगी। मौसम की परिस्थितियों के चलते पीले सोने को मंडियों में पहुंचने में अभी करीब एक सप्ताह का समय लग सकता हैं। मंडी प्रशासनिक अधिकारियों का दावा है कि मंडियों में गेहूं पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं, उनकी ओर से खरीद को लेकर पुख्ता तैयारियां हैं। किसानों से आग्रह है कि वे गेहूं को सुखाकर व साफ करके ही मंडी में लाए ताकि उन्हें खरीद के दौरान नमी को लेकर कोई परेशानी न उठानी पड़े। पिछले साल करनाल की मंडियों में 75 लाख क्विंटल गेहूं की खरीद की गई थी।

उधर जिला खादय नागरिक एवं आपूर्ति विभाग द्वारा मंडियों में इंसपेक्टरों व एएफएसओ की डयूटियां लगा दी गई हैं, खरीद एजेंसियों द्वारा बारदाना उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मंडियों में गेहूं पहुंचने की उम्मीद है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन [अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54)]'' और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना दिनांक **12 दिसम्बर 2023** को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **स्टार फेब्रीकेटर्स व इंजीनियर्स जरिए प्रोपराइटर इरशाद खान (ऋणी), इरशाद खान (सह-ऋणी), लुकमान खान (सह-ऋणी) (खाता संख्या: L9001060121587922)** से नोटिस में वर्णित **रुपये 2117538/- (रु. इक्कीस लाख सत्रह हजार पांच सौ अड़तीस मात्र)** की राशि इस नोटिस कि प्राप्ति कि दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बन्धकर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बन्धकर्ता को तथा समान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक **30** माह **मार्च** वर्ष **2024** को अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सह-ऋणी/बन्धकर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार **रुपये 2117538/- (रु. इक्कीस लाख सत्रह हजार पांच सौ अड़तीस मात्र)** की राशि **दिनांक 11 दिसम्बर 2023** तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित परगती नगर, ईदगाह कॉलोनी के पास, पट्टी जट्टान, एम.सी. के अन्दर, सोनीपत, ख.नं. 819 मिन प्लॉट मे शामिल, तेह. व जिला- सोनीपत, हरियाणा, चारो ओर की दिशाऐं पूर्व - दिगार का प्लॉट, पश्चिम : बकी मुकीन, उत्तर बालबीर का मकान, दक्षिण - रास्ता **क्षेत्रफल 75 वर्ग गज** जो कि **लुकमान खान** के स्वामित्व में है।

दिनांक: 30 मार्च 2024
स्थान : हरियाणा

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, शुक्रवार को आएगा ब्याज दर पर फैसला

एजेंसी। मुंबई

**नीतिगत** ब्याज दर पर निर्णय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। तीन दिन तक चलने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की एमपीसी रेपो दर के संबंध में निर्णय करेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी के फैसले की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। ऐसी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक एक बार फिर प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखेगा और मुद्रास्फीति नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए




रखेगा। आर्थिक वृद्धि दर को लेकर चिंताएं कम होने से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही ध्यान रहने की उम्मीद है। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा है। एक अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष में एमपीसी की कुल छह बैठकें आयोजित होंगी।

आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की थी और तब से यह लगातार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। पिछली छह द्विमासिक नीतियों में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया।

गवर्नर दास की अध्यक्षता वाली समिति में शशांक भिड़े, आशिमा गोयल, जयंत आर वर्मा, राजीव रंजन और माइकल देबब्रत पात्रा भी शामिल हैं। सरकार ने आरबीआई को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे। फरवरी के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति दर 5.1 प्रतिशत थी। विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी बैठक में अमेरिका और ब्रिटेन जैसी कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंकों के रुख पर तवज्जो दी जा सकती है। ये केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती को लेकर फिलहाल देखो और इंतजार करने की स्थिति में हैं। स्विट्जरलैंड ब्याज दरों में कटौती करने वाली पहली बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था जापान ने नकारात्मक ब्याज दरों का सिलसिला हाल ही में खत्म कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि मौद्रिक नीति में उदार रुख को वापस लेना जारी रह सकता है। इसमें चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जाकर पहली दर में कटौती की संभावना जताई गई है। आरबीआई से उम्मीदों पर हाउसिंग डॉट कॉम के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी ध्रुव अग्रवाल ने कहा कि मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच केंद्रीय बैंक इस नीतिगत समीक्षा में रेपो दर पर यथास्थिति बनाए रख सकता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर क्रमशः 8.2 और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी।

# न्यायालय में एक व्यक्ति ने गला रेतकर अपनी जान देने की कोशिश की

एजेंसी। बेंगलुरु



**कर्नाटक** उच्च न्यायालय के परिसर में बुधवार को एक व्यक्ति ने चाकू से कथित रूप से अपना गला रेतकर अपनी जान देने की कोशिश की। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अदालत परिसर में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उस व्यक्ति को तत्काल बचाया और उसे एक नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा, हमें नहीं मालूम है कि उसने यह अतिवादी कदम क्यों उठाया। वह अदालत के हॉल नंबर एक में पहुंचा और उसने एक चाकू से अपना गला रेत लिया। वहां तैनात हमारे सुरक्षाकर्मियों ने यह देखा और उन्होंने तत्काल उसे बचा लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# अब अपराधी जेल जाने से भी डर रहे हैं : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी। आगरा

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 2017 से पहले राज्य के ज्यादातर इलाकों में सूरज डूबने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे लेकिन उसके बाद ज्यादातर अपराधी जमानत खत्म कराकर जेल चले गए तथा अब हाल यह है कि वे जेल जाने से भी डर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने फतेहपुर सीकरी में भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के समर्थन में जनचौपाल को संबोधित करते हुए कहा, 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य अस्त होने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। अपराधी सोचते थे कि पिछली सरकारों की तरह ही यह सरकार भी रहेगी, लेकिन सरकार ने उनसे कहा कि तुम अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो। ज्यादातर अपराधी जमानत तुड़वाकर जेल में चले गए। अब तो कह रहे हैं कि हमें जेल भी न भेजें। अब वे वहां भी जाने से डर रहे हैं।



उन्होंने कहा, आप देख रहे होंगे, ज्यादातर अपराधी गले में तख्ती लगाकर घूम रहे हैं कि जिंदगी भर ठेला लगाकर पेट पाल लूंगा पर अब कुछ गलत काम नहीं करूंगा, बस एक बार जान बख्श दो। कानून का डर माफिया एवं अपराधियों पर न हो तो वे गरीबों, व्यापारियों एवं सामान्य नागरिकों का जीना मुहाल कर देंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रदेश में हर दूसरे दिन दंगा होता था। कांग्रेस एवं सपा की दंगा-कर्फ्यू पॉलिसी को जिस प्रदेश ने झेला है, वहां अब दंगा-कर्फ्यू नहीं चलेगा। यह प्रदेश अब उपद्रव बर्दाश्त नहीं करेगा, बल्कि परंपरागत उत्सव के साथ जुड़ेगा। उत्तर प्रदेश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है।

उन्होंने विपक्ष के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर निशाना साधते हुए कहा एक ओर भाजपा के नेतृत्व में राजग गठबंधन है तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो दल को मिलाना चाहते हैं, लेकिन उनके दिल नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन में जो लोग हैं उनकी स्थिति भी आप देख रहे होंगे। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने सभी सीट पर प्रत्याशी उतार दिए और कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी, फिर भी वे गठबंधन का हिस्सा हैं। केरल में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं किया लेकिन वे इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। यही हाल महाराष्ट्र समेत अलग-अलग क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। इनको प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। कांग्रेस का प्रत्याशी सपा में और सपा का प्रत्याशी कांग्रेस में जा रहा है। तब किसी प्रकार जोड़तोड़ कर चुनावी अखाड़े में यह दांव आजमा रहे हैं।

## तिहाड़ में केजरीवाल से मुलाकात के लिए अनुमति मांगी



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तिहाड़ जेल प्रशासन को पत्र लिखकर दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मिलने की अनुमति मांगी है। पार्टी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह पत्र मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा भेजा गया है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय की इस दलील को ध्यान में रखते हुए सोमवार को केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा था कि उनकी रिहाई से दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले की जांच में बाधा आ सकती है।

# सूखा राहत के लिए केंद्र से संपर्क में देरी का आरोप साबित हुआ तो इस्तीफा दे दूंगा : सिद्धरमैया

एजेंसी। मैसुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि अगर यह साबित हो गया कि सूखा राहत के लिए केंद्र को प्रस्ताव सौंपने में उनकी सरकार की ओर से देरी हुई है तो वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। सिद्धरमैया ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से इस संबंध में लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। शाह ने मंगलवार को बेंगलुरु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक में सूखे की स्थिति है और राज्य सरकार ने राहत के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने में तीन महीने की देरी की है और सूखा राहत का आवेदन निर्वाचन आयोग के पास है। सिद्धरमैया ने शाह पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए आश्चर्य जताया कि अगर यह साबित हो गया तो क्या केंद्रीय मंत्री भी अपने पद से इस्तीफा दे देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, सितंबर में हमने इस संबंध में पहला ज्ञापन सौंपा था, अक्टूबर में केंद्रीय टीम (अंतर-मंत्रालई केंद्रीय टीम -आईएमसीटी) आई थी, उन्होंने भी 20 अक्टूबर को अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को दे दी



**अब छह महीने होने को हैं, फिर भी उन्होंने कोई राहत नहीं दी**

थी, अगर यह झूठ है, तो मैं अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा। क्या वह (शाह) अपने पद से (इस्तीफा) देंगे? क्या अमित शाह देंगे इस्तीफा? उनसे पूछो। उन्हें निर्णय लेने दो। सिद्धरमैया ने कहा, अक्टूबर में ही हम तीन बार ज्ञापन दे चुके हैं, उसके बाद केंद्रीय टीम ने आकर निरीक्षण किया और रिपोर्ट दी। 19 दिसंबर को मैं प्रधानमंत्री से मिला और 20 दिसंबर को अमित शाह से मिला। मैंने उन्हें रिपोर्ट के बारे में बताया और उनसे एक बैठक आयोजित करने और हमें राहत देने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा, दिसंबर के बाद चार महीने हो गए हैं। फिर वह कैसे कह सकते हैं कि हमने ज्ञापन देने में देरी की? हमने पांच महीने पहले ज्ञापन दिया था, अब छह महीने होने को हैं, फिर भी उन्होंने कोई राहत नहीं दी, उन्हें यह दावे करने का कौन सा नैतिक अधिकार है? अगर देश के गृह मंत्री इस तरह से सफेद झूठ बोलते हैं।

सिद्धरमैया ने सवाल करते हुए कहा, क्या यह सच नहीं है कि राज्य के राजस्व मंत्री और मैं 20 दिसंबर को एक अनुरोध के साथ उनसे (शाह) मिले थे? क्या यह सच नहीं है कि उन्होंने मुझसे कहा था कि उन्होंने 23 दिसंबर को बैठक बुलाई है और वहां इस पर फैसला होगा? मैं इसे साबित करने के लिए तैयार हूं। ये सभी दस्तावेज उच्चतम न्यायालय में जमा कर दिए गए हैं। अमित शाह को इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक सरकार ने पिछले महीने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की थी।

# पशुओं में लंपी बीमारी के लिए जिम्मेदार वायरस का विश्लेषण किया : आईआईएससी

एजेंसी। बेंगलुरु

**भारतीय** विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) ने कहा है कि एक बहु-संस्थागत टीम ने मवेशियों में लंपी बीमारी के प्रसार वाले वायरस के उपस्वरूपों की उत्पत्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। मई 2022 में, भारत में बड़ी संख्या में लंपी बीमारी से पशुओं की मौतें हुई थीं। इस बीमारी में मवेशियों की त्वचा पर गांठ की तरह के बड़े-बड़े दाने निकल आते हैं। बेंगलुरु स्थित आईआईएससी ने मंगलवार को एक



प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि लंपी बीमारी के प्रसार के बाद से लगभग 100,000 गायों की बीमारी से मौत हुई है। आईआईएससी के जैव रसायन विभाग के प्रोफेसर उत्पल टाटू ने कहा, यह कुछ मायनों में एक आपदा थी। टाटू उस बहु-संस्थागत टीम का हिस्सा हैं, जिसने रोग के प्रकोप के कारण की जांच करने का फैसला किया। आईआईएससी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनका अध्ययन बीएमसी जीनोमिक्स में प्रकाशित हुआ था। लंपी स्किन डिजीज वायरस (एलएसडीवी) वायरल संक्रमण है, जो मक्खियों और मच्छरों जैसे कीट-पतंगों द्वारा फैलता है। यह बुखार और त्वचा पर गांठों का कारण बनता है और मवेशियों के लिए जानलेवा हो सकता है।

# डीजीपी ने शहीद अधिकारी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अपराध के खात्मे की खाई कसम

एजेंसी। सांबा

**जम्मू**-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर.स्वैन ने बुधवार को प्रतिबद्धता व्यक्त की कि केंद्र शासित प्रदेश में आपराधिक गतिविधियों का खात्मा कर दिया जाएगा। उन्होंने यह संकल्प सांबा जिले में शहीद उप निरीक्षक दीपक शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में लिया। शर्मा मंगलवार की रात कठुआ जिले के नजदीक एक अस्पताल परिसर में गैंगस्टर के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। इस मुठभेड़ में शन्नू गिरोह का सरगना और कई मामलों में वांछित वासुदेव मारा गया था। शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने के बाद स्वैन ने कहा, जम्मू पुलिस ने हाल के समय में मादक पदार्थ और



गिरोहबंदी के खिलाफ अपनी लड़ाई को नए स्तर पर ले गई है। हम कड़ाई से इन अपराधों से निपटेंगे, जो पंजाब की तरह आपराधिक सिंडिकेट बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी का बलिदान बेकार नहीं होने दिया जाएगा और बल मादक पदार्थ और गिरोहबंदी के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंक कर्मचारी ने मानसिक परेशनी के चलते की खुदकुशी

**पलवल।** आईसीआईसीआई बैंक के एक कर्मचारी ने बुधवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार चांदहट थाना पुलिस ने इस मामले में मृतक के पिता के बयान पर 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की और बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। चांदहट थाना पुलिस अधिकारी के अनुसार बडौली के ओमप्रकाश ने अपने बयान में कहा है कि उसके दो बेटे हैं, नरेश और दिनेश। दिनेश आईसीआईसीआई बैंक की होडल शाखा में काम करता था। दिनेश पिछले कई दिनों से परेशान था, जब उससे परेशानी का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि बैंक में कुछ लोग उसे परेशान कर रहे हैं। जब उससे पूछा गया कि वह उसे क्यों परेशान करता है तो उसने बताया कि उससे केस वगैरह लाने को कहा जाता है। ओमप्रकाश ने बताया कि बैंक के कुछ कर्मचारी उनके बेटे को काफी समय से परेशान कर रहे थे। जिससे वह परेशान था और बुधवार की सुबह उसने अपने घर पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास न तो कोई सुसाइड नोट मिला और न ही परिजन कोई साक्ष्य दे सके। जिसके चलते चांदहट थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### दिल्ली ने क्रिकगियर्स को 10 विकेट से हराया

**फरीदाबाद।** बीडीएम कप सातवां ऑल इंडिया रविंदर फागना-19 क्रिकेट टूर्नामेंट-2024 रविंदर फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया। यह मैच एएचए क्रिकेट अकादमी और क्रिकगियर्स क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच मे ए एच ए क्रिकेट अकादमी ने क्रिकगियर्स क्रिकेट अकादमी को 10 विकेट से हराया , यह मैच 40 ओवर का था और क्रिकगियर्स क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। क्रिकगियर्स क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 35 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 229 रन का लक्ष्य दिया । क्रिकगियर्स क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए संस्कार भाटी ने 57 गेंदों पर 10 चौको और 2 छक्को की मदद से 80 रन अवनीश यादव ने 34 गेंदों पर 5 चौको की मदद से 37 रन बनाए। ए एच ए क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए यश ने 6 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट देवांश, निखिल चंद और अब्दुल वाहिद ने 2/2 विकेट हासिल किए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए ए एच ए क्रिकेट अकादमी ने 24.4 ओवर में बिना विकेट गिराए 230 रन बनाकर जीत हासिल की। ए एच ए क्रिकेट अकादमी की ओर से रोहन ने 75 गेंदों पर 16 चौको और 5 छक्कों की मदद से 102 रन, शिवांश गोसाई ने 73 गेंदों पर 14 चौको और 5 छक्को की मदद से 106 रन बनाए। इस मैच का मैन ऑफ द मैच रोहन और फाइटर ऑफ द मैच संस्कार भाटी को घोषित किया गया।

### बरेली में भाई ने की बहन की हत्या

**बरेली।** बरेली के सुभाषनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपनी बहन की हत्या करने और शव को घर के अंदर दफनाने के आरोप में बुधवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक (शहर) राहुल भाटी ने कहा, पुलिस ने रामू नामक व्यक्ति को उसकी बहन रानी (40) की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। घटना जिले के सुभाष नगर थाना क्षेत्र की है। उन्होंने बताया कि सुभाषनगर थाना क्षेत्र के सनैया धनसिंह में रामू ने अपनी सगी बहन रानी (40) की हत्या कर दी। उनके अनुसार रानी की शादी उत्तराखंड के रुद्रपुर में अखिलेश से हुई थी और वह अपनी मां की मौत के बाद होली में 15 मार्च को अपने मायके आई थी। पुलिस के अनुसार 21 मार्च से रानी लापता थी तथा पूछताछ करने पर उसका भाई रामू शक के दायरे में आ गया। पुलिस के मुताबिक जब रामू से सख्ती से पूछताछ की गई उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया तथा उसकी निशानदेही पर उसके घर में ताजा पड़े फर्श को खोदा गया तो चार फीट नीचे रानी का शव बरामद हुआ। पुलिस ने रानी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा रामू को बहन की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

## ओडिशा के मल्कानगिरि में विस्फोटक जब्त

**मल्कानगिरि।** ओडिशा के मल्कानगिरि जिले में बुधवार को भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ से लगी राज्य की सीमा पर कालीमेला थानांतर्गत दयालतुंग गांव में एक जंगल के निकट 12 बारूदी सुरंग और जिलेटिन की 190 छड़ बरामद कीं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संदेह है कि विस्फोटक माओवादियों का है और इसका इस्तेमाल आम लोगों व सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए किया जाना था। उन्होंने कहा कि इलाके में तलाश अभियान तेज कर दिया गया है।

# रमजान के दौरान मदरसों की मैपिंग करा रही महाराष्ट्र सरकार : सपा विधायक

एजेंसी। ठाणे

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के विधायक रईस शेख ने दावा किया कि महाराष्ट्र सरकार रमजान के पवित्र महीने में राज्य में मदरसों की मैपिंग करा रही है। ठाणे जिले के भिवंडी से विधायक शेख ने एक बयान में सरकार से यह भी पूछा कि इस तरह की कवायद करने से पहले समुदाय से परामर्श क्यों नहीं लिया गया या उन्हें विश्वास में क्यों नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि एक ओर चुनाव आचार संहिता लागू है तो दूसरी ओर शिक्षा विभाग, जिला परिषद और नगर पालिकाएं मदरसों में पढ़ने वाले



मुस्लिम व गैर-मुस्लिम छात्रों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए मैपिंग करा रही हैं। शेख ने कहा, एक तरफ जहां सरकार डॉ. जाकिर हुसैन मदरसा आधुनिकीकरण योजना लागू कर रही है, वहीं दूसरी तरफ मदरसों की मैपिंग भी कर रही है। रमजान के पाक महीने में शिक्षा विभाग के कर्मचारी मदरसा संचालकों को जानकारी के लिए परेशान कर रहे हैं।

# हत्या के मामले में 35 साल से फरार आरोपी पालघर से गिरफ्तार

एजेंसी। पालघर

हत्या के मामले में 35 साल से अधिक समय से फरार आरोपी को महाराष्ट्र के पालघर जिले से गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मानिकपुर पुलिस थाना के वरिष्ठ निरीक्षक राजू माने ने बताया कि 30 नवंबर 1988 को सलीम अकबर अली (24) की पालघर जिले के वसई इलाके के नवघर में कुछ लोगों ने मिलकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा-302 (हत्या) और 34 (साझा मंशा) के



तहत आठ लोगों विजय सुदाम राणे, शंकर बागली मखान, धर्म धर्मेंद्र, शेखर पुजारी, चंद्रशेखर शेट्टी, कुमार होदे, धनंजय बेलूर और क्लामेंट सिमोन लोबो उर्फ मुन्ना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

अधिकारी ने बताया कि बेलूर और लोबो को छोड़ बाकी छह आरोपियों को 1988 में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि लोबो बहरीन भाग गया था और तीन साल पहले भारत लौटा था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने प्रौद्योगिकी और खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी के ठिकाने का पता लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस को हाल में जानकारी मिली कि लोबो (55) भारत आया है और वसई शहर के मानिकपुर में रह रहा है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने लोबो को सोमवार को उसके घर से पकड़ा, जहां वह छिपकर रह रहा था। उन्होंने बताया कि बेलूर को पकड़ने का अब भी प्रयास किया जा रहा है।

# शशि थरूर, राधाकृष्णन, एनी राजा ने लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किए

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता शशि थरूर, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता एवं केरल के देवस्वओम मंत्री के. राधाकृष्णन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एनी राजा और भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी ने बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए केरल में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। तीन बार के लोकसभा सदस्य थरूर ने तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। थरूर दोपहर में विधायक एम विंसेंट, पूर्व मंत्री वीएस शिवकुमार







और तिरुवनंतपुरम जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) के अध्यक्ष पी. रवि और अन्य कार्यकर्ताओं सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ नामांकन करने पहुंचे।

अपना नामांकन दाखिल करने से पहले, थरूर ने श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर और पझावंगडी गणपति मंदिर सहित निर्वाचन क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा-अर्चना की। तिरुवनंतपुरम सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं, क्योंकि चुनाव मैदान में थरूर के अलावा भाकपा के वरिष्ठ नेता पन्नियन रवींद्रन और भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मौजूद हैं।

संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक थरूर ने 2009 के लोकसभा चुनावों में तिरुवनंतपुरम सीट जीतकर चुनावी राजनीति में अपने अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने 2019 के आम चुनाव में जीत की हैट्रिक बनाई थी। राधाकृष्णन उत्तरी पलक्कड़ जिले के अलाथुर से चुनाव लड़ रहे हैं, राजा और एंटनी क्रमशः वायनाड और पथानामथिट्टा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव मैदान में हैं।

केरल की सभी 20 लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा। कांग्रेस के मौजूदा सांसदों राजमोहन उन्नीथन और बेनी बेहनान क्रमशः कासरगोड और चलाकुडी से फिर से चुनाव लड़ेंगे जबकि एर्नाकुलम निर्वाचन क्षेत्र में माकपा उम्मीदवार के.जे. शाइन और पोन्नानी में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) उम्मीदवार के. एस. हम्सा ने भी सुबह नामांकन दाखिल किया। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के वरिष्ठ नेता एवं मौजूदा सांसद ईटी मोहम्मद बशीर ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। बशीर इस बार मलप्पुरम निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं।

मंत्री राधाकृष्णन जब नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे तो उनके साथ उनके कैबिनेट सहयोगी एमबी राजेश तथा के. कृष्णनकुट्टी और पलक्कड़ जिले के अन्य प्रमुख नेता भी थे। संसदीय चुनाव में पहली बार उतरीं शाइन ने अपनी जीत को लेकर भरोसा जताया और कहा कि जमीनी स्तर पर काम करने का उनका वर्षों का अनुभव मतदाताओं का दिल जीतने में मदद करेगा। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख चार अप्रैल है। अधिसूचना के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की जाएगी और आठ अप्रैल नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है। देशभर में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में होंगे। मतगणना चार जून को की जाएगी।

# गाजियाबाद का साथ नहीं छोड़ूंगा: राजनाथ सिंह

- लोकसभा के प्रत्याशी अतुल गर्ग के नामकांन में पहुंचे रक्षा मंत्री

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद




रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का गाजियाबाद के प्रति स्नेह और प्यार आज उस समय एक बार फिर उमड़ा, जब उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के नामांकन से पहले रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि गाजियाबाद से उन्होंने लोकसभा का सफर शुरू किया था। गाजियाबाद का अहसान जिंदगी भर नहीं भुलूंगा। जहां भी रहूंगा, जिस पद पर रहूंगा, गाजियाबाद का साथ कभी नहीं छोड़ूंगा। आपका हूं और आप का रहूंगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के सर्मथन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय बार गाजियाबाद में सार्वजनिक सभा में शामिल हो रहा हूं। जिस तरह जोरदार स्वागत किया गया, उससे अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि 2009 से यहां से सांसद बना लेकिन पार्टी ने मुझे लखनऊ भेजा। जनरल वीके सिंह को भी यहां की जनता ने भारी बहुमत से जिताया। वीके सिंह ने अपनी भूमिका को बेहतरीन तरीके से निभाया। पार्टी का दस्तूर है कि प्रत्याशी बदलती है। अब पार्टी ने अतुल गर्ग को टिकट दिया है। अतुल गर्ग में कार्य करने की अदभुत क्षमता है। उन्हें विरासत में राजनीति मिली है। केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया की कोई ताकत भारत को रामराज्य बनने से नहीं रोक सकती है।

25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर किया गया। दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है। 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में भारत की बात सुनी जाती है। देशभर में चौड़ी चौड़ी सडकें बनी हैं। सेना के जवानों ने संदेश दे दिया है कि देश अब कमजोर नहीं है। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत ने किसी देश के जमीन पर कब्जा नहीं किया है लेकिन हम पर आंख दिखानेवालों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। राजनाथ सिंह के मंच पर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी मालाओं के साथ उनका स्वागत किया।

सभा को मेयर सुनीता दयाल, लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व मेयर आशु वर्मा, आशा शर्मा, विधायक अजितपाल त्यागी, रालोद जिलाध्यक्ष अमित त्यागी, विधायक धर्मेश तोमर, विधायक नंदकिशोर गुर्जर दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरि, अध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा, लोकसभा प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और लोकसभा संयोजक अजय शर्मा ने किया। जनसभा में उस समय हंसी छुट गई जब राजनाथ सिंह ने सुनीता दयाल का नाम लेते हुए कहा कि कोई इनसे टकराकर तो देखे। इसके बाद कुछ देर रूकते हुए कहा कि आगे की बात नहीं कहूंगा। बोलने की क्षमता अगर किसी में है तो सुनीता दयाल में है।

# डॉ. महेश शर्मा के नामांकन में एकजुट नजर आई भाजपा

- यूपी उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी कार्यक्रम में शामिल हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

नोएडा गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। नामांकन.पत्र दाखिल करने के समय पूरी भारतीय जनता पार्टी भाजपा एकजुट नजर आई।

नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में भाजपा के अलग-अलग गुटों की खूब चर्चा होती है। मजेदार बात यह है कि डॉ महेश शर्मा के नामांकन के वक्त भाजपा की गुटबाजी कहीं नजर नहीं आई।

गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के सभी प्रमुख भाजपा नेता डॉ. महेश शर्मा के साथ दिखाई दिए। आपको बता दें कि नोएडा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा का नामांकन कराने के लिए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी नोएडा आए तथा नामांकन दाखिल कराने के पूरे कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आह्वान किया कि डॉ महेश शर्मा को सर्वाधिक वोटों से चुनाव जिताकर लोकसभा में भेजना प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने दावा किया कि डॉ महेश शर्मा इस बार रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे। राजनीतिक गलियारों में चर्चा रहती है कि गौतमबुद्धनगर में भाजपा अनेक गुटों में बंटी हुई है।

डॉ. महेश शर्मा के नामांकन के वक्त बुधवार को भाजपा के सारे बड़े नेता डॉ. महेश शर्मा के साथ नजर आए। नामांकन दाखिल करने से पूर्व वह सेक्टर 15.ए स्थित अपने घर से अपनी माता का आशीर्वाद लेकर परिवार सहित सेक्टर.19 स्थित सनातन धर्म मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की। उसके बाद नामांकन भरने के लिए अपने काफिला सहित निकले। नामांकन के बाद दोपहर बाद शारदा विश्वविद्यालय में उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा नेता तथा राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह तथा पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बिमला बाथम, महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता रहे मौजूद रहे।

## बृजेश पाठक बोले- गलत बयान बाजी कर रहा विपक्ष

**नोएडा।** नोएडा से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा ने सूरजपुर कलेक्ट्रेट में नामांकन किया। इस मौके पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मौजूद रहे। स्टलिन के बयान पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बयान बाजी उलूल जलूल लगातार विपक्ष कर रहा है। स्टालिन ने जिस तरह से अपने मंत्री को कंट्रोल नहीं किया सनातन के बारे में जो बोला गया प्रदेश और देश की जनता देख रही है।

समय पर जब 4 जून होगा तो 400 पार धरातल पर उतरे गा विपक्ष की इन्ही करतूत पर। उन्होंने कहा कि लोकसभा सीट पर आज नामांकन हो गया। यहां प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को सभी जाति, धर्म, वर्ग का वोट एक तरफा मिल रहा है। नोएडा में प्रधानमंत्री जी की योजनाएं जन-जन तक पहुंची है। नोएडा वर्ड क्लास सिटी के रूप में विकसित हो चुका है। लोगों का मानना है कि भाजपा एक बढ़िया नेतृत्व दे सकते है। प्रदेश में 80 में 80 सीट भाजपा बहुमत के साथ आ रही है। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन फ्लॉप हो रहा है। प्रत्याशी नहीं मिल रहे। बार बार प्रत्याशी बदल रहे है।

## नोएडा सांसद ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड



**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे सांसद डॉ महेश शर्मा ने अपना 10 साल का रिपोर्ट कार्ड जारी किया है। नोएडा सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के मकसद से चुनावी मैदान में उतरे डॉ महेश शर्मा का दावा है कि पिछले 10 वर्षों में गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में 87 हजार करोड़ रूपये के विकास के काम हुए हैं। 10 साल शीर्षक से जारी किए गए रिपोर्ट कार्ड को बाकायदा एक बुकलेट के रूप में पूरे गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में बांटा जा रहा है। सांसद प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर, दादरी, जारचा, सिकन्दराबाद तथा खुर्जा में हुए विकास कार्यों को विस्तार से गिनवाया। डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि अकेले 30 हजार करोड रुपए की लागत से तो गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट स्थापित हो चुका है। जेवर एयरपोर्ट से इसी साल हवाई यात्रा शुरू हो जाएगी। जेवर एयरपोर्ट बनने से गौतमबुद्धनगर क्षेत्र का पूरा कायाकल्प होने वाला है।

# चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में गौतमबुद्ध नगर पुलिस

- जिलाधिकारी ने हिस्ट्रीशीटर व असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निए आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



लोकसभा चुनाव, आगामी त्योहारों को देखते हुए नोएडा पुलिस अलर्ट मोड में है। ऐसे में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के नेतृत्व में सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी व एसीपी द्वारा समस्त पुलिस बल, पैरामिलट्री, पीएसी, बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड टीम एवं एलआईयू टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया।

यहां मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र, धार्मिक स्थल, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च के जरिए भीड़ व यातायात प्रबंधन व अन्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया जा रहा है। एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र व एसीपी प्रथम प्रवीण सिंह ने नोएडा द्वारा थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के अंतर्गत पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च के दौरान सम्बन्धित क्षेत्र में पड़ने वाले हिस्ट्रीशीटर व असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए उन्हे कठोर चेतावनी दी गयी।

संभ्रात व्यक्तियों से मिलकर सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के सकुशल सम्पन्न कराने के लिए वार्तालाप किया गया। इसके अतिरिक्त इसमें पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफ्वाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। आगामी त्योहारों जिसमें 5 अप्रैल को अलविदा जुमा की नमाज, 9 को नवरात्रि, 11 को ईद, 14 को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती, 17 को राम नवमी के अलावा 26 अप्रैल को मतदान होने के चलते 26 अप्रैल तक धारा-144 को लागू किया जा रहा है। इसके तहत बिना अनुमति के कोई जुलूस नहीं निकाला जा सकता। सार्वजनिक स्थानों पर 5 या इससे अधिक व्यक्ति एक साथ समूह नहीं बना सकते। ड्रोन शूटिंग पर पूर्णता प्रतिबंध रहेगा। धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थल और जुलूस में लाउड स्पीकर की आवाज उच्च न्यायालय द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार होगी।

## आज से हर दिन नोएडा में चलेगा सफाई अभियान

**नोएडा।** सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए नोएडा प्राधिकरण की टीमें बृहस्पतिवार से हर दिन सड़कों पर उतरेंगी। अधिकारी फील्ड में जाकर काम का जायजा लेंगे। महाप्रबंधक जल, उप महाप्रबंधक सिविल, विद्युत यांत्रिक से लेकर 8 वरिष्ठ प्रबंधक को इस निरीक्षण के लिए चुना गया है।

इसके साथ ही शहर का क्षेत्र भी बांट दिया गया है। यह अधिकारी निरीक्षण कर जो समस्याएं या शिकायतें बताएंगे उनके निपटारा के लिए विभागों की समय.सीमा भी तय कर दी गई है। तय समय में निपटारा न करने वाले विभागों के जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक सफाई व्यवस्था के लिए नियमित निरीक्षण करेंगे।

# 15% फीस वापस न करना स्कूलों पर पड़ेगा भारी, होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- जिले में करीब 300 विद्यालय संचालित

नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा सहित पूरे गौतमबुद्ध नगर जिले में प्रशासन ने निजी स्कूलों को नियम का पालन करने का आदेश दिया है।

दरअसल इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कोरोना काल 2020-21 में ली गई फीस का 15 प्रतिशत लौटाने या समायोजित करने का आदेश दिया था। इस मामले में नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा सहित पूरे जिले के निजी स्कूलों की मनमानी सामने आ रही है। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा सहित गौतमबुद्ध जनपद के 300 में से सिर्फ 150 स्कूलों ने फीस एडजस्ट और वापस करने की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक को दी है। अब विभाग इस मामले को जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के सामने रखेगा। अगले सप्ताह इस मुद्दे को लेकर बैठक होनी तय हुई है। इस बैठक में बड़े और कड़े फैसले लिए जा सकते हैं। आपको बता दें कि नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा सहित जिले में सभी बोर्ड के 300 से अधिक निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने न्यायालय और शासन के आदेश को अमल में लाने के लिए स्कूलों को निर्देश दिए थे।

इसके बाद स्कूलों की मनमानी को देखते हुए 24 अप्रैल 2023 तक फीस वापस न करने और न ही जानकारी देने पर जिला अधिकारी ने 100 स्कूलों के खिलाफ एक्शन लिया और जुर्माना लगाया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह ने बताया कि कोरोना काल की फीस वापस करने और एडजस्ट करने के मामले में अब तक 150 से अधिक स्कूलों ने जानकारी दी है। आपको बता दें कि माध्यमिक शिक्षा विभाग ने तीन अप्रैल तक स्कूलों से फीस से जुड़ी जानकारी मांगी गई है।

## एनसीआर में जहर खुरानी करने वाला गैंग पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में जहरखुरानी की कई वारदातों में शामिल आजाद गैंग के तीन बदमाशों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद आजाद, आसिफ उर्फ जुबेर और साबिर के रूप में हुई है। मोहम्मद आजाद गैंग का सरगना है। जबकि आसिफ खजूरी खास पुलिस को घोषित बदमाश है। आरोपियों के कब्जे से पिस्टल,दो कारतूस,चोरी की दो स्कूटी, 32 स्लिपिंग पिल्स, पाउडर और ब्लेड और वारदात में इस्तेमाल टीएसआर जब्त किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों ऐसी कई दिनों से दिल्ली और एनसीआर में जहरखुरानी गैंग द्वारा बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और व्यस्त बाजारों में गैंग के सक्रिय होने की जानकारी मिल रही थी। गैंग कई वारदातों को अंजाम दे चुका था। बीते मंगलवार को अपराध शाखा को जानकारी मिली कि गैंग लीडर आजाद अपने साथियों के साथ मोरी गेट बस के पास आकर किसी वारदात को अंजाम देगा।

# मनोज तिवारी का दावा, विधानसभा चुनाव भी जीतेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**लोकसभा** चुनाव प्रचार को धार देते हुए उत्तर पूर्वी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने बुधवार को दावा किया कि वर्ष 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर उनकी पार्टी 25 वर्ष बाद राजधानी की सत्ता में वापसी करेगी। साथ ही यह भी कहा कि अपने पहले कार्यकाल में ही शहर की 90 प्रतिशत समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

मीडिया से बातचीत में तिवारी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर दिल्ली वालों को मिल रही मौजूदा सुविधाओं के अतिरिक्त अन्य रियायतें भी दी जाएंगी। भाजपा करीब 25 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। यह भाजपा की हार नहीं है, यह दिल्ली की हार है। अब दिल्ली जीतेगी और उन्हें भरोसा है कि वर्ष 2024 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ही यहां डबल-इंजन की सरकार बनेगी। वर्ष 2025 में दिल्ली की जनता भाजपा को मौका देगी। भाजपा सांसद ने दावा कि उनके विचार में कथित आबकारी नीति घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के लिए कोई सहानुभूति नहीं है। बल्कि लोग गुस्से में हैं। उन्होंने दावा किया कि किसी ने भी चुनाव प्रचार के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बारे में सवाल नहीं किया। तिवारी ने विश्वास जताया कि भाजपा दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी और पार्टी वर्ष 2019 में मिले 56 प्रतिशत मत को बढ़ाने की कोशिश करेगी।

**सांसद ने कहा, प्रदेश में सरकार बनने पर 90 फीसदी समस्याओं का होगा समाधान**

# सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड ग्रेनो से गिरफ्तार

- पहले ही 244 लोग पकड़े जा चुके

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**उत्तर** प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स यूपी एसटीएफको बड़ी सफलता मिली है। सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले की रिपोर्ट सामने आने के बाद नोएडा यूनिट ने मास्टरमाइंड आरोपी राजीव नयन मिश्रा को परी चौक ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया है। जो मूल रूप से यूपी के प्रयागराज का रहने वाला है। एसटीएफके मुताबिक, वह पहले भी कई भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करवा चुका है।

यूपी पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स उसकी तलाश में कई दिनों से छापेमारी कर रही थी। बता दें की यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में करीब 48 लाख नौजवानों ने किस्मत आजमाई थी। लेकिन पेपर के लीक हो जाने के बाद पेपर को रद्द करना पड़ा था। पेपर के कैंसिल होने के बाद से ही पुलिस और एसटीएफ आरोपियों की धरपकड़ में जुटी है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए थे। जिसके बाद पुलिस ने साजिश रचने के आरोप में प्रदेश के अलग. अलग इलाकों से 244 लोगों को गिरफ्तार या हिरासत में लिया था। बाद में मार्च के महीने में यूपी एसटीएफ ने पेपर लीक मामले में संलिप्त पाए जाने के बाद मेरठ और दिल्ली के सात और लोगों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी कथित तौर पर पेपर लीक मामले में शामिल एक गिरोह के सदस्य थे। मेरठ के रहने वाले दीपक, बिट्टू, प्रवीण, रोहित, नवीन और साहिल को कांकेर खेड़ा थाना क्षेत्र के एक घर से गिरफ्तार किया गया था।

वहीं गौतमबुद्धनगर के रहने वाले प्रमोद पाठक को भी पकड़ा था। एसटीएफ नोएडा यूनिट की पूछताछ में सामने आया कि में ये गुड़गांव के अलावा राजीव ने रीवा के भी एक रिसोर्ट में अपने गैंग के साथ पेपर पढ़वाया था। पूर्व में यह घोटाले में ग्वालियर और यूपी टेट पेपर लीक में कौशांबी से जेल जा चुका है।

# कलयुगी पति को मिली घटिया करतूत की सजा, जेल में ही मरेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




**नोएडा** के एक कलयुगी पति तथा क्रूर पिता को उसकी बेहद घटिया करतूत की सजा मिल गई है। घटियापन की सारी हदें पार करने वाला यह कलयुगी पिता तथा पति वर्ष.2014 से पूरे नोएडा क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा है। इस कलयुगी को अब जेल में रहते.रहते ही करना पड़ेगा। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के नागरिक इस मामले में आए फैसले की खूब तारीफकर रहे हैं। कलयुगी पति तथा क्रूर पिता नोएडा के भंगेल का रहने वाला है। इस दरिंदे का नाम अमित है। उसके पिता का नाम राधेश्याम है। इस कलयुगी पति अमित ने अपने पिता राधेश्याम के पवित्र नाम को भी कलंकित कर दिया है। इस कलयुगी पति तथा पिता ने वर्ष.2014 में अपनी पत्नी तथा दो बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या का शिकार हुई पत्नी का बस इतना सा दोष था कि उसकी कोख से बेटे ने नहीं बल्कि दो बेटियों ने जन्म लिया था। दोनों मासूम बेटियों की बचपन में ही बिना किसी कारण के उनके खुद के पिता ने ही हत्या कर दी थी। ग्रेटर नोएडा में स्थित गौतमबुद्धनगर की कचहरी में कलयुगी पति तथा पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मृतका पत्नी के परिजनों ने कलयुगी पति अमित को फांसी की सजा की मांग की थी। अदालत ने फांसी की सजा की मांग को स्वीकार ना करते हुए अदालत ने कलयुगी पति अमित को आखिरी सांस तक जेल में रहने की सजा सुनाई गौतमबुद्धनगर की जिला कचहरी कोर्ट में तैनात अपर जिला जज विजय कुमार हिमांशु ने कलयुगी पति अमित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने से पहले जिला शासकीय अधिवक्ता ने जिरह करते हुए साबित किया कि दोषी ने बेटे की चाहत और दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर हत्या की। वहीं, साक्ष्य के अभाव में दोषी के माता.पिता और भाई को निजी मुचलके पर बरी कर दिया है। अधिवक्ता ललित सुरजीत नागर ने जिरह बताया कि नोएडा के भंगेल निवासी बेटे जगवीर ने आठ फरवरी, 2011 को बेटी सरला उर्फशालू की शादी भंगेल निवासी भाव निवासी अमित से की थी। सरला की निजी एक बेटी दो साल और दूसरी आठ माहकी थी। महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज ने में कार और दो लाख रुपये मांगने की सी जानकारी परिजनों को दी थी, साथ ही दो टी बेटी होने पर ताने देने का आरोप लगाते सी हुए मायके वालों की आए दिन प्रताड़ना की की बात भी बताई थी। इसके अलावा ससुराल वाले बेटा चाहते थे। आपको यह भी बता देते हैं कि 26 मई, 2014 को सरला और उसकी दो बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। सरला के पिता ने पति अमित के साथ सास सुखवीरी, ससुर राधेश्याम, जेठ देवेंद्र व ललित के खिलाफफेज.दो कोतवाली में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और जांच पूरी कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। सुनवाई के दौरान 27 गवाह पेश हुए। गवाह और साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने पति अमित को सरला और दोनों बेटियों की हत्या का दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोषी को अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# शराब के नशे में दोस्त की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**गाजियाबाद** के थाना लिंक रोड क्षेत्र में एक युवक की उसके ही तीन दोस्तों ने लोहे की रोड से पीट कर हत्या कर दी। यह सभी दोस्त मंगलवार रात को एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे।

इसी दौरान नशे में हुई कहासुनी के दौरान एक दोस्त ने लोहे की रोड से दूसरे पर हमला कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया की गौरव, अंकित, राजू और मोमिन यह सभी एक साथ मंगलवार की रात को शराब पी रहे थे। इस दौरान मोमिन ने गौरव को कुछ अपशब्द कहे। इसके बाद गौरव ने लोहे की रोड से मोमिन पर हमला कर दिया। भीड़ इकठ्ठी होता देख गौरव मौके से फरार हो गया। जबकि अंकित और राजू मोमिन को अस्पताल ले गए। साथ ही यह जानते हुए कि वह हत्या में शामिल हैं, यह दोनों आरोपी मोमिन के परिजनों के साथ गौरव को तलाश करने का नाटक करते रहे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग की घर से वोट योजना का स्वागत किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** निवासी बुजुर्ग गुल शिवदासानी का कहना है कि 85 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के लोगों और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले लोगों के लिए निर्वाचन आयोग की घर से मतदान योजना एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन वह मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालने को ही तरजीह देंगे। शिवदासानी के लिए मतदान नागरिक के नाते एक कर्तव्य से कहीं अधिक है। यह उनके लिए व्यापक समुदाय के साथ जुड़ने का एक अवसर है। वह नियमित चिकित्सकीय जांच कराने या त्योहारों के दौरान ही घर से बाहर जा पाते हैं।


शिवदासानी ने कहा, मतदान केंद्र में जाना उन कुछ अवसरों में से एक है, जब मैं अपने घर के बाहर जाकर अन्य लोगों के साथ बातचीत कर पाता हूं। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए घर से मतदान योजना का अनावरण किया था जिससे 85 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिक और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले लोगों को मदद मिलेगी। शिवदासानी ने अपने आयु वर्ग के कई लोगों की भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, यह एक सराहनीय निर्णय है लेकिन मैं अब भी मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट डालना पसंद करता हूं। उन्होंने कहा, ऐसा हो सकता है घर पर मेरे बच्चे मेरे निर्णय को प्रभावित कर दें लेकिन मतदान केंद्र पर मैं अपनी पसंद के अनुसार वोट देने के लिए आश्वस्त रहता हूं। शिवदासानी की हिचकिचाहट इस पहल के प्रति बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा अपनाए गए सतर्क रुख को दर्शाती है। अलीगढ़ में रहने वाली शबनम बेगम दिव्यांग होने के कारण व्हीलचेयर का सहारा लेती हैं। उन्होंने कहा, मतदान एक अत्यंत व्यक्तिगत विषय है और मैं मतदान केंद्र में जाकर वोट डालने के अनुभव को महत्व देती हूं। (ऐसी योजनाओं के जरिए) अनुचित प्रभाव की भी आशंका है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि अधिकतर दिव्यांग और बुजुर्ग लोग मतदान केंद्र जाकर ही मतदान करना पसंद करेंगे लेकिन उनका यह भी कहना है कि कुछ लोगों को उनकी गंभीर स्थिति के कारण इस सुविधा की आवश्यकता है। दिव्यांगजन अधिकार राष्ट्रीय मंच (एनपीआरडी) के महासचिव मुरलीधरन ने कहा, जागरूकता बढ़ाने के लिए अधिक ठोस प्रयास जरूरी हैं। हालांकि, हर कोई इस योजना के बारे में शिवदासानी की तरह आशंकित नहीं है। नोएडा निवासी 90 वर्षीय फिरोजा जहां पक्षाघात से पीड़ित हैं, जिसके कारण वह तीन दशक से अधिक समय से वोट नहीं डाल सकीं। उन्होंने कहा, जब मैंने योजना के बारे में सुना, तो मैं यह सोचकर बहुत खुश हुई कि मैं भी मतदान कर सकूंगी। हालांकि मुझे प्रक्रिया को समझने में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन मैंने पंजीकरण करा लिया है और (मतदान करने के) अवसर का उत्सुकता से इंतजार कर रही हूं। दिव्यांगजन अधिकार कार्यकर्ता डॉ. सतेंद्र सिंह ने प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि संबंधित बूथ स्तर का अधिकारी उस मतदाता से संपर्क करेगा, जिसने योजना के तहत मतदान के लिए आवेदन किया है। सिंह ने कहा कि दो चुनाव अधिकारियों, एक वीडियोग्राफर और एक सुरक्षाकर्मी की एक टीम एसएमएस के जरिए पूर्व सूचना देकर निर्धारित समय और तारीख पर मतदाता के आवास पर जाएगी। एजवेल फाउंडेशन के संस्थापक-अध्यक्ष हिमांशु राहा ने कहा कि बुजुर्गों की संख्या का पता लगाना एक चुनौती है।

# भाजपा की ओडिशा इकाई के उपाध्यक्ष भृगु बक्शीपात्रा बीजद में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** भुवनेश्वर

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई के उपाध्यक्ष भृगु बक्शीपात्रा पार्टी से इस्तीफा देकर बुधवार को बीजू जनता दल (बीजद) में शामिल हो गए। अटकलें हैं कि बीजद उन्हें बेहरामपुर लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बना सकती है। बक्शीपात्रा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में बेहरामपुर से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा था। बक्शीपात्रा ने बीजद के भुवनेश्वर में स्थित पार्टी मुख्यालय शंख भवन में सदस्यता ग्रहण की। बेहरामपुर से बीजद सांसद चंद्रशेखर साहू ने बक्शीपात्रा का पार्टी में स्वागत किया।

भाजपा द्वारा पार्टी विधायक प्रदीप पाणिग्रही को बेहरामपुर सीट से चुनाव मैदान में उतारे जाने के बाद बक्शीपात्रा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। प्रदीप पाणिग्रही को बीजद ने निष्कासित किया था। इस बीच बीजद ने मौजूदा सांसद साहू को पार्टी उपाध्यक्ष और घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी को अभी समिति के अन्य सदस्यों की घोषणा करना बाकी है, जो राज्य की 147 सदस्ईय विधानसभा और 21 लोकसभा सीट पर एक साथ चुनाव के लिए घोषणापत्र तैयार करेगी।



# विपक्षी दलों में वैचारिक संकट के कारण भाजपा में शामिल हो रहे उनके नेता : मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि विपक्षी नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में इसलिए शामिल हो रहे हैं क्योंकि उनके दलों का नेतृत्व गिरगिट की तरह रंग बदल रहा है और उसे मूल विचारधारा की कोई परवाह नहीं है। मौर्य ने पीटीआई-भाषा से एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं करती और पार्टी में शामिल होने वाले लोग यह बात जानते हैं तथा उन्हें भी हमारी विचारधारा का सख्ती से पालन करना होगा।

भाजपा नेता ने विपक्षी दलों के इन आरोपों को सच्चाई से कोसों दूर बताते हुए खारिज कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उनके नेताओं को डराने एवं धमकाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोग भाजपा में शामिल होने के बाद उसकी वॉशिंग मशीन से बेदाग निकल रहे हैं। मौर्य ने कहा कि घमंडिया गठबंधन बनाने वाले विपक्षी दलों के नेता लोकसभा चुनाव में होने वाली अपनी हार के बाद बचाव के लिए पटकथा तैयार करने की अपनी रणनीति के तहत केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ( इंडिया ) का जिक्र करते हुए यह बात कही। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सहित कुछ विपक्षी दलों ने चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए यह गठबंधन किया है। मौर्य ने कहा, इस तरह की बातों में कोई सच्चाई नहीं है। मोदी सरकार में जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं। विपक्ष ऐसे आरोप लगाता रहता है क्योंकि उसके पास सरकार के खिलाफ उठाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेता केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप इसलिए लगा रहे हैं क्योंकि उनमें से कई भ्रष्टाचार जैसे आरोपों का सामना कर रहे हैं और वे जानते हैं कि वे अंतत: सलाखों के पीछे जाएंगे। मौर्य ने कहा कि चुनाव के दौरान नेता पाला बदल लेते हैं और लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष के कई नेता भाजपा में भी आए हैं। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि इनमें से कुछ लोगों की छवि अच्छी नहीं थी, फिर भी उन्हें भाजपा में शामिल किया गया लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि भाजपा में शामिल होने के बाद वे अपने ऊपर लगे आरोपों से मुक्त हो गए हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य दलों के नेताओं के भाजपा में शामिल होने से पार्टी का माहौल खराब हो सकता है क्योंकि पार्टी की विचारधारा उनकी विचारधारा से नहीं मिलती, मौर्य ने कहा, भाजपा ने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया और न ही करेगी। जो लोग दूसरे दलों से आए हैं उन्हें हमारी विचारधारा का पालन करना होगा। जो लोग हमारी विचारधारा को मानने की स्थिति में नहीं हैं, वे (पार्टी में) नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी विचारधारा पर कायम रही है, लेकिन विपक्षी दलों के नेतृत्व ने गिरगिट की तरह रंग बदल लिए हैं , फिर चाहे वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी हों, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव हों, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी हों या इंडिया गठबंधन के अन्य नेता हों।

मौर्य ने कहा, जब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता में नहीं आए थे, उन्हें (विपक्षी नेताओं को) मंदिरों में जाते नहीं देखा गया। उन्हें आज मंदिरों में जाना पड़ रहा है। यह हमारी विचारधारा की जीत है और उनकी विचारधारा की हार है। उन्होंने कहा, बड़ी संख्या में उन दलों के नेता भाजपा में शामिल हुए हैं, जो हमारी विचारधारा के खिलाफ हैं। मौर्य ने कहा कि उनमें से जिन नेताओं में लोकसभा चुनाव जीतने की क्षमता है, उन्हें भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने टिकट दिया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समीकरणों के लिहाज से आज भाजपा के पास सबसे शानदार गुलदस्ता है। मौर्य ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा अपने दम पर 370 लोकसभा सीट जीतेगी, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सदस्य 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेंगे।

# उप्र : सपा महासचिव शिवपाल के चुनाव लड़ने पर संशय बरकरार

**पायनियर समाचार सेवा।** इटावा



**समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश की बदायूं लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव को कार्यकर्ताओं की ख्वाहिश पर इसी सीट से प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर संशय बरकरार है। शिवपाल से बुधवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में पूछा गया कि क्या बदायूं से वह चुनाव लड़ेंगे या फिर उनके बेटे आदित्य मैदान में उतरेंगे? इस पर उन्होंने कहा, जहां भी हम गए हैं, बैठक की है, सम्मेलन किए हैं तो जनता ने मांग की है कि उन्हें युवा उम्मीदवार चाहिए।

इस सवाल पर कि आदित्य को उम्मीदवार बनाने की बात पर कब तक मोहर लग सकती है, शिवपाल ने कहा, अभी जो समाजवादी पार्टी की सूची जारी हुई है उसमें किसका नाम है? मांग की गई है.... मांग तो कोई भी कर सकता है। सूची तो राष्ट्रीय नेतृत्व ही जारी करेगा। उसने जारी की है। उसमें हमारा नाम है। उन्होंने आदित्य के चुनाव लड़ने की सम्भावनाओं के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा, कुछ रणनीति के हिस्से होते हैं। अब वह रणनीति आपको तो नहीं बताई जाएगी। रणनीति को रणनीति ही रहने दीजिए। हम लड़ेंगे भी, लड़ाएंगे भी। आप चिंता ना करें। बदायूं में सपा कार्यकर्ता सम्मेलन में बदायूँ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाए जाने के लिए आदित्य यादव का नाम प्रस्तावित किया गया है। यह प्रस्ताव अब सपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के पास भेजा जाएगा।

भाजपा के 400 सीटें जीतने के दावे के बारे में शिवपाल ने कहा, पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को हरा रही है। सपा अपनी सीटें जीतेगी। भाजपा सत्ता में नहीं आ पाएगी। पूर्व में सपा के सहयोगी रहे अपना दल (कमेरावादी) द्वारा आल इंडिया मजलिसएइत्तेहादउलमुस्लिमीन के साथ गठबंधन कर सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के जवाब में पिछड़ा, दलित, मुसलमान न्याय मोर्चा बनाए जाने के सवाल पर शिवपाल ने कहा, बाकी सब चीजें अपनी जगह हैं लेकिन यह संदेश नहीं जाना चाहिए कि वह भाजपा की मदद कर रही हैं। अभी जनता में तो यही बात है कि इससे भाजपा की मदद होगी। उन्होंने प्रदेश की कानूनव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा, पुलिस के संरक्षण में हत्याएं हो रही हैं, जेलों में हत्याएं हो रही हैं। भाजपा के राज में कानूनव्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर शिवपाल ने कहा, भाजपा हर जगह विपक्ष के लोगों का उत्पीड़न कर रही है। झूठे मुकदमे लिखलिख कर विपक्ष नेताओं को जेल में डाला जा रहा है और जनता यह सब देख समझ रही है। जब-जब ऐसी घटनाएं हुई हैं, जनता ने ऐसे लोगों को सत्ता से उखाड़ फेंका है।

# मुख्यमंत्री पटनायक के गढ़ हिंजिली से चुनाव लड़ने से नहीं डरता : भाजपा प्रत्याशी शिशिर मिश्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** भुवनेश्वर



**ओडिशा** के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को उनके गढ़ हिंजिली विधानसभा क्षेत्र से चुनौती दे रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी शिशिर मिश्रा का कहना है कि उन्हें बीजू जनता दल (बीजद) प्रमुख से चुनावी भिड़ंत को लेकर किसी प्रकार का कोई भय नहीं है। मिश्रा ने कहा कि पटनायक के खिलाफ उनकी लड़ाई से राज्य के मुख्यमंत्री को यह अहसास होगा कि उन्होंने पिछले 25 वर्षों से अपने ही विधानसभा क्षेत्र को नजरअंदाज किया है। हिंजिली विधानसभा क्षेत्र गंजम जिले का हिस्सा है।

मिश्रा 58 वर्ष की उम्र में राजनीति में कदम रखने के बावजूद हिंजिली से पटनायक के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारे जाने को लेकर खुद को भाग्यशाली मानते हैं। हिंजिली से भाजपा द्वारा उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद मिश्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं भले ही पहली बार चुनाव लड़ रहा हूं, लेकिन मैं पिछले सात वर्षों से स्थानीय प्रशासन के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा हूं। हमने बीजद सरकार को पंचायत और शहरी निकाय चुनाव दोनों में मुंहतोड़ जवाब दिया है। मिश्रा ने हालिया चुनावी प्रदर्शन का हवाला देते हुए जोर देकर कहा कि भाजपा धीरे-धीरे हिंजिली में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि भाजपा ने नगर निगम चुनावों में मजबूती से चुनाव लड़ा और सत्तारूढ़ पार्टी को मिले 6,400 मतों की तुलना में 5,200 वोट हासिल किए थे। इसके अलावा मिश्रा ने जिला परिषद चुनावों में भाजपा के प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन को क्षेत्र में पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण बताया। स्वतंत्रता सेनानी जगन्नाथ मिश्रा के पोते मिश्रा ने कहा कि उनके दिवंगत बड़े भाई शरत मिश्रा भाजपा के एक प्रमुख नेता थे और उन्होंने गंजम जिले में भाजपा के लिए जमीनी आधार बनाने की दिशा में काम किया था। जगन्नाथ मिश्रा ने हिंजिली से सात बार विधायक रहे ब्रुंदाबाना नायक के खिलाफ चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। लगातार पांच बार के मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के सबसे कद्दावर नेता पटनायक के खिलाफ चुनाव लड़ने को लेकर घबराहट के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने कहा, मुझे क्यों घबराना चाहिए? मैं एक स्थानीय नागरिक हूं, हिंजिली में पला-बढ़ा हूं। मुझे कोई डर नहीं है लेकिन इस बात से खुश हूं कि मेरे सवाल पटनायक की आंखें खोल देंगे। उन्हें (पटनायक) पहली बार यह अहसास होगा कि उन्होंने 25 वर्षों से अपने विधानसभा क्षेत्र को नजरअंदाज किया है। उन्होंने कहा, मैं यहीं का रहने वाला हूं और नवीन पटनायक भले ही हिंजिली से पांच बार चुने गए हों, लेकिन (वह) एक बाहरी व्यक्ति हैं। स्थानीय लोग उन्हें हर पांच साल में चुनाव के दौरान एक या दो बार देखते हैं। मैं पूरे 365 दिन लोगों के साथ रहता हूं। मिश्रा ने आरोप लगाया कि पटनायक वर्ष 2000 से लगातार पांच बार हिंजिली से विधानसभा चुनाव जीतते आ रहे हैं, लेकिन लोगों की बुनियादी जरूरतें तक पूरी नहीं हुई हैं।

# लोकसभा : उधमपुर में त्रिकोणीय मुकाबला

**जम्मू।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह उधमपुर सीट से तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं जबकि इस बार कांग्रेस ने चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। वह धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच का सामना कर रहे हैं। डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीपीएपी) की ओर से पूर्व मंत्री जीएम सरूरी को मैदान में उतरने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। हालांकि चुनावी रण में 12 उम्मीदवार हैं, लेकिन असली लड़ाई भाजपा उम्मीदवार और उनके कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी के बीच बताई जा रही है।जितेंद्र सिंह ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भूतपूर्व जम्मू-कश्मीर रियासत के महाराज हरि सिंह के पोते एवं कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 3,53,272 मतों के अंतर से हराकर उधमपुर लोकसभा सीट पर कब्जा बरकरार रखा था। डोगरा स्वाभिमान संगठन के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले लाल सिंह को सिर्फ 19,049 वोट मिले थे। जितेंद्र सिंह ने 2014 के चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद को 60,976 वोट के अंतर से हराया था।

# नेकां ने कश्मीर की तीनों सीट पर उम्मीदवार खड़े करने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा: महबूबा मुफ्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर



**पीपुल्स** डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायन्स ( इंडिया ) की घटक नेशनल कॉन्फ्रेंस ने पीडीपी के पास कश्मीर की सभी तीन लोकसभा सीट पर उम्मीदवार खड़े करने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने हाल में ऐलान किया था कि वह सभी तीनों सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस में हुए सीट बंटवारे के तहत जम्मू की दो सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दीं।

मुफ्ती ने पत्रकारों से कहा, उन्होंने (नेशनल कॉन्फ्रेंस ने) हमारे लिए उम्मीदवार खड़ा करने और चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का संसदीय बोर्ड उम्मीदवारों पर कुछ दिनों में अंतिम फैसला करेगा। मुफ्ती ने कहा कि केंद्र द्वारा अगस्त 2019 में जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द करने के बाद यहां राजनीतिक दलों के लिए एकजुट रहना वक्त की मांग है। उन्होंने कहा, युवा जेलों में हैं, हम अपनी आवाज नहीं उठा सकते, यहां तक कि कर्मचारियों के परिवार वाले भी कुछ नहीं कह सकते। यहां दमन का माहौल है। इसलिए ऐसे माहौल में हमारा एकजुट होना जरूरी है। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व का रवैया निराशाजनक और आहत करने वाला है। उन्होंने कहा, जब मुंबई में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ( इंडिया ) की बैठक हुई, तो मैंने वहां कहा कि चूंकि (नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष) फारूक अब्दुल्ला हमारे वरिष्ठ नेता हैं, इसलिए वह (सीट बंटवारे पर) फैसला करेंगे और इंसाफ करेंगे। मुझे उम्मीद थी कि वह पार्टी हितों को एक तरफ रख देंगे। उन्होंने कहा, लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कश्मीर में सभी तीन सीट पर चुनाव लड़ने का एकतरफा फैसला लिया।

मुफ्ती ने कहा कि अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने उनसे संपर्क किया होता और फैसले का ऐलान करने से पहले पीडीपी से सलाह-मशविरा किया होता, तो उनकी पार्टी कश्मीर के व्यापक हित में उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला कर सकती थी। उन्होंने कहा, लेकिन, जिस तरह (नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष) उमर (अब्दुल्ला) ने हमें भरोसे में लिए बिना फैसले का ऐलान किया और यह कहा कि पीडीपी के पास कोई कार्यकर्ता या समर्थन नहीं है, इसलिए उन्हें एक भी सीट नहीं मिलेगी, इससे मेरे कार्यकर्ताओं को ठेस पहुंची और उनका दिल टूट गया। वह उमर अब्दुल्ला की आठ मार्च की प्रेस वार्ता का जिक्र कर रही थीं, जिसमें उन्होंने घोषणा की थी कि नेशनल कॉन्फ्रेंस घाटी में सभी तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी और अपनी सहयोगी पीडीपी के लिए कोई भी सीट नहीं छोड़ेगी। पीडीपी प्रमुख ने कहा, उमर ने जिस तरह से बात की, वह बेहद निराशाजनक था, वह मेरा नहीं बल्कि मेरे कार्यकर्ताओं का अपमान था। तो, मैं अपने कार्यकर्ताओं से नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन करने के लिए कैसे कह सकती हूं? उन्होंने कहा, ए सबकुछ आसान नहीं है। हम उम्मीदवार खड़ा करेंगे और इसे लोगों पर छोड़ देंगे। लोग यह फैसला करेंगे कि वे संसद में किसकी आवाज़ें चाहते हैं।

# असम गण परिषद ने अपनी क्षेत्रीय, सांप्रदायिक छवि बरकरार रखी : पार्टी प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी



**असम** में कई वर्षों तक सत्ता में रहने वाली असम गण परिषद (एजीपी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ वर्षों तक गठबंधन में रहने के बावजूद अपनी क्षेत्रीय व सांप्रदायिक छवि बरकरार रखी है। पार्टी के अध्यक्ष और राज्य सरकार में मंत्री अतुल बोरा ने यह जानकारी दी। एजीपी फिलहाल राज्य में भाजपा नीत गठबंधन सरकार का हिस्सा है। बोरा ने यह भी दावा किया कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के कारण आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने पार्टी के दो सीटों पर जीत हासिल करने का विश्वास जताया। एजीपी गठबंधन के तहत दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

बोरा ने यह भी कहा कि विकास, सत्तारूढ़ गठबंधन की जीत की कुंजी है और अलग-थलग पड़ा विपक्ष भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को असम में चुनावी लड़ाई जीतने में मदद करेगा। बोरा ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा, वर्ष 1996 में जब एजीपी राज्य की सत्ता पर काबिज थी तब हमारी भाजपा से नजदीकियां बढ़ी थीं और तब से ही हम साथ में काम कर रहे हैं। भाजपा हमारी पुरानी सहयोगी है और हम बेहद दोस्ताना तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। हम खुश हैं। अवैध प्रवासियों के खिलाफ छह वर्षों तक चले आंदोलन के बाद एजीपी का गठन हुआ था। यह आंदोलन, अगस्त 1985 में असम समझौते पर हस्ताक्षर के साथ समाप्त हुआ था। राज्य के कृषि मंत्री ने कहा कि परिसीमन के बाद बदली हुई जनसांख्यिकी एजीपी को दोनों लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने में मदद करेगी। एजीपी, धुबरी और बारपेटा लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि भाजपा 11 सीटों पर और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) एक सीट पर अपना उम्मीदवार उतार रही है। असम में लोकसभा की 14 सीट हैं। एजीपी ने राज्य में अपनी पहली सरकार वर्ष 1985 में बनाई थी और 1996 में दूसरे दलों की मदद से वापस सत्ता पाई। एजीपी 2001 से 2016 तक विपक्ष में रही लेकिन भाजपा और अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन के रूप में आखिरकार उसे फिर से सत्ता की चाबी हाथ लगी।

एजीपी और भाजपा 2001 से कई विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ चुकी हैं लेकिन 2016 विधानसभा चुनावों के बाद से इस गठबंधन ने सही आकार पाया है। बोरा ने कहा कि एजीपी ने अपनी क्षेत्रीय छवि को बरकरार रखा है लेकिन उसका दृष्टिकोण राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र के समर्थन के बिना कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियां संभव नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय असम समझौते की धाराओं को लागू करने के लिए नोडल एजेंसी है। बोरा ने राज्य में क्षेत्रवाद को प्रासंगिक करार देते हुए कहा, हमारे राज्य में सभी तरह की जातियां, समुदाय और धर्म के साथ-साथ सभी वर्गों के लोग हैं। एजीपी एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है, हम धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करते हैं। एजीपी की छत्रछाया में सभी लोग खुशहाल महसूस करते हैं। बोरा ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह एक विचाराधीन मामला है। असम में तीन चरणों में 16, 19 अप्रैल और सात मई को लोकसभा चुनाव होंगे। असम की 14 लोकसभा सीट पर मौजूदा समय में भाजपा के नौ, कांग्रेस के तीन, एआईयूडीएफ का एक और एक निर्दलीय सदस्य का कब्जा है।

# केरल : यूडीएफ उम्मीदवार ने पहले नामांकन दाखिल करने के लिए किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** कासरगोड

**संयुक्त** लोकतंत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के उम्मीदवार और मौजूदा सांसद राजमोहन उन्नीथन ने केरल के कासरगोड में जिला कलेक्टरेट में यह आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों के नामांकन दााखिल करने के लिए पहले टोकन नहीं मिला। उन्होंने कहा कि वे ज्योतिष में विश्वास रखते हैं और सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच शुभ समय पर नामांकन दाखिल करना चाहते थे। उन्नीथन ने आरोप लगाया कि वह कलेक्टर के निर्देशानुसार सुबह ठीक नौ बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन पहला टोकन प्रतिद्वंद्वी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) उम्मीदवार एम वी बालाकृष्णन को दिया गया। जिला प्राधिकरण के सूत्रों ने कहा कि बालाकृष्णन का प्रतिनिधि पहले आया था, इसलिए पहला टोकन उन्हें दिया गया। राजमोहन उन्नीथन ने संवादाताओं से कहा, मैं ज्योतिषशास्त्र में दृढ़ विश्वास रखता हूं। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार नामांकन दाखिल करने का शुभ समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच है। कलेक्टर ने मुझे सुबह नौ बजे तक आने के लिए कहा और मैं समय पर यहां आया था। उन्हें संदेह था कि निर्धारित समय पर पर्चा दाखिल करने की उनकी योजना को विफल करने के लिए कुछ प्रयास किए गए थे और वह यह देखने के लिए सीसीटीवी दृश्यों की जांच करना चाहते थे कि प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार के दावे सही थे या नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवम मावी चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर

**लखनऊ।** लखनऊसुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी पसली की चोट से उबरने में नाकाम रहे और इस कारण वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में नहीं खेल पाएंगे। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच पिछले साल अगस्त में खेला था। वह उत्तर प्रदेश की तरफ से घरेलू सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के सत्र से पहले लगाए गए अभ्यास शिविर में शामिल हुए थे। मावी पिछले साल अगस्त में चोटिल हो गए थे। लखनऊकी फ्रेंचाइजी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, यह प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज नीलामी के बाद हमसे जुड़ गया था। वह इस सत्र के लिए हमारी टीम का अहम हिस्सा था, इसलिए हम और शिवम दोनों निराश हैं कि उनका सत्र इतनी जल्दी खत्म हो गया। भारत की तरफ से 6 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले मावी 2023 में गुजरात टाइटंस की तरफ से एक भी मैच में नहीं खेल पाए थे। लखनऊ ने पिछली नीलामी में उन्हें 6.4 करोड़ रुपए में खरीदा था।

### बांग्लादेश में टी-20 श्रृंखला खेलेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम 28 अप्रैल से नौ मई तक बांग्लादेश के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए इस देश का दौरा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा साझा किए गए यात्रा कार्यक्रम के अनुसार भारत 23 अप्रैल को बांग्लादेश पहुंचेगा और 10 मई को स्वदेश के लिए रवाना होगा। श्रृंखला का पहला मैच दिन-रात का होगा और 28 अप्रैल को खेला जाएगा। अन्य मुकाबले बाद 30 अप्रैल (दिन-रात्रि), दो मई, छह मई और नौ मई (दिन-रात्रि) को खेले जाएंगे। सभी मैच सिलहट में खेले जाएंगे।

### रोनाल्डो की सऊदी में एक और हैट्रिक, आभा की करारी शिकस्त

**आभा (सऊदी अरब)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में अपनी दूसरी हैट्रिक लगाई जिसकी मदद से अल नासर ने सऊदी प्रो लीग में आभा को 8-0 से करारी शिकस्त दी। रोनाल्डो ने पहले हाफ में तीन गोल किए और दो गोल करने में मदद की। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत सऊदी अरब में नौ बार के चैंपियन अल नासर ने बड़ी जीत हासिल की। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी की लीग के वर्तमान सत्र में यह तीसरी हैट्रिक है।

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती

## डेथ ओवरों में गेंदबाजी पंजाब के लिए अभी भी चिंता का विषय

**एजेंसी।** अहमदाबाद

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है।दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है।



अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है।

पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में।

दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं। राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं और वह तो अपने कोटे के ओवर भी पूरे नहीं कर पाए।

भारत के डेथ ओवरों के यॉर्कर विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसने पंजाब की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। टाइटंस ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी योजनाओं को काफी अच्छी तरह से क्रियांवित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बल्लेबाज अब तक एकजुट प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

### दोनों टीम के खिलाड़ी

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, विलियमसन, अभिनव मंधार, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह, शाहरुख खान, जयंत यादव, तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद, जोशुआ लिटिल, मोहित और मानव सुथार।

**पंजाब किंग्स:** धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत, विद्वथ, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ, शशांक , तनय, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

मैच: शाम 7.30 से

### सीनियर खिलाड़ियों के कारण खिताब नहीं जीत पाया आरसीबी



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडु का मानना है कि सीनियर खिलाड़ियों की दबाव की परिस्थितियों में असफलता के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अभी तक आईपीएल का खिताब नहीं जीत पाया है। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स की चैंपियन टीमों का हिस्सा रहे रायुडु ने किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया लेकिन संभवत: उनका इशारा वर्तमान टीम में शामिल तीन सीनियर खिलाड़ियों विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डुप्लेसी की तरफ था। आरसीबी ने अब तक चार मैच खेले हैं जिनमें से तीन मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। कोहली ने अभी तक इस सत्र में 203 रन बनाए हैं, लेकिन डुप्लेसी 65 और मैक्सवेल 31 रन ही बना पाए हैं। रायुडु ने कहा, आरसीबी के गेंदबाज हमेशा अधिक रन लुटाते रहे हैं और उसके बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा, दबाव की परिस्थितियों में कौन बल्लेबाजी कर रहा होता है। भारत के युवा बल्लेबाज और दिनेश कार्तिक। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े नाम रखने वाले खिलाड़ियों को दबाव झेलना चाहिए था लेकिन तब वे कहां होते हैं। वे सभी तब ड्रेसिंग रूम में विराजमान होते हैं।

# नरेन-रघुवंशी के तूफानी अर्धशतक दिल्ली को 273 रन की चुनौती

## केकेआर के बल्लेबाजों ने डीसी के गेंदबाजों को बुरी तरह धोया

**एजेंसी।** विशाखापत्तनम

**कोलकाता** नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यहां खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 272 का विशोर स्कोर खड़ा किया। केकेआर की ओर से सुनील नरेन और अंगकृष रघुवंशी ने तूफानी अर्धशतक जड़े।डीसी के लिए एनरिक नॉर्तजे ने तीन, इंशात शमर्ह्मा ने दो और खलील अहमद ने एक विकेट हासिल किया। 272 का टोटल आईपीएल में दूसरा सबसे बड़ा टोटल है। आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी इसी सीजन बना था। सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ (27 मार्च) 277 रन बनाए थे। वहीं, ओवरऑल टी20 का यह आठवां सबसे बड़ा टोटल है।

केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सुनील नरेन और फिल साल्ट ने कोलकाता को धामकेदार शुरुआत दी। साल्ट ने 12 गेंद एनरिक नॉर्तजे ने 60 के कुल स्कोर पर फिल साल्ट को आउट कर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अंगकृष रघुवंशी अपने साथ तूफान लेकर आए। रघुवंशी ने नरेन के साथ मिलकर दिल्ली के गेंदबाजों का कत्लेआम मचा दिया। इस बीच दोनों बल्लेबाजों ने 104 रन की साझेदारी की। नॉर्तजे ने 164 रन के स्कोर पर नरेन को चलता कर दिल्ली के कप्तान पंत को राहत दिलाई। नरेन ने 39 गेंद पर 85 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 7 चौके और इतने ही सिक्स निकले। रघुवंशी ने भी 27 गेंदों पर 54 रन की पारी खेलकर प्लेंइग इलेवन अपनी वापसी का जश्न मनाया। रघुवंशी ने पांच चौके और तीन छक्के उड़ाए। इसके बाद ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने 19 गेंद में 41 रन की पारी खेलकर दिल्ली की कमर तोड़ दी। अनुवभी गेंदबाज इशांत शर्मा ने रसेल को बोल्ड कर उनकी पारी का अंत किया। इसके बाद युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह ने अपनी बल्लेबाजी कौशल का नजारा पेश किया। रिकूं ने मात्र आठ गेंद पर 26 रन की पारी खेल दी।



# हमवतन मालविका को हराकर अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के अंतिम-16 में

## 59 मिनट तक चले मुकाबले में हासिल की विजय

### मिश्रित युगल में भारत के अभ्युदय और वैष्णवी की जोड़ी ने दर्ज की जीत

**एजेंसी।** अस्ताना

**भारत** की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर की खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अजाहरा से भिड़ेंगी।

अनमोल को इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में कजाकिस्तान की कामिला स्मगुलोवा से वॉकओवर मिला और फिर उन्होंने मलेशिया की कैसी रिन रोमपोग को 21-91, 21-9 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की।महिला एकल में प्री क्वार्टर फाइनल मैचों में अनुपमा उपाध्याय ने क्वालीफायर हर्षिता राउत को 21-13, 21-13 से, तान्या हेमंत ने क्वालीफायर ऐशानी तिवारी को 21-19, 21-10 से और केयूरा मोपति ने मैक्सिको की वेनेसा मैरिसेला गार्सिया को 21-18, 21-13 से हराया। क्वालीफायर अनेरी कोटक को पोलैंड की विक्टोरिया डाबजस्किा से वॉकओवर मिला।


मिश्रित युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में भारत के धनराज श्रीवत्स और मनीषा के ने मखसुत ताजिबुल्लाएव और रोमुआल्डा बतिरोवा की कजाकिस्तान की जोड़ी को 21-5, 21-12 से, जबकि रोहन कपूर और रुथविका शिवानी की भारतीय जोड़ी ने उज्बेकिस्तान के बिलोलिद्दीन कुचकारबोव और डायना गारमोवा को 21-16, 21-11 से हराया। मिश्रित युगल में ही भारत के अभ्युदय चौधरी और वैष्णवी खडकेकर की जोड़ी ने कजाकिस्तान के अर्नूर तापिशेव और अलीसा कुलेशोवा को 21-5, 21-9 से, जबकि आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वैन ने कजाकिस्तान के ओताबेक कामिलोव और अमालिया ओरमनोवा को 21-11, 21-11 से पराजित किया।

# पाक के खिलाफ न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे ब्रेसवेल

**एजेंसी।** ऑकलैंड

**न्यूजीलैंड** ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के आईपीएल में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी-20 श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है।

न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया। चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे। उन्होंने दो साल पहले ही अपना पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उन्होंने इस प्रारूप में अभी तक केवल 16 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड की टीम में पिछले साल टी-20 विश्व कप में खेलने वाले सात खिलाड़ी शामिल हैं।



### न्यूजीलैंड टीम

माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, बेन लिस्टर, कोल मैककोंची, एडम मिल्ने, जिमी नीशम, विल ओरूर्के, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट , ईश सोढ़ी।

# श्रीलंका ने दूसरा टेस्ट जीतकर क्लीन स्वीप किया

## 511 रन के लक्ष्य के जवाब में बांग्लादेश 318 रन पर ऑल आउट

**एजेंसी।** चट्टोग्राम

**तेज** गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिए जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया।

श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। श्रीलंका ने इससे पहले टी-20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे श्रृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे।

उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए। उसकी इस पारी में छह बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए। इस तरह से किसी भी बल्लेबाज के शतक लगाए बिना सर्वोच्च स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम दर्ज हो गया। श्रीलंका ने बांग्लादेश को 178 रन पर आउट करके 353 रन की बढ़त हासिल की लेकिन उसने फॉलोआन नहीं दिया। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 157 रन पर समाप्त घोषित की थी।



# 'हार्दिक को कप्तानी सौंपते समय स्पष्ट संवाद होना चाहिए था'

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अगर हार्दिक पंड्या को कप्तान नियुक्त करते समय मुंबई इंडियंस ने संवाद में स्पष्टता दिखाई होती तो इस ऑलराउंडर के प्रति प्रशंसकों की कड़ी प्रतिक्रिया से बचा जा सकता था।

शास्त्री ने इसके साथ ही हार्दिक को शांत बने रहने और अपने प्रदर्शन से जवाब देने की सलाह भी दी। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, यह भारतीय क्रिकेट टीम नहीं है जो खेल रही है। यह फ्रेंचाइजी क्रिकेट है। उन्होंने मोटी धनराशि खर्च की है। वह मालिक हैं और कप्तान नियुक्त करना उनका अधिकार है। मेरा मानना है कि इस मामले को संवाद में स्पष्टता के साथ बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था।



शास्त्री ने कहा, अगर आप चाहते थे की हार्दिक पंड्या कप्तान बने तो यह कह सकते थे कि हम भविष्य को ध्यान में रखकर ऐसा कर रहे हैं। रोहित शर्मा ने बेहतरीन भूमिका निभाई है और हम सभी इस बात को जानते हैं। हम चाहते हैं कि टीम को आगे बढ़ाने के लिए वह अगले तीन वर्ष तक हार्दिक की मदद करें। मुंबई इंडियंस ने वर्तमान सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को कप्तान नियुक्त किया था।

# मयंक की गति और सटीक गेंदबाजी से काफी प्रभावित हैं रबादा

## इस नए तेज गेंदबाज में टीम इंडिया का भविष्य देख रहे दिग्गज गेंदबाज

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मयंक** यादव की तेज गति और सटीक गेंदबाजी से बेहद प्रभावित दक्षिण अफ्रीका और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा इस तेज गेंदबाजी सनसनी को टी-20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में संभावित चयन के रूप में देखते हैं।

दिल्ली का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हर मैच में गति के नए कीर्तिमान बना रहा है और मंगलवार की रात उसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपने पहले सत्र में लगातार दूसरी बार मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता जिससे लखनऊसुपर जाइंट्स को शानदार जीत मिली। रबादा की टीम पंजाब किंग्स को पिछले हफ्ते मयंक की शॉर्ट-पिच गेंदों की बौछार का सामना करना पड़ा था जब पदार्पण करने वाले इस खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए थे। खेल के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से रबादा की सटीक गेंदबाजी पर बात की।

रबादा ने एक साक्षात्कार में कहा, उसके पास कुछ ऐसा है जिसे आप खरीद नहीं सकते और वह है उसकी गति। वह इसका फायदा उठा रहा है और काफी अच्छी तरह ऐसा कर रहा है। उन्होंने कहा, वह जिस लेंथ से गेंदबाजी करता है, उसकी योजना स्पष्ट है और अब बल्लेबाजों को इसका पता चल जाएगा कि वह क्या कर सकता है लेकिन यह स्पष्ट है कि उनके पास जबरदस्त गति है और ऐसा लगता है कि वह नियंत्रित कर सकते हैं कि वह कहां गेंदबाजी करना चाहता है। रबादा ने कहा, उसके पास गति और नियंत्रण है और वह अपनी भूमिका को समझता है। इसलिए जब आपके पास स्पष्टता है तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह इस तरह का प्रदर्शन कर रहा है। मयंक ने आईपीएल में केवल दो मैच खेले हैं लेकिन अमेरिका और कैरेबिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में उनके संभावित चयन को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है और रबादा को भी लगता है कि उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



आईपीएल 2024 काफी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि यह जून में टी-20 विश्व कप से पहले होगा जहां रबादा दक्षिण अफ्रीका को पहला आईसीसी खिताब दिलाने की कोशिश करेंगे। लेकिन इससे पहले वह इस सत्र में पंजाब किंग्स के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य प्रत्एक मैच खेलना है और इस आईपीएल में प्रत्एक मैच के लिए खुद को उपलब्ध रखना है। बाकी कोच और प्रबंधन पर निर्भर है। रबादा ने कहा, अगर विश्व कप के लिए चुना जाता हूं तो मैं इसमें शामिल होना पसंद करूंगा। आईपीएल निश्चित रूप से यह देखने के लिए एक परीक्षा होगी कि आप कहां हैं और यह देखेंगे कि आप कहां थोड़ा बेहतर हो सकते हैं और बेहतर कर सकते हैं।

# इशांत भाई ने अतिरिक्त कौशल के लिए गति से समझौता नहीं करने को कहा : मयंक

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**प्रतिभाशाली** तेज गेंदबाजों को अक्सर अपनी गेंदबाजी में विविधता जोड़ने के लिए गति कम करने की सलाह दी जाती है लेकिन अपनी तूफानी गेंदबाजी के कारण चर्चा में चल रहे मयंक यादव को दिल्ली के उनके सीनियर साथी इशांत शर्मा ने अतिरिक्त कौशल जोड़ने के लिए गति से समझौता नहीं करने की सलाह दी है।

मयंक ने रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की जो आईपीएल के वर्तमान सत्र में सबसे तेज गेंद है। मयंक ने इसके बाद भारत की तरफ से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने वाले इशांत और एक अन्य तेज गेंदबाज नवदीप सैनी से मिली सलाह के बारे में जिक्र किया।

उन्होंने कहा, दिल्ली में मैंने जितने भी गेंदबाजों से बात की उनमें इशांत भाई और सैनी भाई ने मुझसे कहा कि कि अगर मैं कुछ नया जोड़ना चाहूं, तब भी इसी गति से गेंदबाजी करना। मयंक ने कहा, अगर मैं अपनी गेंदबाजी में नया कौशल जोड़ना चाहता हूं तो इसे अपनी गति को बरकरार रखते हुए ही जोड़ना चाहिए। मुझे किसी तरह का ऐसा कौशल नहीं चाहिए जिसमें मुझे अपनी गति से समझौता करना पड़े। आरसीबी के खिलाफ चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लेने वाले मयंक ने कहा कि उनका ध्यान हमेशा विकेट हासिल करने पर लगा रहता है।



उन्होंने कहा, मेरा ध्यान गति पर उतना नहीं होता है जितना विकेट लेने और विकेट लेकर टीम के लिए योगदान देने पर रहता है। हालांकि गेंदबाजी करते समय मेरे दिमाग में यह बात रहती है कि जब भी मैं गेंद करूं तो उसकी गति अच्छी होनी चाहिए। मैं हमेशा लोगों से जरूर पूछता हूं कि मैच में सबसे तेज गेंद की गति कितनी थी।